दैनिक

कीर्तिप्रभा

खबरों के सच का निर्भीक आइना

■ रीवा ■ भोपाल से एक साथ

वर्ष : 27, अंक : 254 पृष्ठ 12, रीवा

सोमवार 02 जून 2025

मूल्य : 3.00 रुपए

एनआईए ने राजस्थान समेत 8 राज्यों में मारे छापे

-सीआरपीएफ एएसआई मोतीराम जाट मामले में छापेमारी

-पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी पीआईओस से कनेक्शन, अहम दस्तावेज जब्त

जयपुर,(ईएमएस)। पाकिस्तान से जुड़े जासूसी मामले में एनआईए ने बड़ा एक्शन लिया है। एनआईए ने देश के आठ राज्यों में फैले 15 ठिकानों पर एक साथ छापे मारे। ये छापेमारी दिल्ली, मुंबई, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़, असम और पश्चिम बंगाल में की गई, जिन लोगों के यहां छापे मारे गए उनका संबंध पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी पाक इंटेलिजेंस ऑपरेटिव्स (पीआईओस) से बताया जा रहा है। सीआरपीएफ के एएसआई मोतीराम जाट जिसे हाल में एनआईए ने गिरफ्तार किया था जासूसी मामले में उसी मामले में छापा मारा है। मोतीराम जाट को 20 मई को एनआईए ने गिरफ्तार किया था। मोतीराम जाट पहलगाम हमले से पहले वहीं पोस्टेड था। हमले से पांच दिन पहले एएसआई मोतीराम जाट का पहलगाम से ट्रांसफर किया गया था। मोतीराम की पहलगाम हमले में भूमिका का अभी पता नहीं चल सका है। एनआईए के डीजी ने बताया है कि अभी तक की जांच में इसका पहलगाम हमले से कोई कनेक्शन सामने नहीं आया है।

छापेमारी में एनआईए की टीमों ने कई इलेक्ट्रॉनिक डिवाइसेज़, संदिग्ध दस्तावेज़ और कुछ अहम फाइनेंशियल कागजात बरामद किए हैं। ये सब जांच के लिए एनालाइज किए जा रहे हैं, ताकि इस पूरे जासूसी नेटवर्क का पता लगाया जा सके। एनआईए की जांच में सामने आया है कि जिन लोगों के यहां छापे मारे गए हैं, उनका सीधा कनेक्शन पाकिस्तान में बैठे ऑपरेटिव्स से था। ये लोग जासूसी के लिए फाइनेंशियल चैनल के तौर पर काम कर रहे थे।

इस मामले में एनआईए ने 20 मई को मामला दर्ज किया था। इससे पहले एक आरोपी को गिरफ्तार भी किया था जो 2023 से पाकिस्तान को संवेदनशील जानकारी भेज रहा था। इसके बदले उसे भारत में कई सोर्सेस से पैसे मिल रहा था। अब इस मामले में एनआईए ने और कड़ियां जोड़ते हुए ये छापेमारी की। मामले में कई धाराओं के तहत जांच चल रही है। मीडिया रिपोर्ट में एनआईए सूत्रों के मुताबिक जासूसी के शक में राजस्थान के तीन जगहों पर छापेमारी की गई है। हालांकि, ये साफ नहीं है कि टीमें किन शहरों

कर्नाटक में हुक्का बार पर प्र ?तिबंध और तंबाकू पर सख्त नियम लागू

कर्नाटक सरकार की युवाओं को नशे से दूर रखने की बड़ी पहल

बेंगलुरू कर्नाटक सरकार ने युवाओं को तंबाकू और नशे की आदतों से दूर रखने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। राज्य में हुक्का बारों को पूरी तरह से प्रतिबंधित कर दिया गया है और 21 साल से कम उम्र के व्यक्तियों को तंबाकू उत्पादों की बिक्री करना अब अवैध घोषित किया गया है। यह नया कानून सिगरेट और अन्य तंबाकू उत्पाद अधिनियम 2024 में पारित किया गया है और राष्ट्रपति की मंजूरी के बाद प्रभावी हो गया है। इस नये कानून के अनुसार हुक्का सेवन केंद्रों को बंद करने का निर्देश दिया गया है। कोई भी बार, कैफे, पब या रेस्टोरेंट अब हुक्का सर्व नहीं कर पाएगा, और हुक्का बार चलाने वालों को अब एक से तीन साल की जेल और 50,000 से 1 लाख रुपए तक का जुर्माना भुगतना पड़ सकता है। इसके अलावा, किसी भी स्कूल, कॉलेज या अन्य शैक्षणिक संस्थान के 100 मीटर के दायरे में तंबाकू उत्पादों की बिक्री पूरी तरह से बैन कर दी गई है। साथ ही, तंबाकू उत्पादों की बिक्री की न्यूनतम आयु सीमा को 21 वर्ष कर दिया गया है। सरकार का कहना है कि इन निर्वाचनों का उद्देश्य युवा पीढ़ियों को तंबाकू और नशे की लत से बचाना और सार्वजनिक स्थानों को स्वस्थ और सुरक्षित बनाना है। स्कूलों और कॉलेजों में भी तंबाकू के संबंधित उत्पादों के विपरीत नापसंदीकरण के लिए कठोर कार्रवाई की जा रही है।

सिक्किम में लगातार बारिश और भूस्खलन से रास्ते बंद करीब 1,500 पर्यटक फंसे

मंगन, सिक्किम में लगातार बारिश और भूस्खलन के कारण मुख्य मार्ग के बाधित होने से उत्तर सिक्किम के विभिन्न हिस्सों में करीब 1,500 पर्यटक फंस गए। अधिकारियों ने इसकी जानकारी दी।

अधिकारियों ने बताया कि दूसरी ओर भारी बारिश के कारण लापता आठ पर्यटकों की तलाश में बाधा आई और तीस्ता नदी में जलस्तर बढ़ने के बाद अंततः तलाशी अभियान रोकना पड़ा है। मंगन जिले में तीस्ता नदी में एक वाहन के गिर जाने से एक व्यक्ति की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए, जबकि आठ अन्य लापता हैं।

भारतीय तटरक्षक बल ने अस्वस्थ कैप्टन को सुरक्षित रूप से निकाला

नई दिल्ली भारतीय तटरक्षक बल ने मध्य रात्रि में मानवीय सहायता प्रदान करते हुए समुद्र में बहामास के ध्वज वाले एक जहाज से अस्वस्थ कैप्टन को सुरक्षित रूप से निकाला।

भारतीय तटरक्षक बल (आईसीजी) ने पोस्ट में कुछ तस्वीरें साझा कर यह जानकारी दी। इसमें बताया गया कि आधी रात को बचाव अभियान में भारतीय तटरक्षक बल स्टेशन (काकीनाडा) ने एक जीवन रक्षक चिकित्सा निकासी अभियान का समन्वय किया। आईसीजीएस 430 ने 1 बजकर 10 मिनट पर बहामास के ध्वज वाले जहाज से अस्वस्थ कैप्टन को सुरक्षित रूप से निकाला, जिन्हें दिल का दौरा पड़ा था।

इंदौर में प्री-मानसून से पूरा हो गया जून बारिश का कोटा

इंदौर इंदौर में 8 इंच से ज्यादा बारिश मई में हुई है और जून की औसत बारिश 6 इंच है। यानी जून महीने का कोटा प्री-मानसून में ही पूरा हो चुका है। अब जून में होने वाली बारिश सरप्लस होगी। बहरहाल इंदौर में 15 जून से मानसूनी गतिविधियां शुरू होने का अनुमान है। बारिश की आमद वाला जून 1980 में सबसे लबालब रहा। तब पूरे माह में 17 इंच से ज्यादा बारिश हुई थी। इंदौर में इस बार मई के आखिरी दो दिनों में दिन का तापमान 34 डिग्री और रात का तापमान 23-24 डिग्री सेल्सियस रहा, जबकि बारिश नहीं हुई है।

पूर्व युवा कल्याण अधिकारी का शव कूड़े के ढेर में मिला

जौनपुर जौनपुर जिले के लाइन बाजार क्षेत्र में सुबह एक पूर्व युवा कल्याण अधिकारी का शव कूड़े के ढेर में मिला। पुलिस ने बताया कि वाजिदपुर तिराहे के पास सुबह कूड़े के ढेर में पूर्व युवा कल्याण अधिकारी रामकृपाल यादव का शव मिला। कुमार के अनुसार, 61 वर्षीय यादव मूल रूप से जिले खुटहन के मैरवां गांव के रहने वाले थे और वर्तमान में शहर के पालीटेक्निक चौराहे के पास सुंदर नगर कॉलोनी में परिवार के साथ रहते थे। शव पर पीठ और शरीर के अन्य हिस्सों में चोट के निशान मिले हैं। मामले की गंभीरता को देखकर उच्चाधिकारी भी मौके पर पहुंचे।

यूपी के नए डीजीपी बने राजीव कृष्ण

लखनऊ (ईएमएस)। भारतीय पुलिस सेवा के वरिष्ठ अधिकारी राजीव कृष्ण ने उत्तर प्रदेश के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) का कार्यभार संभाला।

पूर्वोत्तर में भारी बारिश ने मचाई तबाही, 24 घंटे कम से कम 32 लोगों की मौत

नई दिल्ली पूर्वोत्तर के राज्यों में भारी बारिश ने भीषण तबाही मचाई है। पिछले 24 घंटे में बारिश संबंधी घटनाओं में कम से कम 32 लोगों की जान जाने की खबर है। मौसम विभाग के मुताबिक अगले 24 घंटे में बारिश की तीव्रता में कमी आ सकती है। हालांकि बारिश से पूरी तरह निजात नहीं मिलने वाली है। मौसम विभाग के मुताबिक पूर्वोत्तर में अगले दो दिनों तक बारिश जारी रहने का अनुमान है। उप हिमालयी पश्चिम बंगाल और सिक्किम में मूसलाधार बारिश जारी रहने की संभावना है।उत्तरी बंगाल और मेघालय पर बने कम दबाव के क्षेत्र की वजह से असम, मिजोरम, मेघालय,नगालैंड, अरुणाचल प्रदेश और पश्चिम बंगाल में भारी बारिश हो रही है। बाढ़, भूस्खलन और

मकानों-होटलों के ढहने की वजह से कई लोग मारे गए हैं और कई अब भी लापता हैं।

मेघालय में 7 की मौत

मेघालय में तीन बच्चों समेत कम से कम सात लोगों की मौत हो गई है। चेरापुंजी और मॉसिनराम में एक दिन में ही 47 सेंटीमीटर बारिश दर्ज की गई। नगालैंड के चूमौकेदिमा में सड़क पर चट्टान गिरने की वजह से एक शख्स की मौत हो गई। मिजोरम में घर और होटल ढहने की वजह से कम से कम 6 लोगों के मारे जाने की खबर है। इसमें म्यांमार के भी तीन नागरिक शामिल हैं। वे जिस होटल में ठहरे थे वह बारिश की वजह से ढह गया। मणिपुर में आइरिल और नांबुल नदियां खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं।

कार में बह गए दो परिवार

अरुणाचल प्रदेश में पानी के तेज बहाव की वजह से हाइवे से ही एक कार बह गई जिसमें कम से कम 7 लोगों की मौत हो गई। ईस्ट कामेंग जिले में एनएच-13 पर पानी के तेज बहाव की वजह से कार बह गई। वहीं सुबानसिरी जिले में दो मजदूर भूस्खलन के चपेट में आ गए। मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने मृतकों के परिवार के लिए चार लाख रुपये मदद राशि का ऐलान किया है।

असम में कम से कम 9 की मौत

असम में भारी बारिश की वजह से कम से कम 9 लोगों की जान चली गई। लखीमपुर जिले में रंगानदी डैम से ज्यादा पानी छोड़े जाने की

पाकिस्तान का आरोप, लाखों लोगों को प्यासा मार देगा भारत, भारत ने कहा आंतकवाद बंद करो

नई दिल्ली। भारत ने फिर दो टूक कहा है कि पाकिस्तान ने सीमा पार आतंकवाद फैलाकर सिंधु जल समझौते (आईडब्ल्यूटी) का उल्लंघन किया है। ताजिकिस्तान में हुई बैठक में भारत ने पाकिस्तान पर यह आरोप लगाया है। पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन राज्य मंत्री और विदेश राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह ने दुशांबे में ग्लेशियरों को लेकर आयोजित बैठक में यह कहा।

कीर्ति वर्धन सिंह ने ये तब कहा, जब पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने भारत पर पानी को हथियार बनाने का आरोप लगाया था। पाकिस्तान के पीएम शरीफ ने यह आरोप यूएन के एक मंच पर लगाया था। शरीफ ने कहा था कि उनका देश भारत को आईडब्ल्यूटी को रोकने की इजाजत नहीं देगा। उन्होंने आरोप लगाया कि भारत लाखों लोगों की जान खतरे में डाल रहा है। राज्य मंत्री सिंह ने पाकिस्तान की इस हरकत की कड़ी निंदा की। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान इस मंच का गलत इस्तेमाल कर रहा है। उन्होंने कहा कि सिंधु जल समझौते की शुरुआत में ही लिखा है कि यह समझौता अच्छे इरादे और दोस्ती के साथ किया गया है। उन्होंने कहा कि समझौते का ईमानदारी से पालन करना बहुत जरूरी है। लेकिन पाकिस्तान की ओर से होने वाला सीमा पार आतंकवाद समझौते को लागू करने में बाधा डाल रहा है।मंत्री सिंह ने कहा, हमें पाकिस्तान द्वारा इस मंच का दुरुपयोग करने और इसतरह के मुद्दों पर अनावश्यक संदर्भ लाने के प्रयास से निराशा हुई है जो इस मंच के दायरे में नहीं आते हैं। हम इस तरह के प्रयास की कड़ी निंदा करते हैं उन्होंने कहा कि यह एक सच्चाई है कि परिस्थितियां बदल गई हैं। तकनीकी विकास हुआ है, जनसंख्या बदली है, जलवायु परिवर्तन हो रहा है और सीमा पार आतंकवाद का खतरा भी है। इसलिए अब इस समझौते की शर्तों पर फिर से विचार करने की जरूरत है।

क्या अमेरिका और चीन के हाथों में खेलकर अपनी हदें पार कर रहे मोहम्मद यूनुस

नई दिल्ली बांग्लादेश के अंतरिम प्रशासन के मुख्य सलाहकार ने 24 मई के इस्तीफे के बाद से एक बात साफ हो गई है, वे आसानी से हार मानने वाले नहीं हैं। नौ माह के कार्यकाल में नोबेल पुरस्कार विजेता और एनजीओ आइकन मोहम्मद यूनुस एक उस व्यक्ति से फिसल गए हैं, जिसे देश ने संभावित उद्धारकर्ता के रूप में स्वागत किया था।

फिर भी, एक महत्वपूर्ण राजनीतिक आधार की कमी और लोकप्रियता में भारी गिरावट के बावजूद, यूनुस ने विभिन्न समूहों को एक-दूसरे के खिलाफ खड़ा कर सत्ता पर काबिज रहे। हालांकि बांग्लादेश को इसकी भारी कीमत चुकानी पड़ी।

बांग्लादेश में चल रहा ताजा राजनीतिक संकट राष्ट्रीय चुनाव की समय-सारिणी पर केंद्रित है, इसके तहत ढाका में लोकतांत्रिक सरकार स्थापित होगी। एक विरोधाभासी मोड़ में, सेना ने 2025 के अंत तक चुनाव करने की बात कही है। इस मांग का बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) ने भी समर्थन किया है, जिसका नेतृत्व अब बेगम खालिदा जिया के बेटे तारिक रहमान लंदन से कर रहे हैं।

कोलकाता इस्कॉन के भगवान जगन्नाथ रथयात्रा के रथ में लगे रूसी सुखोई जेट के टायर

कोलकाता,। कोलकाता इस्कॉन की मशहूर भगवान जगन्नाथ रथयात्रा के रथ के पहियों को 48 साल बाद बदला गया है। इस बार रथ में रूसी सुखोई जेट के टायर लगाए गए हैं। फाइटर जेट की टेकऑफ स्पीड 280 किमी/घंटा तक होती है। हालांकि, रथ 1.4 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चलेगा। इस्कॉन कोलकाता ने बताया कि पिछले कई सालों से रथ को चलाने में समस्या आ रही थी। आयोजक 15 सालों से नए टायर की तलाश में थे। बोइंग विमान के पुराने टायरों का इस्तेमाल हो रहा था, लेकिन अब वे बाजार में मिलने मुश्किल हो रहे हैं।इसके बाद आयोजकों ने सुखोई जेट के टायरों को रथ में लगाने का फैसला किया, क्योंकि इसका व्यास (डायमीटर) बोइंग के टायरों से मिलता-जुलता है। इस्कान मैनेजमेंट ने कंपनी से सुखोई के 4 टायर खरीदे हैं। टायरों को इन दिनों रथ में फिट किया जा रहा है। जगन्नाथ रथ यात्रा हर साल आषाढ़ माह में शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि से शुरू होती है और शुक्ल पक्ष के 11वें दिन जगन्नाथ जी की वापसी के साथ यात्रा का समापन होता है। इस बार रथ यात्रा की शुरुआत 27 जून से होगी। यह 8 दिन तक चलेगी। 5 जुलाई को समाप्त होगी।इस्कॉन कोलकाता के प्रवक्ता राधारमण दास ने बताया कि उन्होंने सुखोई टायर बनाने वाली कंपनी से संपर्क किया। टायरों का कोटेशन मांगा, तब कंपनी हैरान रह गई कि आखिर कोई फाइटर जेट के टायर क्यों मांग रहा है। इसके बाद आयोजकों ने कंपनी को पूरी बात कही। कंपनी के लोगों को रथ दिखाने के लिए कोलकाता बुलाया गया। तब जाकर कंपनी से चार टायर देने की सहमति बनी।

हिमाचल के मंडी में दर्दनाक सड़क हादसा, पांच मजदूरों की मौत

मंडी, हिमाचल प्रदेश के मंडी जिले में एक दर्दनाक सड़क हादसे में पांच मजदूरों की मौत हुई, जबकि एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसा तब हुआ जब एक पिकअप

वाहन पुल की रेलिंग से टकरा गया। यह वाहन पंजाब के लुधियाना से मंडी स्थित आईआईटी कमांद की ओर जा रहा था।

रिपोर्ट के मुताबिक शुरुआती जांच में सामने आया हैं कि वाहन के चालक ने नियंत्रण खो दिया, जिसके कारण पिकअप पुल की रेलिंग से जा भिड़ी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि मौके पर ही पांच मजदूरों की मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और राहत-बचाव कार्य शुरू किया गया। मृतकों की पहचान सुखविंदर, उमेश और सागर के रूप में हुई है, जो पंजाब के अलग-अलग क्षेत्रों से ताल्लुक रखते थे। शेष दो मृतकों की पहचान की प्रक्रिया जारी है। हादसे में घायल वाहन चालक को मंडी के अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी हालत गंभीर है। स्थानीय प्रशासन ने हादसे पर गहरा दुख जताकर पीड़ित परिवारों को हर संभव सहायता देने का आश्वासन दिया है। इस दुर्घटना से इलाके में शोक की लहर पैदा हो गई है।

मौसम विभाग

35 पदों को भरने के केंद्र सरकार के प्रस्ताव

वेतन आयोग के अध्यक्ष और अन्य सदस्यों की नियुक्ति के बचे सिर्फ 7 माह

नई दिल्ली केंद्र की मोदी सरकार ने इस साल जनवरी में 8वें वेतन आयोग को मंजूरी दे दी थी और उसके बाद संबंधित अधिकारियों के साथ विचार-विमर्श शुरू हुआ था। ताकि संदर्भ की शर्तों (टीओआर) को अंतिम रूप दे सके और संभावित आयोग के सदस्यों के काम शुरू करने के तौर-तरीकों को अंतिम रूप दिया जा सके। हालांकि, केंद्र ने अभी तक आयोग के अध्यक्ष और अन्य सदस्यों की नियुक्ति की आधिकारिक घोषणा नहीं की है। पिछले महीने सर्कुलर जारी था जिसमें प्रतिनियुक्ति के आधार पर लगभग 35 पदों को भरने के केंद्र सरकार के प्रस्ताव के बारे में जानकारी दी गई थी। इन पदों को भरने के लिए योग्य सरकारी कर्मचारियों से आवेदन मांगे गए थे। तब से, मीडिया में टीओआर को अंतिम रूप देने और सदस्यों की नियुक्तियों के बारे में अटकलें लगाने वाली कई रिपोर्टें आई हैं।

दरअसल मई का महीना खत्म हो गया है और इसके बाद 1 जनवरी 2026 की डेडलाइन पर इस लागू होने में सिर्फ 7 महीने शेष हैं। मौजूदा 7वें वेतन आयोग का कार्यकाल 31 दिसंबर 2025 को खत्म हो रहा है। अब तक की प्रगति को देखकर कहना मुश्किल है कि सरकार 8वें वेतन आयोग को समय पर लागू कर पाएगी।

इसके बाद 1 जनवरी 2026 से लागू होने की संभावना काफी कम है। अब सवाल उठता है कि अगर कोई कर्मचारी 1 जनवरी 2026 या उसके बाद रिटायर होता है, लेकिन तब तक 8वें वेतन आयोग की सिफारिशें लागू नहीं हुई हैं, तब क्या उन्हें इसका लाभ मिलेगा? इसका जवाब है हां। इसतरह के सभी कर्मचारियों को एरियर के रूप में वेतन संशोधन का लाभ भी मिलेगा। ऐसा पहले भी हो चुका है। 7वें वेतन आयोग के समय करीब एक साल की देरी हुई थी, लेकिन सभी कर्मचारियों और पेंशनरों को बकाया दिया गया था।

गहलोत सरकार के एक और मंत्री के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोप

एसीबी ने एफआईआर के लिए राज्यपाल से मंजूरी मांगी

जयपुर, जल जीवन मिशन (जेजेएम) में भ्रष्टाचार के आरोप में कांग्रेस नेता महेश जोशी की गिरफ्तारी के बाद अब पूर्व अशोक गहलोत सरकार के एक और मंत्री उदयलाल आंजना पर भ्रष्टाचार के आरोप हैं।ग्राम सेवा सहकारी समितियों (जीएसएस) में व्यवस्थापकों की नियुक्ति में फर्जीवाड़े के मामले में एसीबी ने एफआईआर के लिए राज्यपाल से मंजूरी मांगी है। मामले में सरकार विभाग के कई अधिकारियों के खिलाफ पीसी एक्ट की धारा 17 ए के तहत जांच की मंजूरी दे चुकी है। विभागीय स्तर पर जांच में इन अफसरों पर लगाए आरोप सही मिले है।

सहकारी विभाग में स्क्रीनिंग की तरह ही एमडीएम (मिड डे मील) का मामला भी चर्चा में है। इसमें भी एसीबी ने विभाग के कई अधिकारियों के साथ-साथ तीन आईएएस अफसरों के खिलाफ जांच शुरू करने की मंजूरी भी भजनलाल सरकार से मांगी है। सहकारी विभाग के अधिकारियों के खिलाफ विभाग के मंत्री ने मंजूरी दे दी है। आईएएस को लेकर मामला अभी डीओपी में लंबित है।प्रदेश की ग्राम सेवा सहकारी समितियों (जीएसएस) में वर्ष 2022-23 में हुई स्क्रीनिंग से मैनेजर (व्यवस्थापक) की नियुक्ति में बड़े स्तर पर फर्जीवाड़े के मामले सामने आए है।

रेखा झुनझुनवाला पोर्टफोलियो शेयर 40 फीसदी डिस्काउंट पर

नई दिल्ली। शेयर बाजार में रेखा झुनझुनवाला के नाम का मजबूत सम्बन्ध है, जिनके पोर्टफोलियो का हर दांव दर्शकों के लिए महत्वपूर्ण है। रेखा के पोर्टफोलियो में शामिल शेयर वर्तमान में अपने सार्वजनिक उच्च स्तर से 40 फीसदी डिस्काउंट पर ट्रेड कर रहे हैं। इतनी गिरावट के बाद भी रेखा ने इन्हें अपने पोर्टफोलियो में बनाए रखा है। जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज,रेखा झुनझुनवाला की हिस्सेदारी है, ने पिछले पांच साल में निवेशकों को 325 फीसदी रिटर्न दिया है, लेकिन बाजार मैं गिरावट आई है।

विमान ईंधन की कीमत तीन प्रतिशत घटी

नई दिल्ली। विमान ईंधन (एटीएफ) की कीमतों में तीन प्रतिशत की कटौती की गई है। रविवार को एटीएफ की कीमतों में कटौती की घोषणा की गई है। यह लगातार तीसरा महीना है जबकि विमान ईंधन के दाम घटे हैं। वै?श्विक स्तर पर बेंचमार्क कच्चे तेल और गैस कीमतों में कमी के बाद घरेलू बाजार में कीमतें घटाई गई हैं।

विनग्रुप तमिलनाडु में एक संयंत्र लगाएगी

हाइ फोंग। वियतनाम की कंपनी विनग्रुप भारत में अपने परिचालन बढ़ाने के लिए आंध्र प्रदेश और तेलंगाना सरकारों के साथ बातचीत कर रही है। विनग्रुप तमिलनाडु के तुतूकुड़ी में दो अरब डॉलर के निवेश से एक संयंत्र लगा रहा है। विनग्रुप की इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) इकाई विनफास्ट इस साल त्योहारी सीजन से पहले भारत में अपने वीएफ7 और वीएफ6 मॉडल उतारने की योजना बना रही है।

महाराष्ट्र में बा?रिश से प्याज की फसल को नुकसान, मांगा मुआवजा

मुंबई। महाराष्ट्र में प्याज उत्पादकों के एक संगठन ने पिछले महीने राज्य में भारी बारिश की वजह से किसानों को हुए फसल नुकसान के लिए एक लाख रुपये प्रति एकड़ का मुआवजा मांगा है। महाराष्ट्र देश का सबसे बड़ा प्याज उत्पादक राज्य है। महाराष्ट्र राज्य कांदा उत्पादक संगठन ने मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को लिखे पत्र में भारतीय राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन संघ (नेफेड) द्वारा पारदर्शी प्याज खरीद सुनिश्चित करने के लिए भी कहा है।

निर्माण उपकरणों की मांग में बढ़ोतरी की उम्मीद- आईसीईएमए

नई दिल्ली । उद्योग के हितधारकों को इस साल निर्माण उपकरणों की मांग बढ़ने की उम्मीद है। भारतीय निर्माण उपकरण विनिर्माता संघ के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि उद्योग का यह अनुमान सामान्य से अधिक बारिश और सरकार के बुनियादी ढांचा क्षेत्र पर जोर को देखकर लगाया गया है।

आर्थिक आंकड़े और ग्लोबल रुझानों से तय होगी बाजार की चाल

-सभी की निगाह 6 जून को आरबीआई की मौद्रिक नीति घोषणा पर

नई दिल्ली। भारतीय शेयर बाजार की दिशा इस हफ्ते भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के ब्याज दर पर निर्णय, वृहद आर्थिक आंकड़े और ग्लोबल रुझानों से तय होगी। बाजार के विशेषज्ञों का कहना है कि इसके साथ ही विदेशी संस्थागत निवेशकों की खरीद-फरोख्त और शुल्क से जुड़े घटनाक्रम भी निवेशकों की धारणा पर असर डाल सकते हैं।

एक विशेषज्ञ ने कहा कि आगे की ओर देखें, तो सभी की निगाह 6 जून को भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति घोषणा पर रहेंगी। इसके अलावा नए माह की शुरुआत के साथ वाहन बिक्री और आर्थिक गतिविधियों का संकेत देने वाले अन्य आंकड़े आएंगे। साथ ही सभी की निगाह मॉनसून की प्रगति और विदेशी संस्थागत निवेशकों के फ्लो पर भी रहेगी। उन्होंने कहा कि वैश्विक स्तर पर अमेरिकी बॉन्ड बाजार के रुझान और जारी व्यापार वार्ताओं से जुड़े घटनाक्रम भी निवेशकों की धारणा को प्रभावित करेगा। भारतीय अर्थव्यवस्था वित्त वर्ष 2024-25 की अंतिम तिमाही में उम्मीद से ज्यादा तेजी से बढ़ी है, जिससे पूरे वित्त वर्ष के लिए जीडीपी की वृद्धि दर 6.5 फीसदी रही। इससे भारतीय अर्थव्यवस्था का आकार 3,900 अरब डॉलर हो गया। जनवरी-मार्च तिमाही में भारतीय अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर 7.4 फीसदी रही।

इस बीच सप्ताह के दौरान आने वाले विनिर्माण और सेवा क्षेत्रों के लिए क्रय प्रबंधक सूचकांक आंकड़े भी बाजार के लिए अहम होंगे। एक शोध प्रमुख-संपदा प्रबंधन ने कहा कि इस सप्ताह केंद्रीय बैंक द्वारा रीपो रेट में कटौती की उम्मीद के बीच ब्याज दर की दृष्टि से संवेदनशील क्षेत्र, विशेष रूप से सरकारी बैंकों के शेयरों पर सभी की निगाह रहेगी। इसके अलावा वाहन बिक्री के मासिक आंकड़ों की वजह से भी बाजार में क्षेत्र विशेष गतिविधियां देखने को मिल सकती हैं।

बीते सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 270.07 अंक या 0.33 फीसदी के नुकसान में रहा। वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 102.45 अंक या 0.41 फीसदी रहा। एक अन्य शोध प्रमुख ने कहा कि बाजार रीपो रेट में चौथाई 0.25 फीसदी की कटौती की उम्मीद कर रहा है। ऐसे में ब्याज दर की दृष्टि से संवेदनशील क्षेत्रों पर सभी की निगाह रहेगी।

अडाणी एनर्जी सॉल्यूशंस जुटाएगी 4,300 करोड़

- पिछले हफ्ते अदाणी समूह की बंदरगाह इकाई ने 150 मिलियन डॉलर का ऋण हासिल किया

नई दिल्ली। अरबपति गौतम अडाणी के नेतृत्व वाली अडाणी एनर्जी सॉल्यूशंस लिमिटेड ने बड़ी घोषणा की। कंपनी ने 4,300 करोड़ रुपये जुटाने के लिए क्यूआईपी के माध्यम से प्रस्ताव को मंजूरी दी है। अडाणी समूह के सन्दर्भ में पिछले साल भ्रष्टाचार के आरोपों के बाद निवेशकों का भरोसा हिल गया था। लेकिन नयी फंडिंग और ऋण के माध्यम से, समूह अपनी वित्तीय स्थिति को और मजबूत कर रहा है। इससे समूह की कंपनियों के भविष्य के विस्तार और परियोजनाओं के लिए नई संधियों की संभावना है। निवेशक और एक्सपर्ट्स इस कदम को महत्वपूर्ण मान रहे हैं, जो समूह के उद्यमिता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हो सकता है। अधिग्रहण के लिए लगभग 750 मिलियन डॉलर जुटाए, जिसमें ब्लैकरॉक इंक ने बॉन्ड इश्यू का लगभग एक-तिहाई हिस्सा लिया। इसके अलावा पिछले हफ्ते अदाणी समूह की बंदरगाह इकाई ने डीबीएस ग्रुप होल्डिंग्स लिमिटेड से 150 मिलियन डॉलर का द्विपक्षीय ऋण हासिल किया। मार्च में फिच रेटिंग्स ने अदाणी एनर्जी को रेटिंग वॉच से हटाकर निगेटिव आउटलुक के साथ रेटिंग दी। फिच ने अपने बयान में कहा कि अमेरिकी भ्रष्टाचार के आरोपों के बाद अदाणी समूह ने पर्याप्त फंडिंग हासिल करने की क्षमता दिखाई है। इसका मतलब है कि समूह की नकदी से जुड़े जोखिम अब कम हो रहे हैं। अदाणी एनर्जी सॉल्यूशंस की यह नई फंडिंग योजना समूह की वित्तीय स्थिति को और मजबूत करने की दिशा मेंअदाणी समूह ने हाल ही में अपनी कंपनियों के लिए बड़े पैमाने पर फंड जुटाए हैं।

रिनॉल्ट की लोकप्रिय क्विड का इलेक्ट्रिक संस्करण हो रहा लोकप्रिय

नई दिल्ली। इलेक्ट्रिक वाहनों की तेजी से बढती मांग को देखते हुए सभी बड़े वाहन निर्माता कंपनियां अपने इलेक्ट्रिक मॉडल्स को बाजार में पेश कर रही हैं। चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर में लगातार सुधार होने के कारण ईवी चलाना भी आसान होता जा रहा है।

अब बाजार में एक नई कार की चर्चा हो रही है, जो भारत की सबसे किफायती इलेक्ट्रिक कार साबित हो सकती है। यह कार है रिनॉल्ट की लोकप्रिय क्विड का इलेक्ट्रिक संस्करण, जिसे रिनॉल्ट ई-क्विड कहा जा रहा है। इंटरनेट पर सामने आई स्पाई इमेजेस में रिनॉल्ट ई-क्विड को भारी कैमोफ्लॉज्ड हालत में देखा गया है। तस्वीरों से पता चलता है कि इस कार को नए वाय-आकार के टेललाइट्स और फ्रंट-रियर बंपर में बदलाव के साथ डिजाइन किया गया है। कार के इंटीरियर में भी बड़े अपडेट मिलने की उम्मीद है। रिनॉल्ट ई-क्विड में 7-इंच का डिजिटल इंस्ट्रूमेंट क्लस्टर और 10-इंच का टचस्क्रीन इंफोटेनमेंट सिस्टम दिया जा सकता है।

इसके साथ ही ऑटोमैटिक क्लाइमेट कंट्रोल, वायरलेस चार्जिंग और एडवांस्ड ड्राइवर असिस्टेंस सिस्टम जैसे फीचर्स भी शामिल हो सकते हैं। सुरक्षा के लिहाज से कई एयरबैग और रियर-व्यू कैमरा भी मिलेंगे। रिनॉल्ट ई-क्विड में 26.8 केडब्ल्यूएच की बैटरी दी जाएगी, जो एक बार चार्ज करने पर करीब 220 किलोमीटर की रेंज देने का दावा करती है। यह रेंज रोजमर्रा की जरूरतों को पूरा करने के लिए पर्याप्त मानी जा रही है।

मैग्नाइट का नया सीएनजी वेरिएंट लॉन्च

नई दिल्ली। अपनी लोकप्रिय कॉम्पैक्ट एसयूवी, मैग्नाइट का नया सीएनजी वेरिएंट निसान मोटर इंडिया ने लॉन्च कर दिया है। निसान ने बताया है कि यह एसयूवी गवर्मेंट अप्रूव्ड सीएनजी रेट्रोफिट किट के साथ आएगी, जिसकी कीमत पेट्रोल मॉडल से लगभग 74,999 रुपये अधिक होगी।

यह इको-फ्रेंडली मॉडल 1 जून से आधिकारिक डीलरशिप्स पर उपलब्ध होगा। लॉन्च शुरुआत में दिल्ली-एनसीआर, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, गुजरात, केरल और कर्नाटक में होगी। पहले चरण में अनुमानित बिक्री 2,500 से 3,000 यूनिट्स के बीच रहेगी। निसान के मैनेजिंग डायरेक्टर सौरभ वत्स ने कहा कि मैग्नाइट भारत में कंपनी के लिए सफल मॉडल साबित हुआ है। ग्राहक जरूरतों को ध्यान में रखते हुए अब यह वैकल्पिक ईंधन विकल्प भी उपलब्ध होगा, जो अधिकृत फिटमेंट सेंटरों पर इंस्टॉल किया जाएगा। उनका मानना है कि इससे एसयूवी की उपयोगिता और मूल्य प्रस्ताव दोनों बढ़ेंगे। मैग्नाइट सीएनजी में 1-लीटर नैचुरली एस्पिरेटेड इंजन दिया गया है, जो 5-स्पीड मैनुअल ट्रांसमिशन से जुड़ा है। हालांकि निसान ने अभी सीएनजी इंजन की पावर डिटेल्स साझा नहीं की हैं, लेकिन पेट्रोल वेरिएंट 71 बीएचपी और 96 न्यूटन मीटर टॉर्क देता है। इसके अलावा, कंपनी ने 5-स्पीड एएमटी विकल्प की संभावना का भी संकेत दिया है, जो भविष्य में पेश किया जा सकता है। इस वेरिएंट में 12 किलो का सिंगल सीएनजी सिलेंडर टैंक लगेगा, जो पर्याप्त बूट स्पेस भी देगा। निसान ने मैग्नाइट सीएनजी की कीमत 6.89 लाख रुपये से शुरू करते हुए 3 साल या 1 लाख किलोमीटर की वारंटी भी दी है।

विदेशी लग्जरी कारों की कीमतों में आ सकती है भारी गिरावट

नई दिल्ली। हाल ही में भारत सरकार ने कई ट्रेड एग्रीमेंट्स पर हस्ताक्षर किए हैं। इसके लागू होने पर विदेशी लग्जरी कारों पर इंपोर्ट टैक्स घटकर मात्र 10 प्रतिशत तक आ सकता है। इससे कार की कीमतों में भारी गिरावट आएगी। इस बीच, कई कार खरीदार कीमतों में कमी का इंतजार कर रहे हैं, लेकिन ब्रिटिश ऑटोमेकर मिनी इंडिया ने ऐसा ऑफर पेश किया है जो खरीदारी में देरी करने की जरूरत खत्म कर देगा।

मिनी इंडिया ने एक नई प्राइस प्रोटेक्शन पॉलिसी लागू की है, जो विशेष रूप से मिनी कूपर एस 3-डोर मॉडल पर लागू होगी। इस योजना के तहत, जो ग्राहक अब कूपर एस खरीदेंगे, उन्हें अगले 180 दिनों में अगर कूपर एस की कीमत में कोई भी कटौती होती है तो उसे वापसी के रूप में मिलेगा। यानी, कीमत घटने पर खरीदार का पैसा सुरक्षित रहेगा। यह ऑफर सीमित समय के लिए है और मिनी के अधिकृत डीलरशिप से उपलब्ध है। कूपर एस की वर्तमान ऑन-रोड कीमत मुंबई में लगभग 53.62 लाख रुपये है। भारत-यूके फ्री ट्रेड एग्रीमेंट के तहत, भारत ब्रिटेन से आयातित हाई-एंड लग्जरी कारों पर 100 प्रतिशत से घटाकर 10 प्रतिशत तक टैक्स कम करेगा। इससे कई ब्रांड अपनी कीमतें कम कर सकते हैं, लेकिन अभी इस पर कुछ अनिश्चितताएं बनी हैं। ऐसे में मिनी का यह प्राइस प्रोटेक्शन प्रोग्राम ग्राहकों को खरीदारी में विश्वास और सुरक्षा देता है।

आरबीआई के ब्याज दर पर फैसले, वृहद आर्थिक आंकड़ों से तय होगी बाजार की दिशा

- मानसून की प्रगति और विदेशी संस्थागत निवेशकों के प्रवाह पर भी रहेगी ?निवेशकों की नजर

मुंबई। इस सप्ताह भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के ब्याज दर पर निर्णय, वृहद आर्थिक आंकड़े और वैश्विक रुझान घरेलू शेयर बाजारों की दिशा तय करेंगे। विश्लेषकों ने यह राय जताई है। ?विश्लेषकों ने कहा कि इसके अलावा विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की गतिविधियां और शुल्क के मोर्चे पर घटनाक्रम भी निवेशकों की धारणा को प्रभावित करेंगे। सभी की निगाह छह जून को भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति घोषणा पर रहेगी। इसके अलावा नए माह की शुरुआत के साथ वाहन बिक्री और आर्थिक गतिविधियों का संकेत देने वाले अन्य आंकड़े आएंगे। साथ ही सभी की निगाह मानसून की प्रगति और विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) के प्रवाह पर भी रहेगी। उनका कहना है ?कि वैश्विक स्तर पर अमेरिकी बॉन्ड बाजार के रुझान और जारी व्यापार वार्ताओं से जुड़े घटनाक्रम भी निवेशकों की धारणा को प्रभावित करेंगे। भारतीय अर्थव्यवस्था वित्त वर्ष 2024-25 की अंतिम तिमाही में उम्मीद से अधिक तेजी से बढ़ी है, जिससे पूरे वित्त वर्ष के लिए सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर 6.5 प्रतिशत रही है। इससे भारतीय अर्थव्यवस्था का आकार 3,900 अरब डॉलर हो गया है। इस बीच सप्ताह के दौरान आने वाले विनिर्माण और सेवा क्षेत्रों के लिए पीएमआई आंकड़े भी बाजार के लिए महत्वपूर्ण रहेंगे। इस सप्ताह केंद्रीय बैंक द्वारा रेपो दर में कटौती की उम्मीद के बीच ब्याज दर की दृष्टि से संवेदनशील क्षेत्र, विशेष रूप से सरकारी बैंकों के शेयरों पर सभी की निगाह रहेगी। इसके अलावा वाहन बिक्री के मासिक आंकड़ों की वजह से भी बाजार में क्षेत्र विशेष गतिविधियां देखने को मिल सकती हैं। बाजार के जानकारों ने यह भी कहा ?कि बाजार रेपो दर में चौथाई प्रतिशत की कटौती की उम्मीद कर रहा है। ऐसे में ब्याज दर की दृष्टि से संवेदनशील क्षेत्रों पर सभी की नजर रहेगी। सकारात्मक वृहद आर्थिक आंकड़े निवेशकों का भरोसा बढ़ा सकते हैं।

इलेट्रिक वाहन की लोकप्रियता उत्तर प्रदेश में सबसे ज्यादा

नई दिल्ली। देश में सबसे ज्यादा इलेक्ट्रिक वाहन उत्तर प्रदेश में दौड़ रहे हैं, जबकि दिल्ली, मुंबई और बैंगलोर जैसे महानगर पीछे रह गए हैं। ज्यादातर लोगों का मानना है कि इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) अधिकतर बड़े शहरों में ही लोकप्रिय हैं, लेकिन ताजा आंकड़े इस धारणा को गलत साबित करते हैं।

उत्तरप्रदेश सरकार के अनुसार प्रदेश में वर्तमान में 4.14 लाख से अधिक ईवी सक्रिय हैं, जो अन्य राज्यों की तुलना में सबसे अधिक है। दिल्ली में 1.83 लाख और महाराष्ट्र में 1.79 लाख ईवी हैं। यह आंकड़ा साफ दिखाता है कि उत्तर प्रदेश इलेक्ट्रिक वाहन के मामले में देश में शीर्ष स्थान पर है। उत्तर प्रदेश सरकार ने वर्ष 2022 में इलेक्ट्रिक वाहन विनिर्माण और परिवहन के लिए नई नीति लागू की है, जिसका उद्देश्य ईवी की स्वीकार्यता बढ़ाना और चार्जिंग नेटवर्क को मजबूत बनाना है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में सरकार 30 हजार करोड़ रुपये के निवेश को आकर्षित करने और 10 लाख रोजगार सृजित करने की योजना पर तेजी से काम कर रही है। इसके साथ ही, प्रदेश में 16 नगर निकायों में 300 से अधिक नए चार्जिंग स्टेशन स्थापित किए जाने की योजना है, जिसमें सबसे अधिक स्टेशन अयोध्या में बनाए जाएंगे। देश में कुल 33,000 ईवी चार्जर हैं, जिनमें 35 प्रतिशत फास्ट चार्जर हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने फास्ट चार्जिंग नेटवर्क बढ़ाने और मौजूदा स्टेशनों को बेहतर बनाने पर जोर दिया है ताकि इलेक्ट्रिक वाहन की बढ़ती मांग को पूरा किया जा सके। प्रदेश के प्रमुख पर्यटन स्थलों जैसे अयोध्या, काशी, मथुरा, प्रयागराज, लखनऊ, कानपुर और गाजियाबाद में ई-रिक्शा खासे लोकप्रिय हैं, जो ईवी बिक्री का लगभग 85 प्रतिशत हिस्सा हैं। ये वाहन शहरी क्षेत्रों में यात्रियों और माल ढुलाई के लिए बेहद उपयोगी साबित हो रहे हैं।

अडाणी ग्रुप धारावी में आधुनिक परिवहन केंद्र बनाएगा



मुंबई। मुंबई के प्रमुख उद्योगी अडाणी ग्रुप ने मुंबई के धारावी में धारावी पुनर्विकास प्रोजेक्ट के तहत मुंबई में एक आधुनिक परिवहन केंद्र की योजना बनाई है। इस योजना के अनुसार एक मल्टी-मोडल ट्रांजिट हब बनाया जा रहा है, जिसमें रेल, सड़क और हवाई अड्डा होंगे। एक ?रिपोर्ट के मुताबिक यह केंद्र मुंबई और नवी मुंबई के हवाई अड्डों के लिए विशेष ट्रेनें, चेक-इन और ट्रांजिट सुविधाएं भी प्रदान करेगा। इसके अलावा, यहां शहर की रेल, मेट्रो और बस सेवाएं भी शामिल होंगी। इस परियोजना का मुख्य उद्देश्य धारावी और आसपास के इलाकों के यातायात को आसान और तेज बनाना है। इस केंद्र से मुंबई और नवी मुंबई हवाई अड्डे भी जु? जाएंगे। इस परियोजना के अलावा सडकों का विस्तार, रिवरफ्रंट प्रमेनेड, अस्पताल, हरे-भरे पार्क, औद्योगिक क्षेत्र और सामुदायिक मनोरंजन स्थल भी इसमें शामिल होंगे। नवभारत मेगा डेवलपर्स के अनुसार, यह परियोजना धारावी के निवासियों के जीवन को सुविधाजनक बनाने में मदद करेगा। पिछले साल, महाराष्ट्र सरकार ने धारावी के पुनर्विकास के लिए 256 एक? साल्ट-पैन लैंड के अधिग्रहण को मंजूरी दी थी, और इस सप्ताह धारावी के मास्टर प्लान को भी मंजूर किया गया है। इस परियोजना का लक्ष्य है धारावी को एशिया के सबसे बडे स्लम से आधुनिक और सुविधाजनक क्षेत्र में तब्दील करना।

जेप्टो के फूड सेंटर पर मिली फफूंद लगी सामग्री और गंदगी, लाइसेंस निलंबित

मुंबई। महाराष्ट्र फूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन ने क्विक-कॉमर्स प्लेटफॉर्म जेप्टो की पेरेंट कंपनी किरणकार्ट टेक्नोलॉजीज का फूड बिजनेस लाइसेंस निलंबित कर दिया है। यह कार्रवाई मुंबई के धारावी स्थित उसके सेंटर पर अचानक किए निरीक्षण के बाद की गई।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक इस निरीक्षण में फूड सेफ्टी एंड स्टैंडर्ड्स एक्ट और फूड सेफ्टी एंड स्टैंडर्ड्स रेगुलेशंस 2011 का उल्लंघन पाया गया। एफडीए ने कहा है कि जब तक कंपनी पूरी तरह से नियमों का पालन नहीं करेगी और लाइसेंसिंग अथॉरिटी द्वारा इसकी पुष्टि नहीं हो जाती, तब तक लाइसेंस निलंबित ही रहेगा।रिपोर्ट के मुताबिक अधिकारियों को कुछ खाद्य पदार्थों पर फंगल ग्रोथ दिखाई दी। साथ ही कई उत्पाद जमे हुए या रुके हुए पानी के पास रखे हुए पाए गए। वहीं, कोल्ड स्टोरेज का तापमान भी नियमानुसार नहीं था। निरीक्षकों ने बताया कि परिसर में जमीन गीली और गंदी थी। खाद्य सामग्री और कच्चे माल को सीधे फर्श पर अव्यवस्थित ढंग से रखा गया था। इसके अलावा, एक्सपायरी डेट वाले उत्पादों को ताजा स्टॉक से अलग नहीं रखा गया था, जिससे उपभोक्ताओं तक खराब सामान पहुंचने का खतरा बढ़ गया।

रिपोर्ट के मुताबिक महाराष्ट्र एफडीए के एक अधिकारी ने बताया कि संस्थान कई लाइसेंसिंग शर्तों का पालन नहीं कर रहा था। अधिकारी ने यह भी कहा कि ऐसी लापरवाहियां जनता की सेहत के लिए गंभीर खतरा है। निरीक्षण के बाद, सहायक आयुक्त (खाद्य) ने फूड सेफ्टी एंड स्टैंडर्ड्स एक्ट के तहत लाइसेंस निलंबन का आदेश दिया।आदेश में साफ कहा गया है कि जब तक सभी कमियों को दूर नहीं किया जाता और नियामक संस्था द्वारा साइट को क्लीयरेंस नहीं मिल जाती, तब तक जेप्टो का धारावी स्थित फूड बिजनेस निलंबित रहेगा। इस रिपोर्ट के फाइल किए जाने तक कंपनी की ओर से कोई आधिकारिक बयान नहीं आया था।

आंगनवाड़ी केन्द्रों में 1 से 15 जून तक 15 दिवसीय ग्रीष्मकालीन अवकाश

सीधी मध्यप्रदेश के आंगनवाड़ी केन्द्रों में आगामी 1 से 15 जून तक 15 दिवसीय ग्रीष्मकालीन अवकाश घोषित किया गया है। यह अवकाश केन्द्रों में नियमित रूप से आने वाले 3 से 6 आयु वर्ग के बच्चों एवं अन्य हितग्राहियों के लिए होगा।आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका की उपस्थिति इस अवधि में अनिवार्य रहेगी।महिला बाल विकास विभाग द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार, यह अवधि आंगनवाड़ी केन्द्रों के रख-रखाव, दस्तावेज संधारण, वार्षिक सर्वेक्षण तथा पोषण संबंधित गतिविधियों के लिए निर्धारित की गई है।

किसानों की समस्याओं का निराकरण कर दी गई जानकारी

सतना खरीफसीजन 2025 को दृष्टिगत रखते हुये कृषक हितार्थ योजनाओं, सामयिक तकनीकी जानकारी, मृदा स्वास्थ्य कार्ड, धान की सीधी बुवाई, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में अत्रष्टी कृषकों को जोड़ने, प्राकृतिक खेती, फसल विविधीकरण, कृषि मशीनरी एवं ड्रोन का जीवंत प्रदर्शन, उद्यानिकी, पशुपालन को लक्ष्यगत करते हुये 29 जून को विकसित कृषि संकल्प अभियान 2025 का शुभारंभ किया गया।

अवकाश अवधि में आंगनवाड़ी होंगी व्यवस्थित

केन्द्रों की साफसफाई और मरम्मतरू भवन की सफाई, खेल सामग्री की व्यवस्था, रसोई व शौचालय की मरम्मत तथा पेयजल की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। इसके अतिरिक्त रिकॉर्ड संधारण का कार्य किया जाएगा। सम्पूर्ण उपकरणों एवं फर्नीचर का स्टॉक पंजीकरण, टेक होम राशन वितरण का विवरण, संपर्क एप्लिकेशन में डाटा अपलोडिंग की जायेगी। इस अवधि में वार्षिक सर्वेक्षण (एएएसआर) भी किया जाएगा। एक से 10 जून तक परिवार सर्वेक्षण एवं हितग्राही पहचान की जाएगी, जबकि 10 से 15 जून के मध्य अधिकारियों द्वारा समीक्षा की जाएगी।

हाईस्कूल और हायर सेकेण्डरी द्वितीय परीक्षा-आवेदन-पत्र भरने की तिथि 8 जून तक बढ़ी

सतना 01 जून 2025/माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा वर्ष 2025 की हाईस्कूल और हायर सेकेण्डरी सर्टिफिक्रेट द्वितीय परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए आवेदन-पत्र भरने की तिथि 8 जून तक बढ़ा दी गयी है। पहले यह तिथि 31 मई 2025 तक निर्धारित की गयी थी। सचिव माध्यमिक शिक्षा मण्डल ने बताया कि हाईस्कूल और हायर सेकेण्डरी मुख्य परीक्षा में केवल अनुत्तीर्ण विषयों के लिए 8 जून 2025 की रात्रि 12 बजे तक ऑनलाइन आवेदन करने का अंतिम अवसर प्रदान किया जा रहा है।

स्थानांतरण पर प्रतिबंध से छूट की अवधि को 10 जून,तक बढ़ाया

सतना राज्य एवं जिला स्तर पर अधिकारियों/कर्मचारियों की स्थानांतरण नीति द्वारा 1 मई से 30 मई 2025 तक की अवधि के लिये स्थानांतरण पर प्रतिबंध शिथिल किया गया था। राज्य शासन ने स्थानांतरण पर प्रतिबंध से शिथिलता अवधि को बढ़ाने का निर्णय लिया है। स्थानांतरण पर प्रतिबंध से शिथिलता अवधि को बढ़ाकर 10 जून 2025 किया गया है।

परामर्श दात्री समिति की बैठक 3 को मैहर और 5 जून को सतना

सतना जिला प्रबंधक गौतम शर्मा ने बताया कि मैहर कलेक्टर की अध्यक्षता में बैंकों की जिला स्तरीय परामर्श दात्री एवं जिला स्तरीय समीक्षा समिति की त्रैमासिक बैठक 3 जून को सायं 4 बजे मैहर के कलेक्ट्रेट सभागार में और 5 जून को 4.30 बजे सतना के कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में कलेक्टर की अध्यक्षता में आयोजित की गई है।

किसान फसलों में उर्वरकों का संतुलित उपयोग करें :कुंवर सिंह टेकाम

विकसित कृषि संकल्प अभियान में विधायक धौहनी श्री टेकाम ने की सहभागिता

किसानों को डीएपी के स्थान पर एनपीके के उपयोग की सलाह

सीधी विकसित कृषि संकल्प अभियान में चौथे दिन जिले में गठित पहले दल द्वारा रामपुर नैकिन विकासखंड के खैरा, गोरदाह, अमिलहा दूसरे दल द्वारा सिहावल विकासखंड के पहाड़ी, सोनवर्षा, कड़ियार तथा तीसरे दल द्वारा कुसमी विकासखंड के कोतमा, जूरी, रौहाल में अभियान का संचालन किया गया।

विकासखंड कुसमी के कोतमा में विधायक धौहनी श्री कुंवर सिंह टेकाम ने अभियान के तहत आयोजित कृषक संगोष्ठी में भाग लिया, जहां उन्होंने किसानों से सीधा संवाद स्थापित कर अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने कृषकों को सरकार द्वारा चलाए जा रहे इस अभियान का लाभ लेने तथा कृषि को लाभ का धंधा बनाने की अपील की है। शिविरों में जिले के कृषकों को सलाह दी गई है कि वह डीएपी के स्थान पर एनपीके उर्वरकों का प्रयोग करें। कृषि वैज्ञानिकों ने अपनी सलाह में कहा है कि डीएपी में केवल दो तत्व नाइट्रोजन व फास्फोरस प्राप्त होते हैं। जबकि एनपीके उर्वरक से फसलों के लिए आवश्यक सभी तीन मुख्य पोषक तत्वों नत्रजन, स्फुर एवं पोटाश की उपलब्धता होती हैं। इस प्रकार एनपीके उर्वरक से नत्रजन एवं स्फुर के अलावा पौधों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण तत्व पोटाश की पूर्ति किसान भाई सफलतापूर्वक कर सकते हैं।

अतरू एनपीके उर्वरक का प्रयोग करने पर किसान भाईयों को अलग से पोटाश डालने की जरूरत नहीं पड़ती है व लागत में कमी आती है। किसान भाईयों के लिए डीएपी के स्थान पर एनपीके खाद का उपयोग करने की सलाह दी है।कृषि वैज्ञानिकों ने कहा है कि फसलों में उर्वरकों का संतुलित उपयोग लाभदायक होता है। डीएपी के स्थान पर सिंगल सुपर फास्फेट और एनपीके का उपयोग अधिक लाभदायी है। इससे जमीन को सल्फर की प्राप्ति होती है। सिंगल सुपर फास्फेट का उपयोग खेत की तैयारी के समय किया जाता है। जिससे यह फसलों में अधिक कारगर रहता है। डीएपी में उपलब्ध 18 प्रतिशत नाइट्रोजन में से केवल 15 प्रतिशत नाइट्रोजन तथा 46 प्रतिशत फास्फोरस में से 39 प्रतिशत फास्फोरस पानी में घुलकर मिट्टी को प्राप्त होता है। शेष फास्फोरस मिट्टी में जमा हो जाता है जिससे मिट्टी कठोर हो जाती है। इसकी जल धारण क्षमता घटती है।

स्कूल शिक्षा विभाग आगामी सीजन में 50 लाख पौधों का करेगा रोपण

विद्यालयों में ईको क्लब के माध्यम से व्यापक स्तर पर चलाया जायेगा पौध रोपण अभियान

विद्यालयों में एक पेड़ माँ के नाम 2.0 के रूप में चलेगा अभियान

सीधी स्कूल शिक्षा विभाग ने प्रदेश के विद्यालयों में 5 जून से ईको क्लब के माध्यम से व्यापक स्तर पर पौध रोपण अभियान चलाने का निर्णय लिया है। यह अभियान प्रदेश में एक पेड़ माँ के नाम 2.0 के नाम से चलाने का फैसला किया गया है।

इस संबंध में लोक शिक्षण संचालनालय ने समस्त जिला शिक्षा अधिकारी और जिला परियोजना समन्वयक को पत्र लिखकर निर्देश जारी किये हैं। प्रत्येक जिले में अभियान के दौरान एक लाख पौधों का रोपण करने का निर्णय लिया गया है। प्रदेश में विद्यार्थियों की भागीदारी से 30 सितम्बर तक 50 लाख पौधे रोपे जायेंगे।

पौध रोपण का उद्देश्य

व्यापक स्तर पर पौध रोपण का उद्देश्य बच्चों और युवा पीढ़ी को सतत् विकास के प्रति संवेदनशील बनाने और प्रकृति को हरा-भरा बनाने में सक्रिय भागीदार बनाना है।

यह अभियान मातृत्व की भावना का सम्मान करने और पर्यावरण संरक्षण के प्रति हमारी राष्ट्रीय प्रतिबद्धता को सुदृढ़ करना भी है। पौध रोपण में स्थानीय और क्षेत्रीय प्रजातियों के पौधे लगाने को प्राथमिकता दी जायेगी। अभियान के दौरान बच्चों को पौधों की किस्मों और उनके फायदे की जानकारी भी साझा की जायेगी।जिला स्तर पर जिला शिक्षा अधिकारी को विद्यालयों, ग्राम में उपलब्ध भूमि एवं विद्यालय की छात्र संख्या के अनुसार कार्ययोजना बनाने के लिये कहा गया है। जिला स्तर पर कलेक्टर की अध्यक्षता में समिति गठन करने को कहा गया है। समिति में वनमंडल अधिकारी, जिला शिक्षा अधिकारी, जिला परियोजना समन्वयक, स्कूल प्राचार्य, समाज के प्रमुख नागरिकों को शामिल करने के लिये कहा गया है।

दो दर्जन दबंगों ने घर में घुसकर मचाया उत्पात

दिनदहाड़े अमिलिया बाजार में लाठीए डंडे से तोड?ड़

सीधी। अमिलिया बाजार में फिल्मी स्टाइल में लाठी.डंडे का प्रदर्शन करते हुए घर में तोड?ड़ की गई। पीड़ित रजनीश सिंह चंदेल पिता मंगलेश्वर सिंह चंदेल का पूरा परिवार इस घटना से काफी दहशत में रहा। आरोपियों से बचने के लिए पीड़ित परिवार एक कमरे में कैद होकर हल्ला.गुहार मचाता रहा। आरोपियों की तोड?ड़ से पीड़ित का काफी सामान क्षतिग्रस्त हो गया। आरोपियों के जाने के बाद जब रिपोर्ट करने पीड़ित मंगलेश्वर सिंह चंदेल थाना पहुंचे तो वहां मौजूद सब इंस्पेक्टर ने रिपोर्ट लिखने से मना कर भगा दिया। यह घटना अमिलिया थाना से महज 300 मीटर दूर घटित हुई। बाद में पीड़ित के फरियाद पर जनपद सदस्य रजनीश शुक्ला उर्फसंजू ने पुलिस अधीक्षक सीधी को घटना की जानकारी दी। जिसके बाद अमिलिया थाना में आरोपी सुरेन्द्र सिंहए विष्णुबहादुर सिंह पुष्पराज सिंह शुभम सिंह समेत अन्य के विरुद्ध धारा 125 एए 296ए 115ए 333ए 324;4द्धए 351;3द्धए 3;5द्ध बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। पीड़ित रजनीश चंदेल ने बताया कि मेरे घर में शाम 6 बजे 20 से 25 गुंडे मुंह बांधकर आए और अचानक पत्थर और लाठी.डंडे से प्रहार शुरू कर दिए। घटना में मेरे घर की दीवाल तोड़ दी गई और सामान नष्ट कर दिया गया। घर में रखे सामान भी आरोपी लेकर चले गए। आरोपियों से बचने पूरा परिवार एक कमरे में कैद रहा।

स्कूल शिक्षा विभाग की समेकित छात्रवृत्ति का वितरण

सतना प्रदेश के विद्यालयों में कक्षा-1 से 12 तक पढ़ने वाले विद्यार्थियों को वर्तमान में 6 विभागों की लगभग 20 प्रकार की छात्रवृत्ति शिक्षा पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन स्वीकृत कर विद्यार्थी के खाते में भुगतान किये जाने की व्यवस्था है। राज्य में समग्र सामाजिक सुरक्षा मिशन के अंतर्गत समेकित छात्रवृत्ति योजना वर्ष 2013-14 से लागू की गयी है। इसके क्रियान्वयन के लिये स्कूल शिक्षा विभाग को नोडल विभाग निर्धारित किया गया है।

योजना के अंतर्गत प्रत्येक विद्यार्थी का नाम समग्र यूनिक आईडी के आधार पर उसके स्कूल के डाइस कोड के साथ मेपिंग कर कक्षा और स्कूलवार नामांकन ऑनलाइन किये जाने का सिस्टम शिक्षा पोर्टल में एनआईसी के माध्यम से तैयार कराया गया है। प्रत्येक छात्र की प्रोफाइल, जिसमें जाति, माता-पिता का व्यवसाय, परिवार की वार्षिक आय, बीपीएल स्टेटस, छात्रावासी स्टेटस, गत वर्ष का परीक्षा परिणाम आदि जानकारियाँ, जो कि छात्रवृत्ति गणना करने के लिये आवश्यक होते हैं, उन्हें ऑनलाइन किया जाता है। इसके आधार पर सिस्टम द्वारा छात्रवृत्ति की गणना कर स्वीकृतकर्ता अधिकारी द्वारा ऑनलाइन छात्रवृत्ति स्वीकृत की जाती है। वर्ष 2022-23 से अनुसूचित जाति-जनजाति केन्द्र प्रवर्तित और राज्य प्री एवं पोस्टमेट्रिक छात्रवृत्ति योजनाओं का क्रियान्वयन जनजातीय कार्य विभाग द्वारा संचालित एमपीटास पोर्टल के माध्यम से किया जा रहा है। इस वर्ष विभाग ने छात्रवृत्ति वितरण के लिये कैलेण्डर तैयार किया है। जिला शिक्षाधिकारियों को भी निर्देश जारी किये गये हैं।

बल्कर ने बाइक को मारी टक्कर महिला की मौत दो गंभीर

सीधी। राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 39 में आज सुबह करीब 10 बजे तेज रफ्तार बल्कर और बाइक की भिड़ंत में बाइक में सवार महिला की मौत हो गई वहीं पति और 8 वर्षीय बालक गंभीर रूप से घायल हो गये। हादसे के बाद घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया गयाए जहां प्राथमिक उपचार के पश्चात गंभीर रूप से घायल बालक को आक्सीजन सपोर्ट के साथ मेडिकल कालेज रीवा अस्पताल रेफर कर दिया गया।

मिली जानकारी के अनुसार सिटी कोतवाली थाना अंतर्गत ग्राम पंचायत बेलहा निवासी बुद्धिमान साहू पिता कुंवारे साहू उम्र 40 वर्ष आज सुबह अपनी बाइक क्रमांक एमपी 53 एमई 1939 में पत्नी सुनीता साहू उम्र 35 वर्ष एवं पुत्र रमाशंकर साहू 8 वर्ष के साथ कुबरी बाजार से अपने घर की ओर लौट रहा था। बेलहा मोड कुबरी में सिंगरौली से सीधी की ओर तेज रफ्तार में आ रहे बल्कर क्रमांक एमपी 17 एचएच 3681 से बाइक की भिड़ंत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों की माने तो हादसा होते ही बाइक में सवार तीनों लोग उछलकर गंभीर रूप से घायल हो गये। महिला को सबसे ज्यादा चोंटे आने के कारण वह खून से सराबोर हो गई वहीं बालक एवं उसका पिता भी गंभीर रूप से घायल हो गये। घटना की जानकारी लगते ही स्थानीय समाजसेवी मृत्युंजय गौतम और उनके परिजनों ने तत्काल निजी बोलेरो को बुक करके तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया। साथ ही सिविल सर्जन डॉण् एसबी खरे से बात कर त्वरित उपचार शुरू कराया। उपचार के दौरान गंभीर रूप से घायल सुनीता साहू ने दम तोड़ दिया वहीं बालक को रीवा रेफर कर दिया गया।

हनुमान मंदिर में सुन्दरकाण्ड पाठ का आयोजन

मैहर। कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता रामनिवास उरमलिया के पिता स्वर्गीय रामावतार उरमलिया की 77 वीं जयंती के अवसर पर रविवार को सायंकाल पुराने विश्राम ग्रह मैहर के समीप दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर में संगीतमय सुन्दरकाण्ड पाठ का आयोजन किया गया। तदुपरांत हलुआ प्रसाद का वितरण किया गया। इस अवसर पर पूर्व नपा अध्यक्ष आरके सिंह, मुन्ना गौतम, दिनेश पुरी गोस्वामी, अखिलेश मिश्रा, अशोक घई, रजनीश शर्मा, शिवानंद द्विवेदी, जिला पंचायत सदस्य श्रीघर उरमलिया, वंशगोपाल परौहा, डा.एलपी त्रिपाठी, रामप्रकाश गुप्ता, राजू उरमलिया, श्रीनिवास उरमलिया, कुलदीप पाठक, सुरेन्द्र सिंह तिवारी, पीएल द्विवेदी, विष्णुधर उरमलिया, सुभाषचन्द्र सोनी, रामनरेश पयासी एवं भीमसेन मिश्रा सहित काफी संख्या में गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही।

रीवा पुणे घोषित ट्रेन को मैहर में स्टापेज की मांग

मैहर। रेल मंत्रालय नई दिल्ली द्वारा रीवा पुणे नई ट्रेन की घोषणा होने से विंध्य क्षेत्रवासियों में काफी प्रसन्नता की लहर है।आभार व्यक्त करते हुए डीआरयूसीसी मेंबर वरिष्ठ समाजसेवी भाई बलराम जगयासी ने रेल प्रशासन जबलपुर, सतना सांसद गणेश सिंह, विधाय श्रीकान्त चतुर्वेदी एवं जेडआरयूसीसी मेंबर संजय राय से मांग किया है कि नई घोषित ट्रेन रीवा पुणे को धार्मिक नगरी मैहर में भी स्थानक किया जाए।

मौत के कुएं से जिंदा निकला तीन माह का मासूम

सतना में उस वक्त एक कुएं के पास भीड़ लग गई जब के नवजात बच्चे की रोने की आवाज सुनाई दी हालांकि बच्चे का रेस्क्यू कर लिया गया है। जिला अस्पताल में इलाज जारी है। लेकिन ये बच्चा कुएं में गिरा है। या फेंका गया हैण् यह बड़ा सवाल बना हुआ है। कुएं से जब एक नवजात मासूम बच्चे की रोने की आवाज सुनाई दी तो हर राहगारी के चलते कदम थम गए आस.पास मौजूद लोगों ने देखा तो पता चला कुएं के अंदर एक नवजात बच्चा पड़ा हुआ है उसी की रोने की आवाज आ रही है। कुछ देर के लिए लोग हैरान रह गए आखिर ये साजिश है या संयोग।

दरअसल सतना शहर के कोलगवां थाना इलाके में वार्ड नंबर 23 संग्राम कालोनी स्थित इंडियन बैंक के पास एक सूखे कुएं में पड़े नवजात को रेस्क्यू कर बाहर निकाल लिया गया है। लगभग 3 माह के नवजात को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कोलगवां टीआई सुदीप सोनी ने बताया कि सुबह लगभग सूचना मिली कि इंडियन बैंक के पास एक सूखे कुएं से बच्चे की रोने की आवाज आ रही है।

'फायर ब्रिगेड कर्मचारियों को बुलाया गया' मौके पर पहुंचने के बाद नगर निगम की फायर ब्रिगेड कर्मचारियों को बुलाया गयाण् रस्से के सहारे एक फायर कर्मी को कुएं में उतारा गयाण् इसके बाद पुलिस और स्थानीय लोगों की मदद से फायर कर्मी और बच्चे को सकुशल बाहर निकाल लिया गयाण् बच्चे को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गयाए जहां डॉक्टरों की टीम उसका इलाज कर रही है। 'तीन माह का बच्चा किसका है' बच्चे के कुएं के अंदर गिरे होने की खबर के साथ आस पास के लोगों का मौके पर मजमा लग गयाण् हर कोई मासूम को देखकर उसके सुरक्षित होने की कामना करने लगाण् तीन माह का बच्चा किसका हैघ् कुएं में कैसे गिरा या फेंका गयाघ् इन सारे सवालों के जवाब पुलिस ढूंढने का प्रयास कर रही है।

विकसित कृषि संकल्प अभियान मे` ड्रोन के माध्यम से नैनो यूरिया के छिड़काव का किया प्रदर्शन

सीधी विकसित कृषि संकल्प अभियान के अंतर्गत विकासखंड सिहावल के ग्राम पंचायत घोघरा में किसानों के लिए प्रशिक्षण एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों को प्राकृतिक खेती और नवीनतम तकनीकों के माध्यम से सब्जी उत्पादन के प्रति जागरूक करना था।

कार्यक्रम के दौरान कृषकों को बर्मी बैग के उपयोग द्वारा सब्जी उत्पादन, व्यावसायिक सब्जी उत्पादन हेतु मल्टी-लेयर क्रॉपिंग प्रणाली, तथा प्राकृतिक खेती के लाभ जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर जानकारी प्रदान की गई। इन तकनीकों के माध्यम से किसानों को कम लागत में अधिक उत्पादन प्राप्त करने के व्यावहारिक उपाय बताए गए।कार्यक्रम की विशेष आकर्षण रही नमो ड्रोन दीदी श्रीमती मनीषा कुशवाहा, जिन्होंने ड्रोन के माध्यम से नैनो यूरिया के छिड़काव की विधि का प्रदर्शन किया। उन्होंने उपस्थित किसानों को ड्रोन संचालन, उसकी उपयोगिता, लागत-कटौती और समय की बचत जैसे पहलुओं पर विस्तृत जानकारी दी। यह तकनीक कृषि क्षेत्र में एक प्रभावी नवाचार के रूप में उभर रही है।

इस कार्यक्रम में ग्राम पंचायत घोघरा सहित आसपास के अनेकों कृषकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और आधुनिक कृषि तकनीकों को समझने एवं अपनाने का संकल्प लिया।

ऑनलाईन प्रवेश समय सारणी स्नातक स्तर (यूजी) प्रथम चरण सत्र 2025-26

ऑनलाईन पंजीयन आवेदन 15 मई 2025 से 6 जून 2025, तक होगा और पंजीकृत आवेदनों के दस्तावेजों का सत्यापन 16 मई से 7 जून2025 तक सीट आवंटन जारी करना, 12 जून आवंटित महाविद्यालय में प्रवेश शुल्क का भुगतान प्रारम्भ करना आवंटित महाविद्यालय में शुल्क भुगतान की अंतिम तिथि 13 से 18 जून 2025 होगी। प्रवेश शुल्क का भुगतान किए गए आवेदकों का ही प्रवेश मान्य होगा प्रवेश शुल्क का भुगतान न होने पर प्रवेश नही माना जाएगा।

पंजीकृत आवेदनों के दस्तावेजों का सत्यापन 16 मई से 7 जून 2025, सीट आवंटन जारी करना 12 जून आवंटित महाविद्यालय में प्रवेश शुल्क का भुगतान प्रारम्भ करना आवंटित महाविद्यालय में शुल्क भुगतान की अंतिम तिथि 13 से 18 जून 2025 होगी।

मानसून की आहट मिलते ही तैयारी में जुटे किसान जल्द तेज बारिश होने की बढ़ी उम्मीदें

खेत तैयार करने में किसानों की दिख रही मुस्तैदी

सीधी। विगत एक सप्ताह से मानसून के दस्तक देने के कारण हल्की बारिश होने लगी है। सीधी जिले में कुछ स्थानों में तेज बारिश भी हो रही है। मौसम का मिजाज बदलने से भीषण गर्मी से लोगों को कुछ राहत मिलने लगी है। नौतपा के अंतिम दिनों में भी हल्की बारिश होने से मौसम खुशगवार बना हुआ है।

झ्र सुबह से जहां कुछ घंटे के लिए तेज धूप खिलती है उस दौरान सूर्यदेव आसमान से आग बरसाना शुरू कर देते हैं। दोपहर के बाद आसमान में घने बादल छाने लगते हैं और कई स्थानों में हल्की बारिश होती है। तत्संबंध में चर्चा के दौरान करगिल निवासी नागेन्द्र पाण्डेय ने बताया कि मौसम का जिस तरह से मिजाज बना हुआ है उससे संभावना बन रही है कि जल्दी तेज बारिश हो सकती है। इस वर्ष मानसून की बारिश जल्दी आने की संभावना के चलते किसान भी अपने खेतों की तैयारी में जुटे हुए हैं। साथ ही तेज बारिश शुरू होने पर बोनी के लिए उन्नत बीज की व्यवस्था भी बनाई जाएगी।

सभी किसान इस प्रयास में हैं कि तेज बारिश का सिलसिला शुरू हो जाए जिससे खेती.किसानी का काम भी समय पर शुरू हो जाए। मानसून की बारिश आरंभ में तो हो जाती है लेकिन जब बोनी का समय आता है तो उस दौरान आसमान से बादल ही गायब हो जाते हैं।

अज्ञानता और विचार हीनता मानवता के विनाश के दो सबसे बड़े कारण है।

ब्रह्मपुत्र के बहाव रोकने चीन की भारत को धमकी

पाकिस्तान के पक्ष में और भारत के खिलाफ खड़ा हुआ चीन

चीन की ओर से भारत को धमकी दी गई है, वह चीन से भारत जाने वाले ब्रह्मपुत्र नदी का पानी रोक सकता है। यह एक कूटनीतिक चेतावनी नहीं, बल्कि इसे चीन के रणनीतिक हथियार के रूप में देखा जाना चाहिये। यह एक बेहद गंभीर मामला है। ब्रह्मपुत्र का पानी उत्तर-पूर्व भारत के करोड़ों लोगों की जीवन रेखा है। जल जैसे प्राकृतिक संसाधन को राजनीतिक दबाव बनाने के लिए इस्तेमाल करना न केवल अमानवीय है, बल्कि अंतरराष्ट्रीय संधियों और पड़ोसी देशों के प्रति उत्तरदायित्व की भावना का उल्लंघन है। भारत ने पाकिस्तान का पानी रोकने का जो निर्णय लिया है उसके बदले में चीन ने पाकिस्तान के समर्थन में भारत के खिलाफ यह धमकी दी है, वह भी ब्रह्मपुत्र का पानी रोक देगा। पिछले कुछ वर्षों में चीन ने जिस तरह पाकिस्तान को खुला समर्थन दिया है, वह भारत के लिए दोहरी चुनौती बन चुका है। एक ओर लद्दाख और अरुणाचल की सीमा पर चीन की आक्रामकता, दूसरी ओर पाकिस्तान को सैन्य, आर्थिक और कूटनीतिक समर्थन देकर भारत के खिलाफ अप्रत्यक्ष मोर्चा खोलना, भारत के खिलाफ चीन की एक दीर्घकालिक रणनीति का हिस्सा है। ब्रह्मपुत्र का जल प्रवाह रोकने की धमकी उसी रणनीति का विस्तार है, जिसमें चीन जल को भी जियो-पॉलिटिकल हथियार की तरह इस्तेमाल करना चाहता है। भारत को चाहिए वह इस स्थिति से सतर्क होकर बहुपक्षीय मंचों पर चीन की इस आक्रामक नीति को उजागर करे। जलवायु परिवर्तन और सीमा-पार नदियों के जल-संविधान पर आधारित अंतरराष्ट्रीय संधियों का हवाला देते हुए चीन पर कूटनीतिक दबाव बनाया जाए। भारत को अपनी उत्तर-पूर्वी जलनीति को और अधिक सुदृढ़ करना होगा, जिसमें जल संग्रहण, पुनर्चकृण और स्थानीय जल संसाधनों का दोहन शामिल हो। यह भी आवश्यक है, भारत अपने पारंपरिक सहयोगियों जापान, अमेरिका और एसियान देशों के साथ मिलकर एक व्यापक रणनीति बनाए। जो केवल सीमा सुरक्षा तक सीमित न हो, वरन जल, साइबर और तकनीकी मोर्चों पर भी एक जुटता के साथ तैयार रहें। ब्रह्मपुत्र कोई सामरिक हथियार नहीं, बल्कि प्रकृतिजन्य, सभी जीवों और मानव के लिए प्रकृति का उपहार है। यदि चीन उसे हथियार बनाना चाहता है तो यह केवल भारत ही नहीं बल्कि समूचे एशिया के लिए खतरे की घंटी है। भारत को संयम के साथ ठोस नीति और दृढ़ता से जवाब देना होगा। ताकि जल को हथियार बनाने की इस खतरनाक प्रवृत्ति पर रोक लगाई जा सके। चीन को यह मौका भारत ने ही दिया है। इस दिशा में भारत को भी गंभीरता के साथ चिंतन मनन करना चाहिए।

आतंकवाद के खिलाफ भारत में जो लड़ाई शुरू की थी उसमें जल संधि को ना मानते हुए पाकिस्तान का पानी रोकने की पहल भारत ने की थी, परिणाम स्वरुप चीन जैसे देशों को भी भारत के ही निर्णय को आधार मानकर भारत को घेरने की कोशिश की जा रही है। भारत सरकार ने इसकी गंभीरता पर ध्यान ना देते हुए जो निर्णय लिया है वह भी एक तरह से अमानवीय है। कूटनीति और विदेश नीति के मामले में भारत जिस तरीके से बिना सोचे-समझे निर्णय ले रहा है, जिस तरह की धमकियां पिछले कुछ वर्षों में भारतीय मीडिया और भारत के राजनेताओं द्वारा अन्य देशों के बारे में समय-समय पर दी जा रही हैं, उसके कारण भारत के अपने पड़ोसी देशों के साथ भी संबंध खराब हुए हैं। चीन ने इसका लाभ उठाया है। भारत के सभी पड़ोसी देशों के साथ चीन ने व्यापारिक और सामरिक संबंधों को बढ़ाया है। भारत के लिए चुनौतियां बढ़ाई हैं। चीन भारत के कब्जे वाले पूर्वोत्तर राज्यों में लगातार अशांति फैलाने का काम कर रहा है। चीन ने पिछले वर्षों में सीमावर्ती राज्यों में बड़े पैमाने पर अपनी गतिविधियां बढाकर भारत के लिए कड़ी चुनौती पैदा कर दी है। भारत के मीडिया ने तो गजब ही कर दिया है। झूठी और धमकी वाली खबरों को दिखाकर भारत को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कमजोर करने का काम किया है। सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार माध्यम के इस युग में, जिस तरह से भारतीय मीडिया काल्पनिक खबरों को फैलाने का काम करता है, उसको लेकर पड़ोसी देशों के साथ भारत के संबंध पिछले एक दशक में बड़ी तेजी के साथ खराब हुए हैं। भारत को बार-बार विश्व-गुरु के रूप में स्थापित करने और भारत की तीसरी और चौथी अर्थव्यवस्था को लेकर जो दावे भारत सरकार के हवाले से भारतीय मीडिया द्वारा किए जाते हैं, उसके कारण दुनिया के बड़े देशों के साथ भारत ने अपनी प्रतिस्पर्धा को बढ़ा लिया है। अधिकांश दावे वास्तविकता से बहुत दूर हैं। चीन ने इसका लाभ उठाया, बिना कुछ बोले और बिना कुछ हल्ला किये, भारत के साथ अपने व्यापार को बढ़ाते हुए, चीन ने भारत को चारों तरफ से घेरने के लिए पड़ोसी देशों का इस्तेमाल किया। उन्हें बड़े पैमाने पर कर्ज दिया। उनके साथ इस तरीके के समझौते किए, जिससे चीन की सामरिक शक्ति कई गुना बढ़ गई। चीन के राष्ट्रपति को भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने झूला झुलाया था। उन्हें अपना सबसे अच्छा मित्र बताया था। उनके मित्र ने उन्हें ऐसे समय पर धोखा दिया, जिसकी कल्पना भी नहीं की जा सकती है। चीन की इस रणनीति के कारण भारत को कई मोर्चों पर एक साथ लड़ना पड़ रहा है। ऐसा लग रहा है कि आस-पास हमने दुश्मनों की भीड़ इकट्ठी कर ली है। भारत सरकार को अपनी विदेश नीति, पड़ोसी देशों के साथ रिश्ते, पूर्वोत्तर राज्यों में शांति स्थापित करने जैसे महत्वपूर्ण काम करने की दिशा में आगे बढ़ना होगा। सरकार को विदेश नीति और कूटनीति के जानकारों को अपने साथ आगे लाना होगा। चीन ने जिस तरह से पाकिस्तान को खुला समर्थन दिया है, भारत के खिलाफ जिस तरह की कार्यवाही पिछले कुछ दिनों में चीन द्वारा की गई है। उससे भारत के व्यापारिक एवं सामरिक हितों को बड़ा नुकसान पहुंच रहा है। भारत सरकार को इस पर गंभीरता से विचार कर तुरंत निर्णय लेने होंगे। भारत का जो मीडिया है, उसके लिए जवाबदेही तय करनी होगी।

दुग्धशाला की शक्ति का परिचायक है आत्मनिर्भरता

दूध में कैल्शियम, मैग्नीशियम, ज़िंक, फास्फोरस, आयोडीन, आयरन, पोटैशियम, फोलेट्स, विटामिन ए, विटामिन डी, राइबोफ्लेविन, विटामिन बी-12, प्रोटीन आदि मौजूद होते हैं। गाय के वसा रहित दूध (स्किम्ड मिल्क) में कोलेस्ट्रॉल 2-5 मिलीग्राम प्रति 100 मिलीलीटर होता है। पूर्ण वसा (फुल क्रीम) वाले दूध में कोलेस्ट्रॉल 10-15 मिलीग्राम प्रति 100 मिलीलीटर होता है। आंकड़ों के अनुसार एक स्वस्थ्य व्यक्ति 300 मिलीग्राम कोलेस्ट्रॉल प्रतिदिन ले सकता है। अतएव दूध पीने से हृदयघात होने की संभावना नगण्य होती है। दूध में मुख्यतः केसिन और व्हेय नामक दो प्रोटीन पाए जाते हैं। दूध में प्रोटीन का 80 प्रतिशत हिस्सा केसिन के रूप में होता है और बाकी 20 प्रतिशत हिस्सा व्हे का होता है। दूध में व्याप्त केसिन प्रोटीन, कैल्शियम और फॉस्फेट के साथ मिलकर छोटे छोटे कण बनाते हैं जिन्हें मिसेल्स कहा जाता है। जब प्रकाश इन मिसेल्स से टकराता है तो यह प्रकाश अपरिवर्तित होकर फ़ैल जाता है। दूध में पाए जाने वाला वसा के कण (फैट ग्लोबुल्स) भी प्रकाश के प्रकीर्णन का कारण बनते हैं। अतएव दूध का रंग सफ़ेद दिखाई देता है। कहने का तात्पर्य यह है कि जिस दूध में जितना ज्यादा वसा (फैट) होगा उसका रंग उतना ही सफ़ेद दिखाई देगा। गाय के दूध में भैंस के दूध की अपेक्षा वसा (फैट) कम होता है और केसिन नामक प्रोटीन भी कम होता है। इसलिए गाय का दूध हल्का पीला दिखाई देता है। दूध में कैरोटीन और कैसिन नामक दो वर्णक (पिगमेंट) होते हैं जो उसके रंग को प्रभावित करते हैं। अतएव कैरोटीन की वजह से गाय के दूध में हल्का पीला रंग होता है, जबकि कैसिन की वजह से दूध का रंग सफेद होता है। भैंस के दूध में केरोटीन कम होता है और फैट ज्यादा। जबकि गाय के दूध में केरोटीन ज्यादा और फैट अपेक्षाकृत कम होता है। अतएव हम कह सकते हैं कि दूध एक अपारदर्शी, सफेद तरल उत्पाद है।

डेयरी शब्द को दुग्ध उद्योग से जोड़ कर देख सकते हैं। दूध को विभिन्न डेरी उत्पादों में परिवर्तन के लिए प्रसंस्करण किया जाता है। दूध के विभिन्न उप उत्पाद भी होते हैं जिन्हे तकनीकी भाषा में मिल्क बाई प्रोडक्ट (दूध के उप उत्पाद) भी कहा जाता है। डेयरी उत्पाद में दूध प्राथमिक घटक के रूप में प्रयोग होता है। जैसे की दूध, दही, पनीर, आइसक्रीम। डेयरी उप उत्पादों में व्हेय, छाछ, स्किम मिल्क, घी के अवशेष (घी रेज़िड्यू) आदि आते हैं। दूधऔर डेयरी (दुग्धशाला) का सम्बन्ध बगिया और माली जैसा है। जिस प्रकार एक माली अपनी बगिया को सींचता और सम्हालता है। उसी प्रकार एक माली रूपी डेयरी (दुग्धशाला), बगियारूपी दूध को सम्हालता और संरक्षित करता है। डेयरी (दुग्धशालाएँ) दूध की सुंदरता और उनकी दिव्यता का द्योतक है। दूध का रखरखाव और उसको ताजा बनाए रखने की जिम्मेदारी डेयरी (दुग्धशाला) की होती है। जिसको तकनीकी भाषा में शेल्फ लाइफ ऑफ़ मिल्क कहा जाता है। अर्थात दूध की पोषकता को लम्बे समय तक बनाए रखना। पोषकता का सम्बन्ध शुद्धता से होना चाहिए। शुद्ध दूध ही एक स्वस्थ्य शरीर का परिचायक है। डेयरी उद्योगों (दुग्धशालाओं) के लिए शुद्धता ही प्राथमिकता होनी चाहिए। अधिकांश डेयरी उद्योग (दुग्धशालाएं) शुद्धता का ख्याल रखते हैं और शुद्ध दूध को ही जन जन तक पहुँचाते हैं। भारत में ब्रांडेड डेयरी (दुग्ध्शाला) में अमूल, पारस, ज्ञान, नमस्ते इंडिया, सुधा, आदि डेयरी आती है। भारत में ग्रामीण क्षेत्रों में भी बहुत सी लोकल सर्टिफाइड डेयरी (दुग्धशालाएँ) काम कर रही हैं। ये सभी गुणवत्ता व शुद्धता के मामले में काफी आगे हैं। ये सभी डेयरी दूर दराज में रहने वाले लोगों के लिए राम बाण साबित होती हैं। जिस शहर और क्षेत्र में दुग्ध उत्पादन की कमी होती है, वहाँ इन डेयरी (दुग्ध्शाला) द्वारा कमी को पूरा किया जाता है। कुल मिलाकर जनसँख्या के हिसाब से दूध की जितनी खपत है भारत दूध का उतना उत्पादन करने में सक्षम है। अतएव हम कह सकते हैं कि दुग्धशालाएं, दूध को संरक्षित और सुरक्षित करती हैं। विश्व में भारत दुग्ध उत्पादन में प्रथम स्थान रखता है। वर्ष 2025 में विश्व दुग्ध दिवस की 25 वीं वर्षगाँठ मनाई जा रही है। विश्व दुग्ध दिवस प्रत्येक वर्ष 1 जून को मनाया जाता है। विश्व दुग्ध दिवस 2025 का थीम/प्रसंग है- आइए डेयरी की शक्ति का जश्न मनाएं। असली मायने में हम डेयरी की शक्ति का जश्न तभी मना सकते हैं जब हर घर दूध और दूध से बने उत्पाद शुद्धता के साथ पहुंचे। डेयरी उत्पाद का शुद्ध होना आवश्यक है। शुद्धता ही असली स्वास्थ्य की निशानी है। तभी हम कह सकते हैं कि दूध व दूध से बने उत्पाद वैश्विक पोषण का आधार हैं। भारत में राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड डेयरी उद्योग के विस्तार के लिए काम करती है। राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड (एन डी डी बी) के संस्थापक डॉ. वर्गीस कुरियन थे। डॉ. वर्गीस कुरियन को भारत में श्वेत क्रांति का जनक भी कहा जाता है। लोगों या किसानों को डेयरी के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने के लिए सरकार की कुछ योजनाएं हैं जिनका लाभ उठाया जा सकता है। भारत सरकार की डेयरी उद्यमिता विकास योजना (डी ई डी एस) के तहत आम नागरिक और किसान मिल्क कलेक्शन सेंटर खोल सकते हैं। उत्तर प्रदेश सरकार की नंदिनी कृषक समृद्धि योजना, कामधेनु डेयरी योजना, नंद बाबा डेयरी मिशन आदि योजनाएं एक सफल डेयरी उद्योग खोलने में मदद कर सकती हैं। अतः बिना डेयरी उद्योग (दुग्धशाला) के दूध की दिव्यता अधूरी है। यह कहने में अतिश्योक्ति नहीं होगी कि दूध की दिव्यता का स्रोत डेयरी (दुग्धशाला) ही हैं। डेयरी (दुग्धशाला) सेक्टर आत्मनिर्भरता की कुंजी है। देश में बढ़ते डेयरी उद्योग लोगों को आत्मनिर्भर बना रहे हैं। आत्मनिर्भरता स्वतन्त्रता का सूचक है। स्वतन्त्रता सकून और शांति को जन्म देती है। अतएव हम कह सकते हैं कि आत्मनिर्भरता डेयरी (दुग्धशाला) की शक्ति का परिचायक है।

हम नहीं देख पाए, वो अब भी गा रहे थे- गांव की बाल्कनी से उड़ती स्मृतियाँ

शहरों की भीड़ में रहते हुए हम जैसे संवेदना शून्य होते चले जाते हैं। वहां सुबह मोबाइल अलार्म से होती है, यहां मुर्गे की बांग से। वहां हवा एसी की होती है, यहां आम के पेड़ की। वहां आसमान धुंध से भरा होता है, यहां पक्षियों की उड़ान से।

शहर की चमचमाती सड़कों, ऊंची इमारतों और बंद खिड़कियों के पीछे जब हम जीवन को व्यस्तताओं की कैद में जी रहे होते हैं, तब कहीं दूर गांवों की बाल्कनियों में जीवन अब भी खुले आकाश के नीचे साँस ले रहा होता है। वहां सुबहें अब भी चिड़ियों की चहचहाहट से शुरू होती हैं, दोपहरें कोयल की तान से सजी होती हैं, और रातें उल्लुओं की टेर में गूंजती हैं। यह लेख उन्हीं स्मृतियों और अनुभवों की यात्रा है — एक गांव की बाल्कनी में बैठकर महसूस की गई उस दुनिया की, जो कभी हमारी थी, लेकिन जिसे हमने शहर के शोर में कहीं खो दिया।

जब मैं हाल ही में गांव आई, तो एक शाम अपनी बाल्कनी में बैठी थी। अचानक एक चिड़िया ने ध्यान खींचा। वो जानी-पहचानी सी लगी — भूरे और सफेद रंग की, फुर्तीली और बेहद चंचल। उसे देखते ही जैसे मन के किसी कोने से आवाज़ आई — धौर्रईया! हाँ, यही तो कहते थे हम बच्चे जब नानी के घर आया करते थे। गर्मियों की छुट्टियों में जब पूरा कुनबा गांव में इकट्ठा होता, तो आंगन में बैठकर हम सब बच्चे इन्हीं चिड़ियों के पीछे भागते, उन्हें दाना डालते, और उनके नामों पर बहस करते। ये गौरैया नहीं, धौर्रईया है, मेरा चचेरा भाई अकड़कर कहता।

शहर में रहते हुए पक्षियों की पहचान ही सीमित हो जाती है। कौए, कबूतर, तोते और कभी-कभार गौरैया — बस यही दिखाई देते हैं। लेकिन यहां गांव में जैसे किसी भूली-बिसरी किताब के पन्ने फिर से खुल गए हों। मेरी बाल्कनी के सामने ही एक पेड़ है, जिस पर सुबह-सुबह मैना और बुलबुल आती हैं। दूर खेतों में मोर नाचते हैं, और उनकी कूक जैसे किसी पारंपरिक संगीत का हिस्सा हो। नीलकंठ की एक झलक भी दिखती है, और वो नीला रंग आंखों को ताजगी देता है। टिटहरी की टिट-टिट, जलमुर्गी की फुर्ती, कोयल की कुहू-कुहू, और तितर की दौड़ — ये सब मिलकर एक ऐसी सजीव दुनिया रचते हैं जिसे शहरों में हमने कभी ठीक से जाना ही नहीं।

शहरों की भीड़ में रहते हुए हम जैसे संवेदना शून्य होते चले जाते हैं। वहां सुबह मोबाइल अलार्म से होती है, यहां मुर्गे की बांग से। वहां हवा एसी की होती है, यहां आम के पेड़ की। वहां आसमान धुंध से भरा होता है, यहां पक्षियों की उड़ान से।

रात के सन्नाटे में जब गांव में दो उल्लू नियमित रूप से आकर एक पुराने नीम के पेड़ पर बैठते हैं, तो एक अलग ही एहसास होता है। शहर में उल्लू शब्द एक अपमान या अंधविश्वास से जुड़ा होता है, लेकिन यहां वो जैसे रात के शिक्षक हों — प्रकृति का संतुलन बनाए रखने वाले मौन प्रहरी।

जब मैंने अपनी नानी से पूछा कि इस चिड़िया को धौर्रईया ही कहते थे न, तो उन्होंने मुस्कुराते हुए सिर हिलाया, हाँ बिटिया, यही तो है। अब ये शहरों में कहां दिखती है। तुम लोग ही कहां रहते हो वहां, जो देख पाओगे।

इस बात ने भीतर तक झकझोर दिया। क्या सचमुच ये पक्षी विलुप्त हो रहे हैं, या हम ही उन जगहों से विलुप्त हो गए हैं जहां जीवन और प्रकृति एकसाथ सांस लेते हैं?

समानता का संदेश

पैगंबर मोहम्मद साहब ने मक्का विजय के बाद एक नीग्रो गुलाम बिलाल को पवित्र काबा की छत पर चढ़कर नमाज के लिए अजान देने का हुक्म दिया। बिलाल ने कुछ ही समय पहले इस्लाम अपनाया था। जब वह पवित्र काबा की छत पर चढ़ा तो कुछ कुलीन अरब नागरिक चिल्लाकर बोले, ओह! बुरा हो उसका, वह काला हब्शी अजान के लिए पाक काबा की छत पर चढ़ गया।

अश्वेतों के प्रति यह पूर्वाग्रह देख पैगंबर मोहम्मद साहब परेशान हो गए। उन्होंने कहा, ऐ लोगो! यह याद रखो कि सारी मानव जाति केवल दो श्रेणियों में बंटी है। पहली धर्मनिष्ठ, खुदा से डरने वाली, जो खुदा की दृष्टि में सम्मानित है। दूसरी जो उल्लंघनकारी, अत्याचारी, अपराधी, निर्दयी और कठोर है, जो खुदा की नजर में गिरी हुई है। संसार के सभी लोग एक ही आदमी की औलाद हैं।

अल्लाह ने आदम को मिट्टी से पैदा किया था। इसकी सत्यता का प्रमाण पवित्र कुरआन में इन शब्दों में दिया गया है ऐ लोगो! हमने तुमको एक मर्द और एक औरत से पैदा किया और तुम्हारी विभिन्न जातियां और वंश बनाए, ताकि तुम एक दूसरे को पहचानो। असल में अल्लाह की निगाह में तुममें सबसे अधिक सम्मानित वह है, जो अल्लाह से सबसे ज्यादा डरने वाला है। अल्लाह पूरी तरह खबर रखने वाला है।

मोहम्मद साहब ने अपने अनुयायियों को हमेशा रूप-रंग, जाति-नस्ल, ऊंच-नीच या किसी भी किस्म के भेदभाव से दूर रहने को कहा। इन उपदेशों से अरब प्रभावित हुए और उन्होंने उनका पूरी तरह पालन किया। उन्होंने इस्लाम अपनाने वाले गुलाम नीग्रो लोगों से अपनी बेटियां ब्याह कर उनसे सम्मानजनक संबंध बनाए।

शुभ संवत 2082, शाके 1947, सौम्य गोष्ठ, ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष, ग्रीष्म ऋतु, गुरु उदय पूर्वे शुक्रोदय पूर्वे गुरु अस्त पश्चिमी तिथि सप्तमी, सोमवासरे, मघा नक्षत्रे, व्यय योगे, गर करणे, सिंह की चंद्रमा, भद्रा 46/20, मूल समाप्त रात्रि 2.29 तक नवतपा समाप्त तथापि पूर्व दिशा की यात्रा शुभ होगी7

आज जन्म लिए बालक का फल.......

आज जन्म लिया बालक योग्य, बुद्धिमान, चपल, चतुर, चंचल, स्वाभिमानी, उत्तम वृत्ति वाला, योगी-भोगी, वक्ता, अधिवक्ता, शासक प्रशासक, लकड़ी का व्यापारी होगा।

मेष राशि :- किसी शुभ समाचार के मिलने का योग है, व्यवसायिक स्थिति ठीक होगी7
वृष राशि :- मनोवृत्ति संवेदनशील रहेगी, कार्यगति अनुकूल चिन्ता कम अवश्य होगी7
मिथुन राशि :- किसी प्रलोभन से हानि, मनोवृत्ति संवेदनशील रहेगी तथा कार्यगति उत्तम होगी7
कर्क राशि :- अनायास यात्रा में उद्विग्नता बने, स्त्री वर्ग से कुछ वाद विवाद परेशानी बनेगी7
सिंह राशि :- विरोधियों के षड़यंत्र से मानसिक परेशानी होगी तथा बेचैनी बढ़ेगी ध्यान रखे7
कन्या राशि :- शारीरिक कष्ट, राजभय तथा व्यापार उद्योग धंधे में अड़चन के बाद लाभ होगा7
तुला राशि :- व्यवसाय योग निश्चय, धार्मिक कार्य, कष्ट, व्यय परेशानी बनेगी7
वृश्चिक राशि :- बाधा, उलझाने, लाभ यात्रा से कष्ट तथा व्यय अनाप शनाप अवश्य होगा7
धनु राशि :- शत्रु भय मुकदमे में जीत, रोग भय, व्यय होगा, व्यापार में सुधार अवश्य होगा7
मकर राशि :- व्यापार में लाभ, शत्रु भय, धन सुख, धार्मिक खर्च बनेंगे, लाभ होगा।
कुंभ राशि :- कलह, व्यर्थ खर्च, सफलता प्राप्त, विरोधी असफल रहेंगे, व्यापार बढ़ेगा।
मीन राशि :- स्वजन सुख, पुत्र चिन्ता, सुख की हानि, व्यापार की स्थिति अच्छी बनी रहेगी7

रामसेतु राष्ट्रीय धरोहर स्मारक घोषित हो

इसरो के जोधपुर और हैदराबाद राष्ट्रीय अनुसंधान संस्थानों के वैज्ञानिकों ने रामेश्वरम द्वीप और रामसेतु के निर्माण का श्रेय प्राकृतिक भूवैज्ञानिक प्रक्रियाओं को दिया है, जिसमें टेक्टोनिक गतिविधि, वायु क्षरण और समुद्री क्रियाएं शामिल हैं। पैलियोग्राफिक साक्ष्य संकेत देते हैं कि लगभग 6,000 से 7,000 साल पहले, पंबन के पास समुद्र का स्तर अपने वर्तमान स्तर से लगभग 17 मीटर नीचे था; लगभग 10,000 साल पहले, यह लगभग 60 मीटर कम था; और लगभग 20,000 साल पहले अंतिम हिमनद के दौरान, समुद्र का स्तर वर्तमान स्तरों से लगभग 120 मीटर नीचे था। इस सिद्धांत के अनुसार कि रामसेतु प्राकृतिक रूप से बलुआ पत्थर, चूना पत्थर और मिट्टी के अवसादन से उत्पन्न हुआ था, भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) का मानना था कि धनुषकोडी और थलाइमन्नार 2003 में, इसरो के समुद्री और जल संसाधन समूह ने भारतीय रिमोट सेंसिंग उपग्रहों के डेटा का विश्लेषण किया - विशेष रूप से, आईआरएस-पी4 (अप्रैल 2002) से महासागर रंग मॉनिटर डेटा और आईआरएस-1डी (मार्च-मई 2000) से लिस-द्धद्धद्ध डेटा - यह जांचने के लिए कि क्या राम सेतु मानव निर्मित था या प्राकृतिक कोरलीन संरचना थी। यह परिकल्पना की गई थी कि 103 छोटे, रैखिक पैच रीफ से बना यह पुल कार्बनिक कोरलीन जमा को ओवरले करता है। इसका रैखिक आकार बताता है कि भारतीय प्रायद्वीप कभी श्रीलंका से जुड़ा था। हालांकि, नासा की छवियों की वैकल्पिक व्याख्याओं ने राजनीतिक और धार्मिक दृष्टिकोण पेश किए, कुछ लोगों ने अनुमान लगाया कि राम सेतु कृत्रिम रूप से बनाया गया था नासा के अधिकारी मार्क हेस ने कहा कि द्वीपों की श्रृंखला की उत्पत्ति या आयु के बारे में कोई प्रत्यक्ष जानकारी नहीं है, न ही यह कि उनके निर्माण में मनुष्यों की कोई भूमिका थी। नल और नील दोनों रामायण काल के बड़े इंजीनियर थे. उन्होंने जांच मुआयना और सर्वे के बाद समुद्र पर पत्थर बिछाकर ये पुल बांधा था राम सेतु निर्माण में हनुमान ने नल और नील को हर पत्थर पर राम का नाम लिखने में मदद की, ताकि पत्थर आपस में चिपक जाएं और पुल मजबूत रहे. रावण की हार और राम की वानर सेना से जुड़े युद्ध के समापन के बाद, उन्होंने क्या किया? अगर पूछा जाए कि समुद्र पर देश का पहला बड़ा पुल किसने बनाया, तो सबूतों के आधार पर जवाब होगा राम सेतु। अगर वानर सेना के दो इंजीनियर वानरों नल और नील ने रामसेतु नहीं बनाया होता है तो श्रीराम के लिए अपनी सेना को लंका तक पहुंचाना मुश्किल हो जाता. भारतीय न्यायालयों में दायर याचिकाओं के हिस्से के रूप में प्रस्तुत की गई छवियों ने यह सुझाव देते हुए सबूत प्रदान किए कि राम सेतु न केवल एक मानव निर्मित संरचना से बनाया गया है, बल्कि यह लगभग 1.75 मिलियन वर्ष पुराना है, जो कि त्रेता युग में भगवान राम के काल (भारतीय पौराणिक कथाओं के अनुसार) के दौरान हुआ था।यह कोई छोटी संरचना नहीं थी; यह कई किलोमीटर तक फैली हुई थी। हालाँकि उस समय औपचारिक रूप से इंजीनियरिंग नहीं पढ़ाई जाती थी, लेकिन नल और नील ने यह कारनामा कर दिखाया। सैटेलाइट इमेज, वैज्ञानिक अध्ययन और चल रही जांच सभी रामेश्वरम से श्रीलंका तक फैले एक पुल के अस्तित्व का समर्थन करते हैं, जिसमें समुद्र के नीचे पत्थरों की एक स्पष्ट रेखा दिखाई देती है। यह समय-सीमा होमो सेपियंस की उत्पत्ति के साथ मेल नहीं खाती है, जो लगभग 200,000 साल पहले विकसित हुई थी, न ही लगभग 100,000 साल पहले भारतीय उपमहाद्वीप पर पहली बस्तियों के साथ। कई द्वीप श्रृंखलाएँ और समुद्री पहाड़ियाँ - जैसे कि फिलीपींस और जापान में सबडक्शन-ज़ोन ज्वालामुखी के परिणामस्वरूप, हवाई द्वीप लिथोस्फेरिक आंदोलन के कारण, आइसलैंडिक मध्य-महासागर लकीरें, सेंट हेलेना के पास परिवर्तन दोष, और कैरिबियन और लैटिन अमेरिका में समुद्री अवसादन - भूवैज्ञानिक इतिहास में सामान्य विशेषताएं हैं। इनमें से कई समुद्री संरचनाएँ बेसाल्टिक हैं, जो आग्नेय गतिविधि के ठंडा होने से बनी हैं। इसके विपरीत, राम सेतु में किसी भी ज्ञात आग्नेय या ज्वालामुखीय आधार का अभाव प्रतीत होता है। मद्रास विश्वविद्यालय में प्राकृतिक खतरों और आपदा अध्ययन केंद्र के वी. राम मोहन के अनुसार, पुल के लिए भूवैज्ञानिक स्पष्टीकरण परिस्थितिजन्य साक्ष्य पर आधारित हैं, प्रचलित सिद्धांत यह है कि बढ़ी हुई तलछट या समुद्र तल सहसंबंध सबसे प्रशंसनीय स्पष्टीकरण प्रदान करता है। मद्रास विश्वविद्यालय के कुलपति एस. रामचंद्रन ने उल्लेख किया कि राम सेतु में देखी गई गतिशील तलछट प्रक्रियाएँ अटलांटिक तट के साथ आम हैं। इसके अलावा, प्रसिद्ध भूविज्ञानी एन. रामानुजम ने बताया कि पुल का निर्माण भारतीय प्लेट के अपने दक्षिणी क्षेत्रों से अलग होने, यूरेशियन भूभाग से टकराने और उसके बाद टेक्टोनिक गतिविधि और तलछट के कारण हुआ - जिसका एक परिणाम कावेरी बेसिन है। इस प्रक्रिया के कारण रिज संरचनाओं का विकास हुआ, जिसके बाद कोरल और एटोल संरचनाएँ बनीं, जिसने धनुषकोडी और थलाइमन्नार स्पिट्स से जमा को आकर्षित किया, जिससे राम सेतु के लघु द्वीपों जैसे पनडुब्बी शोल का निर्माण हुआ। यह जटिल विद्वत्तापूर्ण व्याख्या भारतीय जनता के लिए काफी पेचीदा थी। 2007 की शुरुआत में, भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) के समर्थन से, भारत सरकार ने सर्वोच्च न्यायालय में एक हलफनामा प्रस्तुत किया जिसमें कहा गया कि रामसेतु अंततः ज्वार की क्रिया और अवसादन के परिणामस्वरूप एक प्राकृतिक संरचना थी। कोरल की उपस्थिति के आधार पर, एएसआई ने तर्क दिया कि संरचना मानव निर्मित नहीं थी और इसलिए, इसे ऐतिहासिक या पुरातात्विक स्मारक के रूप में वर्गीकृत नहीं किया जा सकता है। नतीजतन, इस प्राचीन संरचना को चटर्जी-एडम ब्रिज विनियमों के तहत एक स्मारक के रूप में संरक्षण के लिए अयोग्य माना गया हालांकि, सितंबर में सरकार ने न्यायालय से हलफनामा वापस ले लिया। संस्कृति मंत्रालय ने हलफनामे में कम से कम तीन खंडों को हटाने का सुझाव दिया था, जिन्हें पवित्र हिंदू मान्यताओं के विपरीत माना जा सकता था; लेकिन हलफनामे को प्रस्तुत किए जाने से पहले उनमें से केवल दो को हटाया गया। हटाए नहीं गए खंडों में से एक रामायण की ऐतिहासिकता की कमी से संबंधित था, जिसने जल्द ही विवाद को जन्म दे दिया। संस्कृति मंत्री ने इस मामले पर अपना इस्तीफा दे दिया, जबकि वाणिज्य मंत्री, जो उसी राजनीतिक गुट से हैं, ने कहा कि यदि वे संबंधित विभाग के प्रमुख होते तो वे भी इस्तीफा दे देते।

फिल्म वर्ग पहेली- 6861



बायें से दायें:-

१. अमिताभ, सलमान, जॉन, हेमा, रानी की फिल्म-३
३. 'हैलो हैलो बोल के' गीत वाली सुनील शेट्टी, शिल्पा शेट्टी की फिल्म-३
५. जैकी, अनिल, शत्रुघ्न, हेमा, टीना मुनीम की फिल्म-२
६. 'मैं लव तुम से' गीत वाली फिल्म-३
७. कंवलजीत, वहीदा की फिल्म-३
९. 'झूठी मूठी मितवा सांवन' गीत वाली फिल्म-३
११. नवीन निश्चल, प्राण, रेखा की 'ना सतरा से ऊपर' गीत वाली फिल्म-२
१३. 'हर इक लब पर है' गीत वाली श्रेयस तलुदे, आयशा टकिया की फिल्म-२
१५. शाहरूख, मनीषा, प्रीति, शिल्पा की फिल्म-२,१
१७. अमिताभ, जया भादुड़ी की फिल्म-२
१९. 'मुझे तुम याद' गीत वाली फिल्म-३
२०. अमिताभ, गोविंदा, रजनीकांत, किमी की फिल्म-२
२२.'दिल में जिगर' गीतवाली फिल्म-२
२३. हिंदी फिल्मोंका पहला 'ही-मैन' किसे कहा गया है-४
२४. जीतेंन्द्र, जयप्रदा की एक पारिवारीक फिल्म-१
२५. 'सौ सवालों का' गीत वाली धर्मेन्द्र, अनिलकपूर, मीनाक्षी की फिल्म-३
२७. अमिताभ, जैकी, जावेद, कैटरीना, मधु, सीमा, जीनत की फिल्म-२
२८. 'जुड़वाँ' में सलमान के साथ करिशमा के अलावा दूसरी नायिका कौन थी-२
२९. राजेश खन्ना, शर्मिला टैगोर की फिल्म-३
३१. फिरोज, संजय, मनीषा की 'आखिर तुम्हें आना है' गीत वाली फिल्म-४
३२. 'मेरा दिल जिस दिल' गीत वाली अनिल, अक्षय, करीना की फिल्म-३

ऊपर से नीचे:-

१. राहुल राय, शीबा की फिल्म-३
२. आमिर खान, ग्रेसी सिंह की 'मधुबन में जो कन्हैया' गीत वाली फिल्म-३
३. 'जिन्हें हम भूलना चाहें वो' गीत वाली दीपक कुमार, रेहाना की फिल्म-३
४. शशिकपूर, राखी की 'आज मदहोश हुआ जाये रे' गीत वाली फिल्म-३
५. 'नाले नाले मैं चली' गीत वाली मिथुन, कबीर बेदी, संगीता की फिल्म-४
८. बॉबी, काजोल, मनीषा कोइराला की 'मेरे ख्वाबों में तू' गीत वाली फिल्म-२
१०. 'अब चाहे सर फूटे या' गीत वाली राजेश खन्ना, राखी, शर्मिला टैगोर की फिल्म-२
१२. कुमार गौरव, माधुरी की 'पहली बारिश मैं और तू' गीत वाली फिल्म-२
१३. 'सजना साथ निभाना' गीत वाली राजेश खन्ना, बबीता की फिल्म-२
१४. सुनीलदत्त, माला की 'आजा आजा रे तुझको मेरा प्यार' गीत वाली फिल्म-४
१५. 'जान तन से' गीत वाली जैकी श्रॉफ, फरहा की फिल्म-४
१६. प्रशांत, संध्या की 'तुम तो प्यार हो सजना' गीत वाली फिल्म-३
१८. 'खुशी से खुदकुशी' गीत वाली फिल्म-५
२१. सनी, जीतेंन्द्र, फरहा, जयाप्रदा की फिल्म-४
२६. 'आँखों आँखों में हो गए' गीत वाली फिल्म-३
२९. नसीर, अतुल, पूजा भट्ट की फिल्म-२
३०. 'रंग दीन्हीं रंग दीन्हीं' गीत वाली फिल्म-२

फिल्म वर्ग पहेली- 6860

पि	या	का	घ	र		ह	थ	क	ड़ी
ता	श		गैं		दो	स्ती		न्या	
	ना	खु	दा		बा		अं	दा	ज
ह		श		कुं	द	न		न	
म	ज	बु	र		न	ज	र		म
सा	या		त	ब्बू		श		डॉ	न
या		आ	न		कि	ना	श		च
	गै	र		मै	ला		म	वा	ली
प्या		पा	पी			श	जा		
सा	ग	र		श	खी		ने	पा	ल

Jagrutidaur.com, Bangalore

यूएन सम्मेलन में पाकिस्तान पीएम शहबाज ने रोया पानी का रोना

-भारत ने लगाई लताड़ा कहा- पाक ने पहले ही तोड़ दी थी सिंधु जल संधि

जेनेवा। पहलगाम में आतंकी हमले के बाद भारत ने सबसे पहले पाकिस्तान की नस दबाई और सिंधु जल संधि को निरस्त कर दिया। इसके बाद पाकिस्तान ने दुनिया के कई देशों के सामने मिन्नतें कीं। ताजिकिस्तान के दुशांबे में हिमनदों पर संयुक्त राष्ट्र के पहले सम्मेलन को संबोधित करते हुए विदेश राज्य मंत्री कीर्तिवर्धन सिंह ने कहा है कि सबसे पहले पाकिस्तान ने सिंधु जल संधि का उल्लंघन किया। उसने सीमा पार से आतंक और दहशतगर्दी करके इस संधि का उल्लंघन किया है। यूएन के एक वैश्विक प्लेटफॉर्म पर पाकिस्तान के पीएम शहबाज शरीफ ने पानी का रोना रोया था। उन्होंने कहा कि भारत पानी को हथियार बना रहा है। शहबाज शरीफ की बात का जवाब देते हुए विदेश कीर्तिवर्धन ने कहा कि पाकिस्तान सिंधु जल संधि का जिक्र करके इस तरह के अंतरराष्ट्रीय मंच का दुरुपयोग कर रहा है। उन्होंने कहा कि संधि की प्रस्तावना में कहा गया है कि इसे सद्भावना और मैत्री की भावना से संपन्न किया गया, और इस संधि का सद्भावपूर्वक सम्मान करना जरुरी है।

उन्होंने कहा कि पाकिस्तान ने जिस फोरम में सिंधु जल संधि का मुद्दा उठाया है उसका इससे कोई लेना देना नहीं है। ऐसे में वह अंतरराष्ट्रीय संगठनों का भी सम्मान नहीं करता है। कीर्तिवर्धन ने कहा कि समय बदलने के साथ ही तकनीक, भूराजनीतिक और जलवायु में परिवर्तन हुआ है। ऐसे में इस संधि का पुनर्मूल्यांकन करने की जरूरत थी। इसके अलावा पाकिस्तान जिस तरह से आतंकियों को पनाह दे रहा है उसके साथ नरमी नहीं बरती जा सकती।

उन्होंने कहा कि संधि का इतने लंबे समय से उल्लंघन करने वाले पाकिस्तान को भारत पर आरोप नहीं लगाना चाहिए। पाकिस्तानी पीएम शहबाज ने कहा था कि पाकिस्तान भारत को सिंधु जल संधि का उल्लंघन करके लाखों लोगों की जान से खिलवाड़ नहीं करने देगा। एक पाकिस्तानी अखबार ने शरीफ के हवाले से कहा है कि सिंधु बेसिन के पानी के बंटवारे को नियंत्रित करने वाली सिंधु जल संधि को स्थगित रखने का भारत का एकतरफा और अवैध निर्णय अत्यंत खेदजनक है।

बता दें जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत ने संधि को स्थगित करने समेत पाकिस्तान के खिलाफ कई सख्त कदम उठाए हैं। भारत और पाकिस्तान के बीच 1960 में सिंधु जल संधि पर हस्ताक्षर हुए थे, जिसमें विश्व बैंक भी हस्ताक्षरकर्ता था। यह संधि दोनों देशों के बीच सिंधु नदी प्रणाली के जल के बंटवारे को नियंत्रित करती है।

बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना को हो सकती है फांसी की सजा

ढाका। बांग्लादेश में एक ऐतिहासिक घटनाक्रम के तहत पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के खिलाफ इंटरनेशनल क्राइम ट्रिब्यूनल (आईसीटी-बीडी) में सुनवाई हो रही है। शेख हसीना को पिछले साल 5 अगस्त को व्यापक छात्र आंदोलनों के बाद सत्ता से हटाया गया था। उनके खिलाफ यूनुस सरकार ने कई आरोप लगे हैं। ये आरोप जुलाई-अगस्त 2024 के जन आंदोलन के दौरान हुई हिंसा से संबंधित हैं, जिसमें सैकड़ों लोग मारे गए थे।

भगोड़े नीरव मोदी का भारत आना तय, कोर्ट ने खारिज की याचिका

लंदन। भगोड़े हीरा व्यापारी नीरव मोदी की भारत वापसी लगभग तय है। नीरव मोदी को भारत प्रत्यर्पित करने के खिलाफ दाखिल अर्जी को बीते महीने यूके की कोर्ट ने खारिज कर दिया। बीते छह साल से ब्रिटेन की जेल में बंद मोदी की भारत वापसी में ये आखिरी कानूनी अड़चन थी। नीरव मोदी के वकील ने उसके प्रत्यर्पण के खिलाफ कोर्ट में कई तर्क दिए लेकिन कोर्ट को प्रभावित करने में नाकाम रहे।

गाजा धरती का सबसे भूखा स्थान घोषित, यूएन ने स्थिति को बताया गंभीर

-यदि हालात नहीं सुधरे तो इजराइल पर लगाएंगे प्रतिबंध

गाजा। संयुक्त राष्ट्र ने गाजा पट्टी को पृथ्वी का सबसे भूखा स्थान घोषित कर दिया है, जहां की करीब 24 लाख की आबादी अकाल के खतरे से जूझ रही है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक यूए मानवीय मामलों के समन्वय कार्यालय के प्रवक्ता ने कहा कि यह दुनिया का इकलौता ऐसा क्षेत्र है जहां 100 फीसदी लोग अकाल के जोखिम झेल रहे हैं।

उन्होंने कहा कि इजराइल द्वारा मानवीय सहायता की आपूर्ति रोके जाने और सैन्य हमलों के कारण स्थिति बेहद गंभीर है। गाजा में 11 सप्ताह की नाकाबंदी के बाद अंतरराष्ट्रीय दबाव के चलते कुछ सीमित मदद पहुंचने लगी है, लेकिन यह समुद्र में एक बूंद के समान है। यहां कम से कम 20 फीसदी लोग भुखमरी के शिकार हैं और 30 फीसदी बच्चे तीव्र कुपोषण के शिकार हैं। प्रतिदिन हजारों बच्चों में से कई भूख या उससे जुड़ी बीमारियों से मौत के मुंह में समा जाते हैं। सहायता अभियान बाधाओं में फंसा हुआ है और इजराइली अनुमति के बावजूद 900 में से केवल 600 ट्रक ही गाजा में प्रवेश कर पाए हैं। स्थानीय लोगों की हालत अत्यंत दयनीय है।

कई परिवार फफूंद लगी रोटियों से गुजारा कर रहे हैं। लोगों का कहना है कि अब सहायता केवल उन्हीं को मिल रही है जो ताकतवर हैं, बाकी खाली हाथ लौट जाते हैं। विश्व खाद्य कार्यक्रम (डब्ल्यूएफपी) के गोदाम पर भीड़ के चलते दो लोगों की मौत हो गई। फिलहाल इजराइल सिर्फ आटा ले जाने की अनुमति दे रहा है, जबकि तैयार भोजन की इजाजत नहीं है। 2 मार्च से लागू पूर्ण नाकाबंदी के चलते दवा, भोजन और ईंधन की आपूर्ति ठप है। मीडिया रिपोर्ट में स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक हाल ही के इजराइल के रियाहशी इलाकों में हमलों में 79 लोग मारे गए और 200 से ज्यादा घायल हुए हैं।

बच्चों और बुजुर्गों पर इसका सबसे बुरा असर पड़ा है। यूनिसेफ और डब्ल्यूएचओ की रिपोर्टों में भुखमरी और कुपोषण से स्थिति और खराब होने की आशंका जताई गई है। संयुक्त राष्ट्र महासचिव ने कहा कि गाजा को जहां राहत की बाढ़ चाहिए थी, वहां सिर्फ चम्मच भर मदद दी गई है। संघर्ष विराम की उम्मीदें भी धूमिल हैं क्योंकि हमास ने अमेरिकी प्रस्ताव को पक्षपातपूर्ण बताया है।

रविशंकर प्रसाद के नेतृत्व में लंदन पहुंचा सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल

लंदन। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद रविशंकर प्रसाद के नेतृत्व में एक सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल लंदन पहुंच गया है। सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल में डी पुरंदेश्वरी, प्रियंका चतुर्वेदी, गुलाम अली खटाना, अमर सिंह, समिक भट्टाचार्य, एम थंबीदुरई और पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री एमजे अकबर तथा राजदूत पंकज सरन शामिल हैं। ये नेता सामुदायिक समूहों, थिंक टैंक, सांसदों और प्रवासी नेताओं से मुलाकात करने वाले हैं।

पोलैंड में नए राष्ट्रपति के चुनाव के लिए मतदान

पोलैंड। पोलैंड में राष्ट्रपति के चुनाव के लिए रविवार को मतदान शुरू हुआ। यह चुनाव देश के राजनीतिक भविष्य और यूरोपीय संघ के साथ उसके संबंधों की दिशा तय करेगा। इस चुनावी मुकाबले में उदारवादी यूरोपीय संघ समर्थक एवं वारसॉ के मेयर रफाल ट्रजास्कोवस्की का मुकाबला दक्षिणपंथी 'लॉ एंड जस्टिस पार्टी' द्वारा समर्थित रूढ़िवादी इतिहासकार करोल नवरोकी से है।

चुनाव परिणाम यह तय करेगा कि पोलैंड राष्ट्रवादी मार्ग पर चलेगा या उदार लोकतांत्रिक व्यवस्था की ओर बढ़ेगा। देश के मौजूदा राष्ट्रपति आंद्रेज डूडा का दूसरा और अंतिम कार्यकाल समाप्त हो रहा है।

21 फलस्तीनियों की मौत, सहायता आपूर्ति प्राप्त करने जा रहे थे

गाजा। गाजा पट्टी में इजराइल समर्थित एक संगठन से सहायता आपूर्ति प्राप्त करने के लिए जाते समय कम से कम 21 फलस्तीनियों की मौत हो गई। यह जानकारी रेडक्रॉस द्वारा संचालित एक अस्पताल ने दी। अस्पताल में अधिकारियों ने बताया कि 175 अन्य लोग घायल हुए हैं। उन्होंने नहीं बताया कि उन पर गोलीबारी किसने की। गाजा ह्यूमैनिटेरियन फाउंडेशन द्वारा सहायता आपूर्ति का वितरण करने के दौरान अराजकता की स्थिति बनी है।

यूक्रेन की सीमा से सटे रूस के इलाके का पुल गिरा, ट्रेक पर मलबे से बेपटरी हुई ट्रेन, 7 की मौत

मॉस्को। रूस के पिलिशनो और व्यगोनिची स्टेशनों के बीच ट्रेन बेपटरी हुई जिसके कारण 7 लोगों की मौत हो गई जबकि 30 से अधिक लोग घायल हो गए। इससे पहले यहां का पुल गिर गया था जिसका मलबा पटरी पर पड़ा हुआ था। हो सकता है कि हादसा इसी वजह से हुआ हो। यह क्षेत्र यूक्रेन की सीमा से सटा हुआ है। रूसी परिवहन एजेंसी रोसावटोडोर के अनुसार, ट्रेन जिन पटरियों पर चल रही थी उस पर बना एक पुल ढह गया। अधिकारियों ने कहा कि यह दुर्घटना परिवहन संचालन में अवैध हस्तक्षेप के कारण हुई है, हालांकि उन्होंने इसका विस्तृत विवरण नहीं दिया।

रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने ब्रायांस्क के गवर्नर अलेक्जेंडर बोगोमाज के साथ एक वीडियो मीटिंग में घटना की जानकारी ली। गवर्नर ने टेलीग्राम पर लिखा, पुल गिरने से 7 लोगों की मौत हुई है। 30 लोग घायल हुए हैं, जिनमें 2 बच्चे शामिल हैं।

सरकारी अधिकारियों द्वारा जारी तस्वीरों में ट्रेन के डिब्बे बुरी तरह क्षतिग्रस्त दिखाई दिए, जिनके चारों ओर पुल के मलबे फैले थे। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में ट्रेन पटरी से उतरकर सड़क पर गिरी हुई नजर आ रही है। मौके पर आपातकालीन बचाव टीमें और आम लोग सहायता करते दिखे। अधिकारियों ने किसी विशेष समूह को जिम्मेदार नहीं ठहराया है। हालांकि, इससे पहले रूसी अधिकारियों ने यूक्रेन समर्थक समूहों पर रेलवे को निशाना बनाने का आरोप लगाया था। दिसंबर 2023 में यूक्रेनी मीडिया ने दावा किया था कि यूक्रेन की खुफिया एजेंसी ने साइबेरिया में एक रेलवे पर विस्फोट किए थे, जो चीन के साथ व्यापार में उपयोग होती थी।

हालांकि, उस पर न तो रूस और न ही यूक्रेन ने आधिकारिक टिप्पणी की थी।

पहले पाकिस्तान अब नेपाल को भी फंसा रहा है चीन, आईओएमईडी की आड़ में लाया नया प्लान

बीजिंग। चीन ने पहले पाकिस्तान को फंसाया अब नेपाल को घेरे में लेने का प्रयास कर रहा है। साउथ एशिया में अपनी पकड़ और कूटनीतिक दखल को और मजबूत करने की रणनीति के तहत चीन ने अब नेपाल को भी एक नए गुट इंटरनेशनल ऑर्गनाइजेशन फॉर मीडिएशन (आईओएमईडी) से जोड़ने की कोशिश शुरू कर दी है। यह वही मंच है जिसे चीन ने हाल ही में हांगकांग में लॉन्च किया और जिसमें पाकिस्तान पहले ही शामिल हो चुका है। अब चीन की नजर नेपाल पर है। इससे भारत की चिंता बढ़ना लाजमी है।

आईओएमईडी को चीन ने मीडिएशन प्लेटफॉर्म के रूप में पेश किया है। इसका मकसद ग्लोबल साउथ के देशों को न्याय और स्थिरता के लिए नया विकल्प देना है। समारोह में 33 देशों ने समझौते पर हस्ताक्षर किए, जिनमें चीन के 'ऑल वेदर' दोस्त पाकिस्तान का नाम सबसे प्रमुख है। इस मंच का मुख्यालय हांगकांग में होगा, जो खुद चीन के नियंत्रण में है। चीन के विदेश मंत्री वांग यी ने हांगकांग में आईओएमईडी के उद्घाटन समारोह के दौरान नेपाली विदेश मंत्री अर्जू राणा देउबा से मुलाकात कर औपचारिक रूप से नेपाल से इस संगठन में शामिल होने की अपील की। देउबा कार्यक्रम में उपस्थित थीं लेकिन नेपाल ने अभी तक औपचारिक सदस्यता की पुष्टि नहीं की है।नेपाल और पाकिस्तान, दोनों भारत के पड़ोसी हैं और क्षेत्रीय राजनीति में अहम भूमिका निभाते हैं। चीन पहले ही चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारा और ग्वादर बंदरगाह के ज़रिए पाकिस्तान में अपनी सैन्य-सामरिक मौजूदगी बढ़ा चुका है। अब नेपाल जैसे देश को भी 'मध्यस्थता' के नाम पर एक ऐसे मंच में लाना, जिसका संचालन और नेतृत्व चीन के हाथ में हो। साफ संकेत देता है कि बीजिंग भारत की कूटनीतिक परिधि को काटने की योजना पर काम कर रहा है। विशेषज्ञों का मानना है कि आईओएमईडी की आड़ में चीन अपने 'सॉफ्ट पावर' को रणनीतिक शक्ति में बदलने की कोशिश कर रहा है।

भारत-अमेरिका के बीच व्यापार समझौता तैयार, जल्द करेंगे सार्वजनिक- ट्रंप

पाकिस्तान को दी चेतावनी- अपने व्यवहार में लाएं बदलाव

वाशिंगटन। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत के साथ व्यापार समझौते को लेकर कहा कि भारत और अमेरिका के बीच एक अहम व्यापार समझौता तैयार है और यह जल्द ही इसे सार्वजनिक किया जाएगा। ट्रंप ने यह भी चेतावनी दी कि अगर पाकिस्तान ने आतंकवाद और सीमा पर तनाव फैलाने की गतिविधियां जारी रखीं, तो उसके खिलाफ कठोर कदम उठाए जाएंगे।

ट्रंप ने यह बात एक साक्षात्कार में कही उन्होंने कहा कि भारत मजबूत लोकतंत्र है। हमारे संबंध पहले से कहीं ज्यादा मजबूत हैं। पीएम नरेंद्र मोदी के साथ मेरी बेहतरीन समझ है। हम एक मजबूत व्यापार समझौते के बेहद करीब हैं, जो दोनों देशों के हित में होगा। उन्होंने इस बात पर ज़ोर दिया कि अगर यह समझौता तय समय होता है, तो यह भारत और अमेरिका के बीच आर्थिक रिश्तों को नई ऊंचाई प्रदान करेगा। ट्रंप ने कहा कि हम पाकिस्तान की भूमिका को लेकर सतर्क हैं। अगर पाकिस्तान अपने व्यवहार में बदलाव नहीं लाता, खासकर भारत के साथ सीमा पर तनाव और आतंकवाद के मुद्दे पर, तो अमेरिका को कड़े कदम उठाने पड़ सकते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि अमेरिका आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति अपनाता है और किसी भी देश को आतंकवाद को प्रश्रय देने की इजाजत नहीं दी जाएगी। ट्रंप ने भारत को अमेरिका का सच्चा और विश्वसनीय साझेदार बताया। उन्होंने कहा कि भारत के साथ रणनीतिक, सैन्य और तकनीकी क्षेत्रों में सहयोग को बढ़ाना अमेरिका की प्राथमिकताओं में है। उन्होंने कहा कि भारत के साथ मजबूत व्यापारिक रिश्ता चीन की चुनौती का जवाब भी है।

हाफिज सईद के गुर्गे का दावा- शेख हसीना को हमने हटवाया

कराची। पाकिस्तानी आतंकी संगठन जमात-उद-दावा ने एक बार फिर बांग्लादेश की राजनीति में हलचल मचा दी है। संगठन के नेताओं ने दावा किया है कि बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना को सत्ता से हटाने में उनकी अहम भूमिका थी। यह दावा हाफिज सईद के नेतृत्व वाले संगठन के नेताओं सैफुल्लाह कसूरी और मुजम्मिल हाशमी ने किया, जिन्होंने कहा कि यह 1971 के बांग्लादेश मुक्ति संग्राम का बदला था। जमात-उद-दावा के सरगना सैफुल्लाह कसूरी ने कहा कि 1971 में बांग्लादेश की आजादी के बाद पाकिस्तान का विभाजन उनके लिए एक बड़ा झटका था। उन्होंने दावा किया कि पिछले साल 5 अगस्त को बांग्लादेश में हुए सरकार विरोधी प्रदर्शनों में उनके संगठन ने सक्रिय भूमिका निभाई, जिसके परिणामस्वरूप शेख हसीना को सत्ता छोड़कर भारत भागना पड़ा। मुजम्मिल हाशमी ने भी इस दावे को दोहराते हुए कहा कि यह भारत को हराने का एक मौका था। हाफिज सईद, जो 2008 के मुंबई हमलों का मास्टरमाइंड है, लंबे समय से भारत के खिलाफ आतंकी गतिविधियों में शामिल रहा है। संयुक्त राष्ट्र और कई देशों ने जमात-उद-दावा पर कई देशों ने प्रतिबंध लगाए हैं।

हांगकांग की जलधारा में गूंजे ड्रैगन बोट्स के नगाड़े, प्राचीन चीनी त्योहार 'तुएन ङ' की धूम

हांगकांग। हांगकांग का दक्षिणी तट शनिवार को एक अनोखे उत्सव का गवाह बना, जब ड्रैगन बोट्स की धमक और ड्रमों की गूंज के साथ हजारों लोगों ने 2,000 साल पुरानी चीनी परंपरा ड्रैगन बोट फेस्टिवल को पूरे उल्लास के साथ मनाया।

स्टेनली बे में आयोजित स्टेनली इंटरनेशनल ड्रैगन बोट चैंपियनशिप में देश-विदेश से आए सैकड़ों प्रतिभागियों ने भाग लिया। रंग-बिरंगी पारंपरिक नावों पर सवार इन टीमों ने अपने ड्रमरों की ताल पर लयबद्ध अंदाज़ में पतवार चलाई और तेज़ी से फिनिश लाइन की ओर बढ़े। तट पर जमा हजारों दर्शकों ने चीयर करते हुए इस दृश्य को एक सांस्कृतिक उत्सव में बदल दिया।

इतिहास और परंपरा से जुड़ा त्योहार

यह त्योहार 'तुएन ङ' के नाम से भी जाना जाता है और इसका संबंध प्राचीन चीन के एक राष्ट्रभक्त कवि और अधिकारी 'छू युआन' से है। कहा जाता है कि जब उन्होंने अपने राज्य के पतन और राजा की अनदेखी से दुखी होकर आत्महत्या कर ली, तो उन्हें सम्मान देने के लिए स्थानीय लोग नावों में बैठकर नदी में उनकी तलाश में निकले। उन्होंने मछलियों को उनका शव खाने से रोकने के लिए नदी में चावल की पोटलियां (जोंगज़ी) फेंकीं जो आज भी इस पर्व का एक अहम हिस्सा हैं।

यह त्योहार केवल हांगकांग ही नहीं, बल्कि मुख्यभूमि चीन, ताइवान, सिंगापुर, मलेशिया जैसे देशों में भी बेहद उत्साह के साथ मनाया जाता है। बीजिंग के पास तोंगझोउ के ग्रैंड कैनाल के उत्तरी किनारे पर भी ड्रैगन बोट रेस का आयोजन हुआ, जहाँ स्थानीय समुदायों और पर्यटकों की भारी भागीदारी देखी गई।

शहबाज ने साफ कहा- मैं भीख का कटोरा लेकर दुनियाभर में नहीं फिरुंगा

इस्लामाबाद।पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ अपने देश की खराब माली हालत भी छिपा नहीं पा रहे हैं। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान को हाल ही में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष से वित्तीय राहत मिली है ताकि पाकिस्तान की झोली में कुछ पैसा रह सके। वैसे ये पहला मौका नहीं है जब शहबाज शरीफ ने पाकिस्तान की आर्थिक कमजोरी को खुलकर स्वीकार किया हो। इससे पहले भी वो मान चुके हैं कि पाक के पीएम के तौर पर वो दुनियाभर में भीख का कटोरा लेकर नहीं घूमना चाहते।

अक्सर वो अपने देश की हकीकत को सार्वजनिक रूप से स्वीकार करते रहे हैं। एक बार फिर उन्होंने पाकिस्तानी सेना के अधिकारियों को संबोधित करते हुए कह ही दिया कि पाकिस्तान की इकोनॉमी खस्ताहाल हो चुकी है। शहबाज शरीफ ये कहने में भी नहीं हिचके कि पाकिस्तान के करीबी और पारंपरिक मित्र देश भी यह नहीं चाहते कि वह उनके सामने बार-बार भीख का कटोरा लेकर खड़ा हो जाए। वे ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत के साथ हुई सैन्य झड़प के बाद सैनिकों का मनोबल बढ़ाने के काम आया।

शहबाज शरीफ ने अपने संबोधन में कहा कि 'चीन हमारा सबसे पुराना दोस्त है, सऊदी अरब सबसे विश्वसनीय साझेदार है और तुर्की, कतर, यूएई भी हमारे भरोसेमंद मित्र हैं। हालांकि अब इन देशों की अपेक्षाएं हमसे बदल गई हैं। वे अब हमसे व्यापार, नवाचार, अनुसंधान, शिक्षा, स्वास्थ्य और निवेश जैसे क्षेत्रों में सहयोग की उम्मीद कर रहे हैं। अब वे नहीं चाहते कि हम हर बार भीख का कटोरा लेकर उनके पास जाएं। उन्होंने आगे ये भी कहा कि 'मैं फील्ड मार्शल सैयद असीम मुनीर के साथ इस बोझ को उठाने वाला अंतिम व्यक्ति हूं'। पाकिस्तान को हाल ही में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष से वित्तीय राहत मिली है ताकि पाकिस्तान की झोली में कुछ पैसा रह सके।

भारत को सुरक्षा परिषद में इंट्री पर एतराज और ज्ञान देने वाला संयुक्त राष्ट्र होने लगा कंगाल

वॉशिंगटन।विश्व की सबसे बड़ी पंचायत संयुक्त राष्ट्र आर्थिक संकट का सामना कर रही है। पश्चिम देशों के एकाधिकार वाली इस संस्था में लंबे से समय से सुधार की मांग हो रही है। यह वही संस्था है जो बात-बात पर आतंकवाद की पीड़ा झेल रहे भारत का साथ देने की बजाय उलटे पाकिस्तान को लेकर भारत को ही ज्ञान देने लगती है। गंभीर आर्थिक संकट से जूझ रही इस वैश्विक संस्था ने दुनियाभर में अपने ऑफिसों से 20 प्रतिशत कर्मचारियों की छुट्टी करने की तैयारी कर रही है।

महासचिव एंतोनियो गुटेरस ने 60 से अधिक यूएन एजेंसियों, कार्यालयों और कार्यक्रमों को प्रोपोजल का आदेश दिया है। इसमें कहा गया है कि जून के मध्य तक 20 प्रतिशत स्टाफ कटौती का प्रस्ताव प्रस्तुत करें। यह फैसला यूएन 80 नामक सुधार पहल का हिस्सा है, जिसे संगठन की 80वीं वर्षगांठ के मौके पर लॉन्च किया गया है। पीएम नरेंद्र मोदी कई बार इस संस्था और व्यापक और सही मायनों में दुनिया का प्रतिनिधित्व करने वाली संस्था बनाने की वकालत कर चुके हैं। इसके सुरक्षा परिषद में भारत को स्थायी सदस्य बनाने की मांग होती रही है।

लेकिन, यह इन सभी चीजों को दरकिनार करता रहा है। मौजूदा वक्त में यह तेजी से अपनी सार्थकता खो रहा है। यूएन प्रवक्ता स्टेफन दुजारिक ने शुक्रवार को बताया कि यह कटौती नियमित बजट के तहत आने वाले लगभग 14,000 पदों में से करीब 2,800 पदों को प्रभावित करेगी। इनमें राजनीतिक, मानवीय सहायता, शरणार्थी राहत, लैंगिक समानता, पर्यावरण, व्यापार और शहरी विकास जैसे प्रमुख विभागों के कर्मचारी शामिल हैं।

ब्राजील हमारा ब्रिक्स साझेदार, उसे पाकिस्तान की हरकतों के बारे में बताना जरूरी

-कांग्रेस सांसद शशि थरूर के नेतृत्व वाला सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल ब्राजील पहुंचा

ब्रासीलिया। कांग्रेस सांसद शशि थरूर के नेतृत्व वाला सर्वदलीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल रविवार को ब्राजील पहुंचा। यह प्रतिनिधिमंडल ऑपरेशन सिंदूर के तहत सरकार के चल रहे कूटनीतिक प्रयासों के तहत सीमा पार आतंकवाद के खिलाफ वैश्विक समर्थन जुटाने और आतंकवाद पर भारत के जीरो टॉलरेंस के रुख को पेश करने के लिए कई देशों की यात्रा कर रहा है।

यह प्रतिनिधिमंडल, जिसमें विभिन्न राजनीतिक दलों के सदस्य शामिल हैं, पांच देशों गुयाना, पनामा और कोलंबिया की यात्रा पूरी करने के बाद ब्रासीलिया पहुंचा है। प्रतिनिधिमंडल का ब्राजील स्थित भारतीय मिशन के प्रभारी संदीप कुमार कुजूर ने हवाई अड्डे पर स्वागत किया। थरूर ने कहा कि ब्राजील भारत का अहम साझेदार है और आतंकवाद पर भारत के रुख के बारे में उन्हें पूरी जानकारी देना अहम है। थरूर ने कहा, कि हम पांच देशों की यात्रा पर हैं। हम पहले ही तीन देशों - गुयाना, पनामा और कोलंबिया की यात्रा कर चुके हैं। अब हम ब्राजील में हैं। आज आराम का दिन है, जो टीम ने हमारे जाने के बाद से काफी व्यस्त कार्यक्रम के बाद अर्जित किया है। वाशिंगटन जाने से पहले ब्राजील में हमारी पूरे दिन की बैठक तय है, जो हमारी यात्रा का अंतिम पड़ाव होगा।

थरूर ने कहा कि ब्राजील इस क्षेत्र में एक प्रमुख शक्ति है। यह हमारा एक ब्रिक्स साझेदार है और हमारे संबंधों को 2006 में रणनीतिक साझेदारी तक बढ़ाया गया था। हालांकि ब्राजील वर्तमान में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद का सदस्य नहीं है, लेकिन हमने महसूस किया कि आतंकवाद पर हमारी स्थिति से उन्हें पूरी तरह अवगत कराना और बातचीत के हमारे खुले चैनलों को जारी रखना अहम है। उन्होंने कहा कि सुरक्षा परिषद के सदस्य गुयाना और पनामा में प्रतिक्रिया बहुत सकारात्मक रही है।



दीपिका पादुकोण का ग्लैमरस जलवा

बॉलीवुड की सुपरस्ट्रार दीपिका पादुकोण ने स्वीडन की राजधानी स्टॉकहोम में आयोजित कार्टियर हाई ज्वेलरी गाला में अपने शाही और ग्लैमरस लुक से सभी का ध्यान अपनी ओर खींचा। दीपिका, जो कई अंतरराष्ट्रीय लग्ज़री ब्रांड्स की ब्रांड एंबेसडर भी हैं, ने इस इवेंट में अपनी स्टाइल और एलीगेंस से फैशन जगत में एक बार फिर अपनी मजबूती साबित की। उनका रेड कार्पेट पर दिया गया लुक सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुआ और फैंस के साथ-साथ फैशन क्रिटिक्स ने भी उनकी खूब प्रशंसा की। इस मौके पर दीपिका ने यह साबित कर दिया कि वे केवल एक सफल एक्ट्रेस नहीं, बल्कि ग्लोबल फैशन आइकन भी हैं। उनकी मौजूदगी ने इस हाई प्रॉफाइल इवेंट की शोभा बढ़ाई और भारतीय ग्लैमर को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गर्व से प्रस्तुत किया। इस शानदार लुक के जरिए दीपिका ने अपनी लोकप्रियता में इजाफा किया है और फैशन की दुनिया में एक नई मिसाल कायम की है।

बाइक राइड विवाद पर सोनू सूद की सफाई

मशहूर अभिनेता सोनू सूद का एक वीडियो हाल ही में सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था, जिसमें वह बर्फीली घाटी में बिना हेलमेट के बाइक चलाते नजर आए थे। इस लापरवाही को लेकर लोग नाराज हो गए और कई ने उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की। विवाद बढ़ने पर हिमाचल प्रदेश पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी। अब सोनू सूद ने इस पूरे मामले पर सफाई दी है। एक्टर ने कहा कि वे नियमों का उल्लंघन नहीं कर रहे थे और वायरल हो रहा वीडियो असल में उनकी शूटिंग का हिस्सा था। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह केवल एक शूटिंग क्लिप थी, न कि असली सड़क हादसे या लापरवाही। सोनू की यह सफाई सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बनी हुई है, जबकि पुलिस जांच भी जारी है।

इमरान हाशमी को डेंगू, शूटिंग से लिया ब्रेक

बॉलीवुड अभिनेता इमरान हाशमी अपनी आगामी फिल्म च्ओजीज् की शूटिंग के दौरान अचानक डेंगू की चपेट में आ गए हैं। गोरेगांव स्थित आरे कॉलोनी में साउथ के सुपरस्टार पवन कल्याण के साथ काम कर रहे इमरान की तबीयत अचानक खराब हुई, जिसके बाद जांच में डेंगू का पता चला। उन्होंने तुरंत अपनी सेहत की जानकारी प्रोडक्शन टीम को दी और शूटिंग से ब्रेक लेने की बात कही। प्रोडक्शन टीम ने उनकी सेहत को प्राथमिकता देते हुए शूटिंग फिलहाल के लिए रोक दी है। एक करीबी सूत्र ने बताया कि इमरान ने अपनी बीमारी की जानकारी खुद दी और पूरी जिम्मेदारी के साथ अपनी सेहत पर ध्यान दे रहे हैं। फिलहाल इमरान हाशमी घर पर आराम कर रहे हैं और उनकी तबीयत में धीरे-धीरे सुधार हो रहा है। उम्मीद है कि वह लगभग एक हफ्ते के बाद फिर से शूटिंग शुरू कर सकेंगे। उनकी टीम भी उन्हें पूरी मदद और सपोर्ट कर रही है ताकि वे जल्द स्वस्थ होकर अपनी शूटिंग फिर से शुरू कर सकें।

अक्किनेनी जल्द शादी के बंधन में बंधेंगे

साउथ इंडस्ट्री में एक बार फिर ग्रैंड वेडिंग का माहौल बनने वाला है। सुपरस्टार नागार्जुन के छोटे बेटे अखिल अक्किनेनी अपनी मंगेतर जैनब रावजी के साथ 6 जून को शादी करेंगे। यह शादी हैदराबाद के अन्नपूर्णा स्टूडियो में होगी, जहां हाल ही में उनके बड़े भाई नागा चैतन्य ने भी अपनी दूसरी शादी की थी। फिलहाल, अक्किनेनी परिवार ने शादी को लेकर कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की है, लेकिन शादी की तैयारियां प्राइवेट तरीके से जोरों पर हैं। इसके अलावा खबर है कि राजस्थान में भी शादी का जश्न मनाया जाएगा, हालांकि इस बारे में अभी कोई पुख्ता जानकारी नहीं मिली है। अखिल और जैनब ने पिछले साल ही सगाई की थी, जिसकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर खूब वायरल हुई थीं। ये शादी अखिल के लिए खास है क्योंकि इससे पहले उनकी पहली सगाई 2016 में श्रिया भूपाल से हुई थी, जो एक साल बाद टूट गई थी। अब फैन्स और परिवार दोनों ही इस नए रिश्ते और शादी को लेकर काफी उत्साहित हैं।

ट्रंप के टेरिफ़ पर कोर्ट का सीज फायर

भारत और पाकिस्तान के बीच सीज फायर कराने वाले अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के टेरिफ़ बार पर अमेरिका की कोर्ट सीज फायर कराएगी। यह तो डोनाल्ड ट्रंप ने कभी सोचा नहीं था। एक ही झटके में एक ही दिन जहां मस्क ने उनका साथ छोड़ा। उन्होंने जिस अंदाज में ट्रंप को टाटा बाय-बाय किया है। उसकी चर्चा सारी दुनिया में हो रही है।उसी दिन कोर्ट ने टेरिफ़ पर डोनाल्ड ट्रंप के निर्णय पर रोक लगा दी। टैरिफ को लेकर डोनाल्ड ट्रंप सारी दुनिया में बंदरों की तरह उछल कूद मचा रहे थे। कोर्ट के आदेश से अब वह शांत होकर बैठ गए हैं। उन्हें समझ नहीं आ रहा है,कि अब करें तो क्या करें।अभी वह विश्व विजेता की तरह घूम घूम कर अपना बिगुल बजा रहे थे। अब सांस भी थम गई है।

सीज फायर को लेकर घिरे मोदी, सिंदूर का रंग फीका पड़ा

भारत और पाकिस्तान के बीच में आतंकियों को समाप्त करने के लिए जो सैनिक गतिविधि भारत ने शुरू की थी। कुछ ही घंटे में भारत की सेना ने 9 आतंकी ठिकानों को नष्ट कर सैकड़ो आतंकवादियों को परलोक भेज दिया। कई हवाई अड्डे पाकिस्तान के नष्ट कर दिए। जब भारतीय सेना फुल फॉर्म पर थी। उस समय भारत सरकार द्वारा सीजफायर की घोषणा की गई।लग रहा था, भारत पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर को जीत लेगा। 1971 का इतिहास मोदी जी दोहराएंगे। अब यही सीजफायर मोदी के गले में अटक गया है। ना निगलते बन रहा है, ना उगलते बन रहा है। सिंदूर को लेकर जो विजय उत्सव मनाया जा रहा था। उसमें भी पलीता लग गया है। मोदी और भाजपा को समझ नहीं आ रहा है, गलती हुई तो कहां हुई।अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप शनि बनकर सामने आएंगे, यह कभी मोदी जी ने सोचा भी नहीं था। जो सोचा था, वह नहीं हो रहा है। जो नहीं सोचा है, वही हो रहा है।

धर्मेंद्र ने दी बॉबी-तान्या को शादी की शुभकामनाएं

दिग्गज अभिनेता और बॉबी देओल के पिता धर्मेंद्र ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर बेटे और बहू को उनकी शादी की सालगिरह पर शुभकामनाएं दीं। बॉलीवुड अभिनेता बॉबी देओल और उनकी पत्नी तान्या देओल ने 30 मई को अपनी शादी की 29वीं सालगिरह मनाई।

इस खास मौके पर धर्मेंद्र ने अपने पोस्ट में बॉबी और तान्या की शादी की दो पुरानी खूबसूरत तस्वीरें साझा कीं और एक प्यार भरा संदेश भी लिखा। धर्मेंद्र ने कैप्शन में लिखा, च्शादी की सालगिरह मुबारक हो मेरे प्यारे बच्चों। जीवन में आपको सारी खुशियां मिलें। इस खास दिन का खूब आनंद लो।ज्ज् धर्मेंद्र के इस भावुक पोस्ट पर बॉबी देओल ने तुरंत प्रतिक्रिया देते हुए लिखा, च्लव यू पापाज्ज् और साथ में एक हार्ट इमोजी भी शेयर की। सोशल मीडिया पर फैंस ने भी बॉबी और तान्या को उनकी शादी की सालगिरह की ढेर सारी शुभकामनाएं दीं और दोनों के रिश्ते को प्रेरणादायक बताया। गौरतलब है कि बॉबी देओल और तान्या की शादी 30 मई 1996 को हुई थी। तान्या पेशे से एक इंटीरियर डिजाइनर हैं और बॉलीवुड की चकाचौंध से दूर रहना पसंद करती हैं। दोनों के दो बेटे हैं - आर्यमन और धरम। आर्यमन हाल के वर्षों में कुछ सार्वजनिक आयोजनों में अपने पिता के साथ नजर आ चुके हैं, जिससे उनकी लोकप्रियता भी धीरे-धीरे बढ़ रही है। वर्कफ्रंट की बात करें तो धर्मेंद्र जल्द ही फिल्म च्इक्कीसज् में नजर आएंगे, जो 2 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। यह फिल्म 1971 के भारत-पाक युद्ध के नायक सेकेंड लेफ्टिनेंट अरुण खेत्रपाल की जिंदगी पर आधारित है, जिन्हेंमरणोपरांत परमवीर चक्र से सम्मानित किया गया था। फिल्म में अगस्त्य नंदा अरुण खेत्रपाल का किरदार निभा रहे हैं, जबकि धर्मेंद्र उनके पिता की भूमिका में दिखाई देंगे। वहीं, बॉबी देओल को हाल ही में तेलुगु फिल्म च्डाकू महाराजज् में देखा गया था और अब वह पवन कल्याण की बहुप्रतीक्षित फिल्म च्हरि हर वीरा मल्लूज् में अहम भूमिका निभाते नजर आएंगे। यह फिल्म 12 जून को सिनेमाघरों में कई भाषाओं में रिलीज होगी।

शब्द पहेली - 8385



बाएँ से दाएँ

1. कवि की रचना, गजल-3
3. अनुमान, अंदाज-3
5. सदपुरुष-2
6. अयोग्य, असंगत -2
8. स्वार्थ, लोभ-4
10. सहयोग, सहकार-3
11. उन्माद, सनक-3
12. भगवान का अराधक-2
13. ठंडक, शीतलता-2
14. दूल्हे के सिर पर बांधी जाने वाली पगड़ी-3
16. चांदी-3
18. गंवारपन, अशिष्टता-4
20. पैंदा, तला-2
22. वर्तमान दिन-2
23. बहने का भाव-3
24. गमन, विदा होना-3

ऊपर से नीचे

1. हुनर, फन, आर्ट-2
2. बल, दम, जोर-3
3. समीप, नजदीक-3
4. गलत का विलोम-2
5. भ्रम, संदेह-3
7. उपनदी, कैनाल-3
8. नशे से भरपूर-4
9. लाख, सौ हजार-2
11. स्वभाव, आदत-4
14. स्वास्थ्य-3
15. इस जगह-2
17. तहजीब, शिष्टता-3
18. इकट्ठा होना-3
19. रेखा, लाइन-3
21. होठ, अधर-2
22. आगमन-2

शब्द पहेली - 8384 का हल

स	ह	ल	ज			कु	ली	न
रि			र	सा	त	ल		फा
ता	ना			ग	म			स
	जा	म		र			स	त
	य	म	ज		आ	रा	म	
ह	ज			ह		न	त	
ज			क	र			ल	ब
र		स	ला	म	त			द
त	बा	ही			य	की	न	न

Jagrutidaur.com, Bangalore

राणा दग्गुबती और सुनील ग्रोवर साथ में

नेटफ़्लिक्स ने मज़ेदार वीडियो रिलीज़ किया, जिसमें राणा दग्गुबती और सुनील ग्रोवर साथ नजर आ रहे हैं। राणा नायडू की अंधेरी, गंभीर और सख्त दुनिया में अचानक सुनील की पागलपंती की जबरदस्त एंट्री हो जाती है। सुनील ने कहा- ''राणा दग्गुबती और मैं एक ही फ्रेम में? मुझे भी यकीन नहीं हुआ। राणा नायडू की दुनिया

बेहद गंभीर, जबरदस्त पॉवर मूव्स, पारिवारिक ड्रामा, ऐक्शन से भरी हुई है फिर मैं अपनी मस्ती और हंगामे के साथ उसमें एंट्री करता हूँ। जैसे ही ये आइडिया बताया, मुझे पता था कि यह एकदम पागलपन भरा लेकिन मजेदार अनुभव होगा। जो कुछ हमने शूट किया वो वाकई में बेमिसाल, अनोखा और बहुत ज्यादा मजेदार था।

राम 'मिस्त्री' के किरदार में

मिस्त्री जासूस है जो न तो सामान्य है और न ही उसके तरीके पारंपरिक। उसकी दुनिया में अपराध, गड़बड़ी और हास्य का अनोखा मेल है, और राम कपूर इस किरदार में नज़र आएंगे। यह सीरीज 27 जून को जियो हॉटस्टार पर प्रीमियर होगी। मिस्त्री अमेरिका की मल्टी-अवॉर्ड विनिंग सीरीज मॉन्क का भारतीय रूपांतरण है। निर्देशन किया है ऋषब सेठ ने। राम कपूर निभा रहे हैं विचित्र और प्रतिभाशाली जासूस अरमान मिस्त्री का किरदार, जबकि मोना सिंह नजर आएंगी निडर एसीपी सेहमत सिद्दीकी के रूप में।

कान्स है सोशल मीडिया का सर्कस- सोमी

कान्स फिल्म फेस्टिवल का ये 78वां एडिशन है। कई इंडियन एक्टर्स ने रेड कार्पेट पर वॉक किया लेकिन इस बार सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर्स भी रेड कार्पेट पर नजर आए, बॉलीवुड पूर्व एक्ट्रेस सोमी अली ने कहा कि कान्स हर एक्टर का सपना होता है लेकिन अब इसका असली आकर्षण खत्म होता जा रहा है। ये हर एक्टर की चेकलिस्ट में शामिल हो गया है। लोग किसी भी कीमत पर इस फेस्टिवल का हिस्सा बनना चाहते हैं। इसकी असली पहचान अब खो गई है। वहां दिखावे का दबाव ज्यादा हो जाता है तो असलियत खत्म हो जाती है। अब तो रेड कार्पेट पर चेहरा दिखाना और सेल्फी लेना सबसे बड़ी प्राथमिकता बन गई है। मैं भी इसका हिस्सा बनना चाहूंगी।

सानंद करेंगे सिंगिंग डेब्यू

सानंद वर्मा अभिनेता है, गायकी भी उनके जीवन का अहम हिस्सा है। रेड, मर्दानी और छिछोरे जैसी फिल्मों में नज़र आ चुके सानंद अब फिल्म गोलंबर में गानों के साथ सिंगिंग डेब्यू की तैयारी कर रहे है। सानंद कहते है- ''मैंने पहली बार गाने का आनंद तब लिया था, जब मै बच्चा था, यहां तक कि जब मै किसी की गोद में होता था, तब भी गाता था। बचपन से ही मै गुनगुनाता रहता था। मेरे लिए गाना नैचुरल है। अभिनेता और गायक मेरे अंदर जन्मे है और आज भी ज़िंदा हैं। गायकी को कभी नही छोड़ा। मेरी पूरी जनी में गायकी मेरे साथ-साथ चलती रही है। मेरे प्रेरणासोत किशोर कुमार है वो नंबर वन है। फिर मोहम्मद रफी, मुकेश, लता मंगेशकर, गुलाम अली, जगजीत, आशा भोसले, हेमंत कुमार और कुंदन लाल सहगल।''

'दीवानियत' का नया नाम 'दीवाने की दीवानियत'

जिस फिल्म को पहले 'दीवानियत' के नाम से जाना जा रहा था, अब उसका नाम बदलकर 'दीवाने की दीवानियत' रख दिया गया है। इस रोमांटिक ड्रामा में हर्षवर्धन राणे और सोनम बाजवा मुख्य भूमिकाओं में है। फिल्म अब नए प्रोडक्शन हाउस के तहत बनाई जा रही है। 'दीवानियत' सिर्फकामचलाऊ टाइटल था। फिल्म मिलाप ज़वेरी द्वारा निर्देशित की जा रही है। दीवाने की दीवानियत ऐसी प्रेम कहानी है, जो प्यार, जुनून और दिल टूटने की भावनाओं को और गहराई से दिखाएगी। यह रोमांटिक ड्रामा है, जिसमें पागलपन और सच्चा प्यार आपस में टकराते है।

इमरान के साथ काम किया दीपक ने

चेन्नई से ताल्लुक रखने वाले दीपक परमेश ने हिंदी फिल्मों में डेब्यू 'ग्राउंड ज़ीरो' से किया है, जिसमें मुख्य भूमिका में इमरान हाशमी है। दीपक कहते है- ''इमरान हाशमी बेहद ज़मीन से जुड़े और उदार सह-कलाकार है। उन्हें अपने काम की गहरी समझ है फिर भी वे खुले और सहयोगात्मक अंदाज़ में काम करते है। मुझे हिंदी भाषा में थोड़ी परेशानी हो सकती है, इसलिए उन्होंने ध्यान रखा कि मै सहज महसूस करूं। हम दोनों के बीच दिलचस्प बातचीत भी हुई। मैंने उनकी फिल्में देखकर बचपन बिताया है इसलिए उनके साथ काम करना मेरे लिए सपना पूरा होने जैसा था। इतने अच्छे इंसान है'' दीपक आगे कहते है-''मुझे ऐसे किरदार खीचते है, जो भावनात्मक रूप से चुनौतीपूर्ण हों और वास्तविक लगें। आज हिंदी सिनेमा ग्लोबल हो रहा है, इसमें जो नई जगहें बन रही है।''

पायलट बनना चाहते थे अर्जन

अर्जन बाजवा फैशन, क्रूक, सन ऑफ सरदार, बॉबी जासूस, रुस्तम, और कबीर सिंह जैसी ब्लॉकबस्टर फिल्मों के साथ-साथ बेस्टसेलर्स और स्टेट ऑफ सीजः 26/11 जैसी वेब सीरीज में नज़र आ चुके है, कहते है कि एक्टिंग उनके जीवन में इत्तेफ़ाक़ की तरह आई। अर्जन बताते है- ''मै कभी एक्टर बनना नही चाहता था। ये मेरी योजना में कभी नहीं था क्योंकि मै आर्किटेक्चर की पढ़ाई कर रहा था और पायलट बनने की ट्रेनिंग शुरू करने वाला था, जो मेरी प्राथमिकता रही है। एविएशन मेरा सपना रहा है। कॉलेज के दिनों में मैंने शौक़िया मॉडलिंग शुरू की और वही से मुझे तेलुगु फिल्मों में ब्रेक मिला।''

ताकत का मतलब गुस्सा नहीं होता - शगुन पांडे

ज़ीटीवी ने कहानी पेश की है सरू, जो लड़की का अपने गांव से मुंबई तक का शिक्षा का सफर दिखाता है। जिसे निभा रहे हैं शगुन पांडे। राजस्थान की खूबसूरत पृष्ठभूमि के साथ यह कहानी साहस, पहचान और बदलाव की है। शगुन पांडे ने बातें साझा की ...

वेद का किरदार मुझे उसकी सादगी और गहराई की वजह से तुरंत पसंद आ गया। वो सिर्फलव इंटरेस्ट नहीं है बल्कि ऐसा इंसान है जो सोच-समझकर फैसले लेता है और दूसरों को अपने काम से इंस्पायर करता है। सरू खुद बहुत स्ट्रॉन्ग है लेकिन वेद की वफादारी और ठहराव उसे संतुलन देता है। वेद दिखावे में यकीन नहीं रखता लेकिन उसके अंदर जो दृढ़ता है, वो उसकी हर बात और हर फैसले में झलकती है। मैंने एक्सप्रेशन्स और बॉडी लैंग्वेज पर काफी काम किया ताकि उसका इमोशनल साइड भी लोगों तक पहुंचे। ताकत का मतलब सिर्फ ऊंची आवाज़ या गुस्सा नहीं होता। कमज़ोरी नहीं बल्कि सहनशीलता भी ताक़त होती है। राजस्थान वाकई बेहद खूबसूरत है और उसका सुकून वेद के किरदार के साथ बहुत मेल खाता है। वहां की गलियां, लोग, माहौल - सबने इस शो को और भी असली बना दिया। रोमांटिक कहानी नहीं है। ये कहानी है अंदरूनी संघर्षो की, सपनों की तलाश की, समाज से टकराव की और फैमिली बॉन्ड्स की।

शुभांगी के घर में पचास पौधे

एण्डटीवी के शो 'भाबीजी घर पर है' में अंगूरी भाबी का किरदार निभा रही शुभांगी अत्रे के लिए पौधे सिर्फघर की सजावट नहीं है। ये उनके दोस्त है, जो उन्हें शांति देते है और तनाव दूर करते है। शुभांगी के घर में 50 से ज्यादा पौधे है, जो उनके घर को हरा-भरा और खूबसूरत बनाते है। साथ ही, ये पौधे उन्हें खुश और तनावमुक्त भी रखते है। यानी, पौधों के साथ उनका खास रिश्ता है जो उनके मन को सुकून देता है! हरी-भरी दुनिया से अपना गहरा प्यार साझा करते हुए शुभांगी ने कहा- '' मझे पौधों से कितना लगाव है। मेरे लिए ये सिर्फघर की सजावट नहीं बल्कि परिवार की तरह है। यह प्यार अचानक नही हुआ बल्कि सालों पहले छोटे से सकुलेंट पौधे से शुरू हुआ, जो दोस्त ने मुझे तनाव के समय दिया था। वो पौधा मेरी खिड़की पर रखा था और उसने मेरे दिल में बीज बो दिया। धीरे-धीरे मै हरे-भरे पौधों की शांति और सुकून की ओर खिंची चली गई। आज मेरे घर के हर कोने में 50 से ज्यादा पौधे है- बालकनी, लिविंग रूम, किचन और यहां तक कि बाथरूम में भी! लेकिन मेरे दिल के सबसे करीब वे पौधे है, जो मेरे बेडरूम में है, जिनमें मोंस्टेरा, एयर प्लांट और पर्रि पाम शामिल है। मोंस्टेरा न सिर्फ़ घर को सुंदर बनाता है बल्कि हवा को साफ करता है और तनाव कम करता है। एयर प्लांट की देखभाल आसान है और यह मन को शांत करता है। पर्रि पाम घर में अच्छा माहौल लाता है और नैचुरल ह्यूमिडिफायर की तरह काम करता है। ये तीनों मेरे घर को शांत और ताजा जगह बनाते है।''

ईशा देओल ने शेयर की अपनी घुड़सवारी की यादें, जताया रामू का आभार

बॉलीवुड अभिनेत्री ईशा देओल सोशल मीडिया पर अक्सर अपनी जिंदगी और काम से जुड़ी खास बातें शेयर करती रहती हैं। हाल ही में उन्होंने अपनी बचपन की एक खूबसूरत याद साझा की, जिसमें उन्होंने अपनी घोड़ी और उसे संभालने वाले रामू का खास तौर पर जिक्र किया और उनका आभार व्यक्त किया। ईशा ने इंस्टाग्राम पर एक पुरानी तस्वीर पोस्ट की, जिसमें वह अपनी भूरी घोड़ी शांति पर बैठी नजर आ रही हैं, साथ में रामू भी खड़ा है।

पोस्ट के कैप्शन में ईशा ने लिखा कि यह तस्वीर 1987 की है, जब वह ऊटी में अपने माता-पिता के साथ शूटिंग पर जाती थीं। उन्होंने बताया कि उन्हें सुबह और शाम दोनों वक्त घुड़सवारी करने का बड़ा शौक था। उनकी घोड़ी शांति बहुत शांत स्वभाव की थी और उस पर सवारी करना बेहद अच्छा लगता था।

कार्यालय नगर पालिक निगम, रीवा (म0प्र0)

क्रमांक 1980/न.पा.नि./ राजस्व/2025-26 रीवा, दिनांक 30/05/2025

अचल सम्पत्ति नामान्तरण विज्ञप्ति

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पूर्व नगर सुधार न्यास रीवा की योजना क्रमांक 6 विवेकानन्द नगर जो नगर पालिक निगम रीवा के स्वामित्व में है, में स्थित भूखण्ड क्रमांक 1/251 सी कुल क्षेत्रफल 1506.40 वर्गफिट श्री संतोष कुमार तिवारी पिता स्व0 श्री शम्भू प्रसाद तिवारी निवासी ग्राम जलदर तहसील गुढ जिला रीवा (म0प्र0) को 30 वर्षीय लीज पर आवंटित है, जिसका नामान्तरण श्री विष्णु प्रताप सिंह पिता श्री रामखेलावन सिंह निवासी ग्राम कुठिला तहसील त्योथर जिला रीवा (म0प्र0) के नाम किये जाने हेतु दिनांक 21. 04.2025 को आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

उक्त भूखण्ड क्रमांक 1/251सी के नामान्तरण में किसी व्यक्ति / संस्था को कोई आपत्ति हो, तो समाचार पत्रों में इस विज्ञप्ति के प्रकाशन के 15 दिवस की अवधि तक कार्यालय नगर पालिक निगम रीवा में प्रमाणित अभिलेखों के साथ उपस्थित होकर लिखित में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि के पश्चात् कोई आवेदन/आपत्ति न तो ग्रहण की जावेगी और न ही मान्य की जावेगी। तत्पश्चात् आवेदक श्री संतोष कुमार तिवारी पिता स्व0 श्री शम्भू प्रसाद तिवारी निवासी ग्राम जलदर तहसील गुढ जिला रीवा (म0प्र0) के आवेदन अनुसार भूखण्ड क्रमांक 1/251सी का नामान्तरण श्री विष्णु प्रताप सिंह पिता श्री रामखेलावन सिंह निवासी ग्राम कुठिला तहसील त्योथर जिला रीवा (म0प्र0) के नाम करने की कार्यवाही की जावेगी।

उपायुक्त (राजस्व)
हेतु आयुक्त
नगर पालिक निगम
रीवा (म.प्र.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रीवा (म0प्र0)

क्रमांक 1978/न.पा.नि./राजस्थ/2024-25 रीवा, दिनांक 30/05/2025

अचल सम्पत्ति नामान्तरण विज्ञप्ति

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पूर्व नगर सुधार न्यास रीवा की व्यवसायिक योजना व्यंकट बाजार रीवा जो नगर पालिक निगम रीवा के स्वामित्व में है. में स्थित दुकान क्रमांक 112 क्षेत्रफल 7.37 वर्गमीटर श्री शिवेन्द्र सिंह पटेल पिता श्री रामनाथ सिंह पटेल को किराया पर आवंटित है. इनकी मृत्यु पश्चात, इस दुकान का नामान्तरण श्रीमती चन्द्रकली सिंह पति स्व0 श्री शिवेन्द्र सिंह निवासी म.नं. 13/31 मानस नगर बरा, हुजूर रीवा मध्यप्रदेश के नाम किये जाने हेतु दिनांक 14.10.2024 को आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

उक्त दुकान क्रमांक 112 के नामान्तरण में किसी व्यक्ति / संस्था को कोई आपत्ति हो, तो समाचार पत्रों में इस विज्ञप्ति के प्रकाशन के 15 दिवस की अवधि तक कार्यालय नगर पालिक निगम रीवा में प्रमाणित अभिलेखों के साथ उपस्थित होकर लिखित में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि के पश्चात् कोई आवेदन/आपत्ति न तो ग्रहण की जावेगी और न ही मान्य की जावेगी। तत्पश्चात् आवेदिका के आवेदन अनुसार उक्त दुकान क्रमांक 112 का नामान्तरण श्रीमती चन्द्रकली सिंह पति स्व0 श्री शिवेन्द्र सिंह निवासी म.नं. 13/31 मानस नगर बरा, हुजूर रीवा मध्यप्रदेश के नाम करने की कार्यवाही की जावेगी।

उपायुक्त (राजस्व)
हेतु आयुक्त
नगर पालिक निगम
रीवा (म.प्र.)

करुण नायर के दोहरे शतक से इंडिया ए ने बनाये 557

कैंटरबरी। करुण नायर के शानदा दोहरे शतक से इंडिया ए ने इंग्लैंड लायंस के खिलाफ पहले अनौपचारिक टेस्ट के दूसरे दिन अपनी पहली पारी में 125.1 ओवर में ही 557 रनों का विशाल स्कोर बना दिया। करुण ने बल्लेबाजी के दौरान 281 गेंदों पर 204 रन बनाये। उन्होंने अपनी पारी में 281 गेंदों पर 26 चौके और एक छक्का लगाया। अपनी इस पारी से करुण ने अपनी वापसी को सही साबित किया। इंडिया ए ने इस मैच में अपनी पहली पारी में 125.1 ओवर में ही 557 रन बना दिये।

इस बार आरसीबी करेंगी खिताब पर कब्जा - डिविलियर्स

मुंबई। दक्षिण अफ्रीका के स्टार बल्लेबाज रहे एबी डिविलियर्स ने कहा है कि इस बार रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की टीम खिताब जीत सकती है। आरसीबी पहले क्वालिफायर को जीतकर खिताबी मुकाबले में पहुंची है। इसमें उसका मुकाबला दूसरे क्वालीफायर की विजेता टीम से होगा। आरसीबी लीग चरण में 19 अंकों के साथ ही अंक तालिका में दूसरे नंबर पर है।

महेला जयवर्धने ने किया साई सुदर्शन की तारीफ

मुल्लांपुर। आईपीएल 2025 के एलिमिनेटर मुकाबले में साई सुदर्शन की शानदार अर्धशतकीय पारी भी गुजरात टाइटंस को हार से नहीं बचा सकी। मुंबई इंडियंस ने इस रोमांचक मुकाबले में गुजरात को 20 रन से हराकर टूर्नामेंट से बाहर कर दिया। साई सुदर्शन ने 49 गेंदों पर 10 चौकों और एक छक्के की मदद से 80 रनों की जोरदार पारी खेली और टीम को मुकाबले में बनाए रखा, लेकिन अन्य बल्लेबाजों से उन्हें अपेक्षित सहयोग नहीं मिला।

रिंकू और सांसद प्रिया की सगाई 8 जून को होगी

मुम्बई। क्रिकेटर रिंकू सिंह शीघ्र ही शादी के बंधन में बंधने जा रहे हैं। उनकी शादी उत्तरप्रदेश के मछलीशहर की सांसद प्रिया सरोज से इसी साल नवंबर में होगी। एक रिपोर्ट के अनुसार इन दोनो की सगाई इसी माह 8 जून को लखनऊ में होने वाली है। रिंकू भारतीय टी20 क्रिकेट टीम से खेलते हैं। वहीं प्रिया समाजवादी पार्टी की टिकट से सांसद हैं।

रॉय 10,000 रन बनाने वाले इंग्लैंड के चौथे खिलाड़ी बने

लंदन। इंग्लैंड के आक्रामक सलामी बल्लेबाज जेसन रॉय ने यहां काउंटी टीम समरसेट के खिलाफ मुकाबले में अपने 10,000 रन पूरे किये हैं। इसी के साथ ही रॉय टी20 क्रिकेट में 10,000 रन पूरे करने वाले चौथे खिलाड़ी बने हैं। वहीं वह ये उपलब्धि हासिल करने वाले विश्व में 17वें खिलाड़ी बने है।

आईपीएल फाइनल के लिए खचाखच भरी उड़ानें और होटल

अहमदाबाद। 3 जून को यहां होने वाले आईपीएल फाइनल के लिए प्रशंसकों में जबरदस्त उत्साह है। यहां के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में होने वाले फाइनल को देखते हुए होटल पूरी तरह से भर गये हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार होटल और उड़ान दरों में 7 से 10 फीसदी की बढ़त आई है। प्राप्त जानकार के अनुसार आईपीएल फाइनल के कारण कुल यात्रा बुकिंग में 30 से 35 फीसदी की बढ़त हुई है। ये पिछले सत्र की 20 से 25 फीसदी की बढ़त से कहीं ज्यादा है। बढ़ती मांग के बीच ही प्रीमियम होटल के कमरे की कीमतें भी 6,000 से 8,200 रुपए के बीच पहुंच गयी हैं। वहीं, अहमदाबाद के लिए घरेलू हवाई किराए में लगभग 10 फीसदी की तेजी दर्ज की गयी है। मैच के दिनों में बुकिंग में 1.5 गुना बढ़त के कारण कीमतें और अधिक बढ़ी हैं।

फाइनल का स्थान कोलकाता से अहमदाबाद में बदलने के कारण भी उड़ानें और स्टेडियम के आसपास के होटलों की दोबारा-बुकिंग में बढ़त रही है। होटल और यात्रा अधिकारियों ने बताया कि स्टेडियम के आसपास बुकिंग में उछाल आया है, और कई होटल पूरी तरह से बुक हो गये हैं। अहमदाबाद के हवाई किराए में 1,000 रुपए की वृद्धि हुई है। मई के आखिरी सप्ताह से ही अहमदाबाद के लिए फ्लाइट बुकिंग में उछाल देखा गया है। अहमदाबाद में 148 फीसदी और चंडीगढ़ में 111 फीसदी की साल-दर-साल वृद्धि दर्ज की गई। इससे तय है कि प्रशंसक स्टेडियम के लाइव अनुभव का हिस्सा बनने के लिए उत्साहित हैं।

शुभमन बोले , पांड्या के साथ मतभेद नहीं

नई दिल्ली । गुजरात टाइटंस के कप्तान शुभमन गिल ने कहा है कि मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पांड्या के साथ उनके किसी भी प्रकार के मतभेद नहीं हैं। दोनो के बीच ये मामला तब उठा जब एलिमिनेटर मुकाबले में टॉस के दौरान दोनों कप्तानों ने आपस में हाथ भी नहीं मिलाया। इस घटना के वीडियो भी सोशल मीडिया पर जमकर आये हैं। इसके अलावा जब एलीमिनेटर मुकाबले में शुभमन के विकेट पर पांड्या आक्रामक हुए थे तब भी लगा कि इनके बीच सबकुड ठीक नहीं है। वहीं अब एक पोस्ट के जरिये शुभमन ने इस अटकलों को समाप्त कर दिया है। शुभमन ने पांड्या के साथ तस्वीर शेयर करते हुए अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर लिखा था, 'प्यार के अलावा कुछ नहीं साथ ही लिखा कि इंटरनेट पर जो कुछ भी आप देखते हैं उस पर भरोसा न करें।' इसी को साझा करते हुए पांड्या ने कहा , 'हमेशा शुभु बेबी।'

एकदिवसीय क्रिकेट में आईसीसी के नये नियम अगले माह से लागू होंगे

34 ओवरों तक दो नई गेंदों का उपयोग होगा

कन्कशन सब्स्टीट्यूट नियमों में भी बदलाव

दुबई। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) अगले माह जुलाई 2025 से एकदिवसीय क्रिकेट में नये नियम लागू करने जा रही है। जिससे कि खेल का रोमांच बढ़ सके। एक रिपोर्ट के अनुसार नये नियम से खेल को और अधिक रोमांचक और रणनीतिक रूप से संतुलित बनाना है अभी ये बल्लेबाजों के पक्ष में झुका हुआ है।

अब , एकदिवसीय में पिछले एक दशक से लागू दो गेंदों के नियम को हटाया जा रहा है। अब 34 ओवर के बाद गेंद बदल दी जाएगी जिससे कि रिवर्स स्विंग करन आसान होगा और गेंद और बल्ले के बीच संतुलन भी बैठेगा। एक रिपोर्ट के अनुसार, एकदिवसीय मैचों में पहले 34 ओवरों तक दो नई गेंदों का उपयोग होगा, लेकिन इसके बाद क्षेत्ररक्षण करने वाली टीम को 35वें से 50वें ओवर तक एक गेंद लेनी होगी। यदि मैच 25 ओवरों या उससे कम का हो, तो केवल एक नई गेंद का उपयोग होगा। यह नियम 2 जुलाई 2025 से श्रीलंका और बांग्लादेश के बीच कोलंबो में शुरू होने वाली एकदिवसीय सीरीज से लागू होगा।

इसके अलावा, आईसीसी ने कन्कशन सब्स्टीट्यूट नियमों में भी बदलाव की घोषणा की है। अब टीमें मैच शुरू होने से पहले रैफरी को 5 खिलाड़ियों की सूची सौंपेंगी, जिसमें एक विकेटकीपर, बल्लेबाज, तेज गेंदबाज, स्पिनर और ऑलराउंडर शामिल होंगे। यह नियम खिलाड़ियों की सुरक्षा और खेल की निष्पक्षता को बढ़ाने के लिए लाया गया है। ये नियम टेस्ट क्रिकेट में 17 जून से श्रीलंका और बांग्लादेश के बीच गाले में शुरू होने वाले टेस्ट मैच से लागू होंगे, जबकि टी20आई में बदलाव 10 जुलाई से प्रभावी होंगे। हालांकि, 11 जून से लॉर्ड्स में ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के बीच होने वाला विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल वर्तमान नियमों के तहत ही खेला जाएगा।

शुभमन को कप्तान बनाये जाने का फैसला सही - धवन

नई दिल्ली। पूर्व सलामी बल्लेबाज शिखर धवन ने इसी माह होने वाले इंग्लैंड दौरे के लिए युवा बल्लेबाज शुभमन गिल को टेस्ट कप्तान बनाने को सही फैसला बताया है। वहीं कुछ पूर्व क्रिकेटरों ने इसपर सवाल उठाये थे और कहा था कि शुभमन की तो टीम में जगह भी पक्की नहीं है। ऐसे में उन्हें कैसे कप्तान बनाया जा सकता है। इसके अलावा कहा था कि टेस्ट में अब तक उनकी बल्लेबाजी अच्छी नहीं रही है। चयन समिति ने रोहित शर्मा और विराट कोहली के टेस्ट से संन्यास के बाद यह शुभमन को टीम की कप्तान सौंपी थी और कहा था कि भविष्य को देखते हुए ये फैसला किया गया है। धवन ने कहा, मुझे लगता है कि यह एक अच्छा विकल्प है। शुभमन ने हाल ही में आईपीएल में अच्छा प्रदर्शन किया है। वह एक शानदार और परिपक्व खिलाड़ी हैं और कई साल से भारतीय टीम के लिए खेल रहे हैं। मुझे लगता है कि वह टेस्ट कप्तानी संभालने के लिए सही विकल्प हैं। मुझे भरोसा है कि वह अपनी जिम्मेदारी अच्छी तरह से संभालेगा और टीम का नेतृत्व करेगा। यह अब नई पीढ़ी है जिससे काफी उम्मीदें है। इसके साथ ही धवन ने कहा कि मुंबई इंडियंस एक संतुलिन टीम है जो खिताब जीत सकती है। । उन्होंने कहा, इस बार आईपीएल बहुत रोमांचक रहा है। फाइनल के लिए मेरा समर्थन मुंबई इंडियंस के साथ होगा। मुंबई इंडियंस की टीम काफी अच्छा खेल रही है। ये बहुत संतुलित हैं। जिस तरह से उसने शुरुआत झटकों के बाद गति प्राप्त की है वह शानदार है और इसी लिए मैंने उसका समर्थन किया है।

जेमी ओवरटन चोटिल होकर वेस्टइंडीज दौरे से बाहर, इंग्लैंड को बड़ा झटका

एजबेस्टन। इंग्लैंड क्रिकेट टीम को वेस्टइंडीज दौरे के बीच एक बड़ा झटका लगा है। इंग्लैंड के तेज गेंदबाज ऑलराउंडर जेमी ओवरटन हाथ की उंगली में चोट के चलते वनडे और टी20 सीरीज के शेष मुकाबलों से बाहर हो गए हैं। यह चोट उन्हें एजबेस्टन में खेले गए पहले वनडे मुकाबले के दौरान लगी, जब उन्होंने एक रिटर्न कैच पकड़ने की कोशिश की। इंग्लैंड ने उस मुकाबले में वेस्टइंडीज को 238 रन से करारी शिकस्त दी थी, लेकिन जीत के बावजूद ओवरटन की चोट टीम के लिए परेशानी का कारण बन गई है। इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड ने शनिवार को एक आधिकारिक बयान जारी करते हुए बताया कि अब ओवरटन टीम से अलग होकर इंग्लैंड की मेडिकल टीम की निगरानी में रिहैबिलिटेशन प्रक्रिया से गुजरेंगे। बोर्ड ने साफ कर दिया है कि वनडे टीम में उनकी जगह किसी खिलाड़ी को शामिल नहीं किया जाएगा। टीम के पास मैथ्यू पॉट्स और ल्यूक वुड जैसे विकल्प रिजर्व के रूप में मौजूद हैं, जबकि स्पिन विकल्प के रूप में टॉम हार्टले पर भी विचार किया जा सकता है। 31 वर्षीय जेमी ओवरटन ने पिछले साल ही वनडे क्रिकेट में डेब्यू किया था और अब तक उन्होंने कुल छह वनडे मुकाबले खेले हैं, जिसमें उन्होंने सात विकेट हासिल किए हैं। इसके अलावा उन्होंने 12 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 11 विकेट अपने नाम किए हैं। टेस्ट क्रिकेट की बात करें तो उन्होंने वर्ष 2022 में न्यूजीलैंड के खिलाफ पदार्पण किया था, लेकिन इसके बाद उन्हें एक भी टेस्ट खेलने का मौका नहीं मिल पाया है। जेमी ओवरटन की गिनती इंग्लैंड के उन तेज गेंदबाजों में होती है जो अपनी रफ्तार के साथ-साथ बल्लेबाजी में भी टीम को गहराई प्रदान करते हैं। उनका कद 6 फीट 5 इंच है और वह गेंद को स्विंग कराने की क्षमता रखते हैं। हाल ही में हुए आईपीएल 2025 की नीलामी में चेन्नई सुपर किंग्स ने उन्हें 1.5 करोड़ रुपये में अपनी टीम में शामिल किया था। आईपीएल में उन्होंने कुल तीन मुकाबले खेले, हालांकि उन्हें सिर्फ छह ओवर ही गेंदबाजी करने का मौका मिला। वेस्टइंडीज के खिलाफ मौजूदा वनडे सीरीज में खेलने से पहले ओवरटन चेन्नई सुपर किंग्स के साथ आईपीएल का हिस्सा थे। चोट के चलते अब वह न केवल वनडे सीरीज के बचे हुए मैचों से बल्कि आगामी टी20 मुकाबलों से भी बाहर हो चुके हैं, जो इंग्लैंड के लिए एक गंभीर चिंता का विषय बन गया है।

बुमराह ने वर्कलोड और जिंदगी को लेकर कही दिल की बात

नई दिल्ली। भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने हाल ही में पूर्व ऑस्ट्रेलियाई कप्तान माइकल क्लार्क के पॉडकास्ट 'बियॉन्ड 23' में अपने करियर, फिटनेस, पारिवारिक जीवन और वर्कलोड मैनेजमेंट को लेकर खुलकर बातचीत की। इस दौरान उन्होंने साफ कहा कि उनके लिए क्रिकेट से ज्यादा उनका परिवार अहम है। बुमराह ने कहा, मेरे लिए परिवार मेरे करियर से कहीं ज्यादा महत्वपूर्ण है क्योंकि यह एक स्थायी रिश्ता है।

मैं दो चीजों को बेहद गंभीरता से लेता हूं एक है मेरा परिवार और दूसरा मेरा खेल, लेकिन इनमें भी परिवार पहले आता है।÷ उन्होंने आगे बताया कि उनके बेटे ने अभी से गेंद से खेलना शुरू कर दिया है, हालांकि यह समय इसके लिए उपयुक्त नहीं है।बुमराह की इस बातचीत के पीछे की एक अहम वजह हालिया चयन विवाद भी है। इंग्लैंड दौरे के लिए उन्हें कप्तानी का प्रबल दावेदार माना जा रहा था, लेकिन फिटनेस और वर्कलोड मैनेजमेंट को ध्यान में रखते हुए चयनकर्ताओं ने शुभमन गिल को कप्तान बनाने का फैसला किया। चयन समिति के अध्यक्ष अजीत अगरकर ने स्क्वॉड की घोषणा के समय यह स्पष्ट किया था कि बुमराह पांचों टेस्ट नहीं खेलेंगे। अपनी फिटनेस को लेकर बुमराह ने कहा, ÷किसी भी खिलाड़ी के लिए लंबे समय तक लगातार खेलते रहना मुश्किल होता है। मैंने यह लंबे समय तक किया है, लेकिन अब यह समझना जरूरी हो गया है कि शरीर किस दिशा में जा रहा है और कौन सा टूर्नामेंट अहम है। आपको स्मार्ट होकर तय करना पड़ता है कि कहां खेलना है और कहां आराम करना है। बुमराह ने यह भी कहा कि वह कभी भी आंकड़ों या लक्ष्यों के पीछे नहीं भागते, क्योंकि जब भी उन्होंने ऐसा किया, वह उन्हें पूरा नहीं कर पाए। उन्होंने कहा, मैं हमेशा मैदान पर पूरी ताकत झोंकता हूं, लेकिन नंबर्स और रिकॉर्ड्स पर ध्यान नहीं देता। मेरा फोकस सिर्फ बेहतर क्रिकेट खेलने पर होता है। बुमराह की यह सोच न केवल परिपक्वता को दर्शाती है, बल्कि यह भी बताती है कि वह खेल और निजी जीवन के बीच संतुलन बनाने कितना जरूरी मानते हैं।

नासिर व एथरटन बोले, आरसीबी जीती तो कार्तिक को झेलना कठिन हो जाएगा

नई दिल्ली। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में इस बार शानदार प्रदर्शन करते हुए रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की टीम फाइनल में पहुंची है और उसके खिताब जीतने की काफी संभावनाएं हैं। इसी को लेकर इंग्लैंड के दो पूर्व क्रिकेटरों नासिर हुसैन और माइकल एथरटन ने टीम के मेंटोर दिनेश कार्तिक को लेकर मजाकिया अंदाज में काहा कि अगर आरसीबी जीती तो कार्तिक को झेलना कठिन हो जाएगा। आरसीबी करीब एक दशक के बाद खिताबी मुकाबले में पहुंची है। इसलिए टीम के क्रिकेट प्रशंसक भी चाहते हैं कि वह खिताब जीते।

नासिर ने इसी को लेकर कहा कि अगर कार्तिक मेंटोर के तौर पर अपने पहले ही कार्यकाल में टीम को जीत दिला देते हैं तो कार्तिक का सामना करना कठिन हो जाएगा। पिछले सीजन में आईपीएल से संन्यास लेने वाले कार्तिक को इसी साल टीम का मेंटोर बनाया या था। आईपीएल 2025 की नीलामी के दौरान टीम को एकजुट करने में उन्होंने अहम भूमिका निभाई थी।

इंग्लैंड के पूर्व कप्तान ने कहा आरसीबी फाइनल में पहुंच गई है। अगर वे इस बार जीत जाते हैं, तो कार्तिक से बात करना भी कठिन होगा। मेंटर के तौर पर वह पहले ही सत्र में अपनी टीम को जीत दिलाने वाले कोच बन जाएंगे। साथ ही कहा, ये और लोगों के लिए बेहद कठिन होगा। आईपीएल के दूसरे क्वालीफायर की विजेता से आरसीबी फाइनल खेलेगी।

साई सुदर्शन का काउंटी कनेक्शन, आजमाया आईपीएल 2025 में

नई दिल्ली। आईपीएल 2025 में सबसे अधिक रन बनाने वाले गुजरात टाइटंस के बल्लेबाज साई सुदर्शन ने अपनी बैटिंग के पीछे छिपे कई राज खोले हैं। सुदर्शन ने बताया कि उनकी बल्लेबाजी में इंग्लैंड में खेले गए काउंटी क्रिकेट का बड़ा योगदान है। काउंटी क्रिकेट के कुछ मैच खेलने के बाद उन्हें समझ आया कि बल्लेबाजी में बेसिक्स यानी बुनियादी तकनीक सबसे अहम होती है। इस अनुभव ने उन्हें इंग्लैंड के अपने पहले टेस्ट दौरे से पहले आत्मविश्वास भी दिया है।

आईपीएल 2025 में साई सुदर्शन ने 15 मैचों में 54.21 की औसत से कुल 759 रन बनाए और वे ऑरेंज कैप की दौड़ में सबसे आगे हैं। हालांकि, उनकी इस बेहतरीन फार्म के बावजूद गुजरात टाइटंस एलिमिनेटर मैच में मुंबई इंडियंस से हार गई और टूर्नामेंट से बाहर हो गई। अब सुदर्शन का फोकस भारतीय रेड बॉल क्रिकेट पर है। उन्होंने पिछले सीजन में इंग्लिश काउंटी टीम सरे के लिए भी कुछ मैच खेले थे, जिससे उनकी तकनीक में सुधार हुआ। बाएं हाथ के इस बल्लेबाज को छह जून से नॉर्थम्पटन में भारत ए और इंग्लैंड लायंस के बीच दूसरे मैच में खेलने की उम्मीद थी, लेकिन शेड्यूल में बदलाव के कारण यह कम हो गया है। भारतीय टेस्ट टीम छह जून को इंग्लैंड के लिए रवाना होगी। सुदर्शन ने कहा, काउंटी क्रिकेट में मैंने सात मैच खेले हैं, जिससे मेरी तकनीक और बुनियादी बातें बेहतर हुई हैं।

या कप्तान बनते ही शुभमन गिल में आई अकड़?

- नहीं मिलाया हार्दिक पंड्या से हाथ

नई दिल्ली। आईपीएल 2025 के एलिमिनेटर मुकाबले में कड़ी टक्कर देने के बावजूद गुजरात टाइटंस मुंबई इंडियंस को हराने में सफल नहीं हो पाए। मुंबई ने मुल्लांपुर में खेले गए इस मैच में गुजरात को 20 रनों से मात दी। 229 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए गुजरात टाइटंस 6 विकेट खोकर 208 रन ही बना सकी। अब मुंबई का मुकाबला फाइनल में पंजाब किंग्स से होगा, जबकि गुजरात को अगली बार नई शुरुआत करनी होगी।

मगर इस मैच में टॉस के दौरान एक ऐसा घटनाक्रम हुआ, जिसने सोशल मीडिया पर खूब चर्चा बटोरी। गुजरात के कप्तान शुभमन गिल ने मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पंड्या से बिना हाथ मिलाए आगे बढ़ना पसंद किया। हार्दिक पंड्या ने हाथ मिलाने की कोशिश की, लेकिन शुभमन गिल ने उससे बचते हुए यह मौका अनदेखा कर दिया। इस नजारे की वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गई और फैंस के बीच अलग-अलग प्रतिक्रियाएं आईं। इस घटना को लेकर कई यूजर्स ने गिल की आलोचना की, तो कुछ ने हार्दिक पंड्या के व्यवहार पर सवाल उठाए। गौरतलब है कि दोनों खिलाड़ी पहले आईपीएल में गुजरात टाइटंस के लिए खेलते थे। हार्दिक पंड्या गुजरात के कप्तान थे, लेकिन बाद में मुंबई इंडियंस में शामिल होने के बाद शुभमन गिल को गुजरात की कप्तानी सौंपी गई। टीम अगले महीने इंग्लैंड के चुनौतीपूर्ण दौरे पर जाएगी। रोहित शर्मा ने सीरीज से पहले टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले लिया है, जिसके बाद शुभमन गिल को टेस्ट टीम की कप्तानी मिली है। इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट सीरीज 20 जून से शुरू होगी, जो 4 अगस्त को समाप्त होगी।शुभमन गिल पर नए कर्तव्यों और दबावों का दायरा भी बढ़ गया है।

दिल्ली कैपिटल्स के आशुतोष ने इंग्लैंड में खेली शतकीय पारी

नई दिल्ली। दिल्ली कैपिटल्स के आक्रामक बल्लेबाज आशुतोष शर्मा ने इंग्लैंड में डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट प्रतियोगिता में विगन क्रिकेट क्लब की ओर से खेलते हुए केवल 70 गेंदों में ही शतक लगा दिया। आशुतोष कैपिटल्स टीम के आईपीएल 2025 के प्लेऑफ में नहीं पहुंच पाने के बाद ही इंग्लैंड चले गये थे। आशुतोष को विगन क्रिकेट क्लब ने लिवरपूल और डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए शामिल किया है। यह इंग्लैंड की ईसीबी प्रीमियर लीग का हिस्सा है। अपने पहले ही मैच में उन्होंने नंबर 5 पर बल्लेबाजी करते हुए फॉर्मबी क्रिकेट क्लब के खिलाफ आक्रामक शतक लगाया। आशुतोष ने 73 गेंदों पर ही 100 रन बना दिये।

उन्होंने सलामी बल्लेबाज अवीन दलुगोड के साथ मिलकर शतकीय साझेदारी कर 153 रन बनाये। आशुतोष ने 8 चौके और 6 छक्के लगाए और 136.99 की स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी की पर उनके आउट होते ही टीम फिर से मुश्किल में फंस गयी। आशुतोष शनिवार सुबह ही इंग्लैंड पहुंचे थे। उन्होंने पिछले आईपीएल सत्र में भी पंजाब किंग्स से फिनिशर की भूमिका निभाते हुए 167.25 की स्ट्राइक रेट से 189 रन बनाए थे। इस बार वह दिल्ली कैपिटल्स से उतरे और उन्होंने 29.14 की औसत और 160.62 की स्ट्राइक रेट से 204 रन बनाए।

आशुतोष ने अब तक 14 लिस्ट ए मैच और 44 टी20 मैच खेले हैं पर अभी तक पेशेवर सफेद गेंद क्रिकेट में शतक नहीं लगाया है।

रबाडा बोले, नशीली दवाओं के सेवन की गलती के लिए अपने को माफ नहीं करुंगा

नई दिल्ली । दक्षिण अफ्रीकी तेज गेंदबाज कैगिसो रबाडा ने कहा है कि वह नशीली दवाओं के सेवन के लिए शर्मिंदा हैं। नशीली दवाओं के सेवन के कारण ही रबाडा पर अप्रैल में एक माह का प्रतिबंध लगा दिया गया था। जिसके बाद रबाडा स्वदेश लौट गये थे। आईपीएल के दौरान ही उन्होंने अपनी गलती मान ली इस कारण उनपर लीग ने अपनी ओर से कोई प्रतिबंध नहीं लगाया।

रबाडा ने कहा, ÷मैं फिर से वापसी कर उत्साहित हूं। प्रतिबंध की इस प्रक्रिया को बहुत अच्छे से संभाला गया. मुझे लगता है कि एक खिलाड़ी और एक इंसान के तौर पर लोगों के अलग-अलग विचार होते हैं। मैं इसके साथ जी सकता हूं। कुछ लोग ऐसे भी हैं जो निराश हुए होंगे और मैं उन लोगों के लिए दुखी हूं। मेरे सबसे करीबी लोग वे हैं जिन्हें मैंने निराश किया पर जीवन इसी प्रकार आगे बढ़ता रहता है। रबाडा ने साथ ही कहा,÷ मैं अपनी इस गलती को कभी भी माफ नहीं करूंगा। कुछ लोग ऐसे हैं जो मेरे टीम के साथी हैं। मैंने उनसे पहले ही बात कर ली है और मुझे लगता है कि जब हम लंबे समय तक साथ मिलेंगे तो हम इस बारे में और विस्तार से बात कर सकते हैं।÷

प्रतिबंध के कारण ही गुजरात टाइटन्स टीम को उन्हें सत्र के बीच में ही छोड़ना पड़ा था हालांकि इसकी उनके स्वदेश लौटने की जानकारी तब हुई जब वह प्रतिबंध समाप्त करने के करीब थे। वह 11 से 15 जून तक लॉर्ड्स में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होने वाले फाइनल मैच में खेलेंगे।

दक्षिण अफ्रीका टीम इस प्रकार है - टेम्बा बावुमा (कप्तान), टोनी डी ज़ोरज़ी, एडेन मार्करम, वियान मुल्डर, मार्को जेनसन, कागिसो रबाडा, केशव महाराज, लुंगी एनगिडी, कॉर्बिन बॉश, काइल वेरिन, डेविड बेडिंघम, ट्रिस्टन स्टब्स, रयान रिकेल्टन, सेनुरन मुथुसामी, डेन पैटरसन।

7 से 10 जून के बीच पहुंच सकता है मानसून



जून में लू की संभावना नहीं, केरल में दस्तक के बाद कमजोर पड़ा मानसून

नौतपा में आंधी-बारिश का दौर जारी है। प्रदेश में जून महीने में लू की संभावना नहीं है। आज भी कई हिस्सों में बूंदाबांदी का अलर्ट जारी किया गया है। जबकि कई जगहों पर दिन का तापमान बढ़ेगा। वहीं कई जिलों में 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चल सकती है। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि मध्य प्रदेश में मानसून 7 से 10 जून के बीच प्रवेश कर सकता है। यदि पिछले 10 साल के आंकड़ों पर नजर डालें तो मानसून के एंटर होने से पहले प्रदेश में तेज गर्मी का असर रहता है। सबसे ज्यादा ग्वालियर-चंबल गर्म रहता है, जबकि भोपाल, इंदौर और उज्जैन संभाग भी जमकर तपते हैं। जून के आखिरी दिनों में ही टेम्प्रेचर से थोड़ी राहत मिलने लगती है। हालांकि, जून में रात का टेम्प्रेचर 8 से 10 डिग्री तक लुढक़ जाता है। अबकी बार भी ऐसा ही मौसम रहने का अनुमान है।मौसम विभाग के मुताबिक रीवा सतना, सीधी, सिंगरौली, इंदौर, उज्जैन, ग्वालियर, निवाड़ी, टीकमगढ़, छतरपुर, श्योपुर, शिवपुरी, दतिया, भिंड, मुरैना, गुना, अशोकनगर, राजगढ़, शाजापुर, देवास, आगर-मालवा, नीमच, मंदसौर, रतलाम, झाबुआ, धार, अलीराजपुर, रीवा और मऊगंज, में तेज आंधी के साथ बारिश का अलर्ट जारी किया है। इस दौरान आंधी की रफ्तार 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटा तक हो सकती है।

पूरे में महीने हुई बारिश, 53 जिले भीगे

पूरे मई महीने में मध्यप्रदेश में एक भी दिन ऐसा नहीं रहा, जब प्रदेश के किसी न किसी जिले में आंधी-बारिश न हुई हो। एमपी में ऐसा पहली बार हुआ। भोपाल, इंदौर, उज्जैन, ग्वालियर-जबलपुर समेत कुल 53 जिले भीग गए। सिर्फ निवाड़ी ही ऐसा जिला रहा, जहां बूंदाबांदी तो हुई, लेकिन दर्ज नहीं हो सकी। दूसरी ओर, मई महीने में बारिश के कई रिकॉर्ड भी टूटे। इंदौर में 139 साल में सबसे ज्यादा 4.6 इंच पानी गिरा। वहीं, उज्जैन में सबसे ज्यादा बारिश का ओवरऑल रिकॉर्ड बना। मई के आखिरी दिन भी उमरिया और बालाघाट जिले में बारिश हुई। इसे मिलाकर इस महीने करीब 2 इंच पानी गिर गया, जो सामान्य बारिश से 7 गुना अधिक है। इस महीने की सामान्य बारिश 7 मिमी है।

किसानों को ई कृषि यंत्र पोर्टल से है अनुदान की सुविधा

रीवा (कीर्तिप्रभा) कृषि को उन्नत बनाने के लिए कृषि विभाग की विभिन्न योजनाओं के माध्यम से किसानों को लाभान्वित किया जा रहा है। खेती से जुड़े उपकरणों की खरीद पर किसानों को उनकी पात्रता के अनुसार ई कृषि यंत्र पोर्टल के माध्यम से अनुदान की सुविधा दी जा रही है। ई कृषि यंत्र पोर्टल पर पंजीयन कराने के बाद किसान ट्रैक्टर, पावर टिलर सहित सभी तरह के शक्ति चालित एवं स्वचलित कृषि यंत्रों पर अनुदान का लाभ ले सकते हैं। पोर्टल के माध्यम से बिजली एवं डीजल से चलने वाले सिंचाई पंप, ड्रिप सिस्टम, स्प्रिंकलर, रेनगन तथा सिंचाई पाइपलाइन के लिए भी अनुदान की भी व्यवस्था है।

इस संबंध में उप संचालक कृषि यूपी बागरी ने बताया कि ई कृषि यंत्र पोर्टल पर पंजीयन कराने के लिए किसान के यूआईडीएआई आधार पंजीयन में अधिकृत फिंगर प्रिंट स्केनर डिवाइस के माध्यम से पंजीयन की सुविधा दी गई है। आधार कार्ड और स्वयं की फोटो अपलोड करके भी किसान पंजीयन की सुविधा प्राप्त कर सकते हैं। पंजीयन के साथ-साथ किसान को अनुदान का लाभ लेने के लिए निर्धारित प्रपत्र में घोषणा पत्र देना होगा। जिसमें इस बात का उल्लेख रहेगा कि गत वर्षों में निर्धारित अवधि में किसान को अनुदान का लाभ नहीं मिला है। पंजीयन होते ही किसान को कृषि सामग्री के लिए जिले और आसपास के क्षेत्र में उपलब्ध अधिकृत विक्रेताओं की सूची पोर्टल पर उपलब्ध हो जाएगी। किसान के पंजीकृत मोबाइल पर एसएमएस के माध्यम से पंजीयन की जानकारी तथा विशेष कोड प्राप्त होगा। इस कोड के माध्यम से डीलर के यहाँ किसान का आवेदन पत्र खुलेगा। किसान पंजीयन का प्रिंट आउट और विक्रेताओं की सूची प्राप्त कर सकते हैं। इन अधिकृत विक्रेताओं में से किसान अपनी पसंद तथा कृषि उपकरण का मोलभाव करके विक्रेता का चुनाव कर सकते हैं। पंजीयन के बाद किसान को अधिकतम 10 दिन की समय सीमा में उपकरण खरीदना होगा। समय सीमा पूरी होने पर पंजीयन अपने आप निरस्त हो जाएगा। साथ ही किसान अगले 6 माह के लिए पंजीयन से अपात्र हो जाएगा। पोर्टल के माध्यम से किसान एक साल में केवल दो उपकरणों के लिए आवेदन कर सकता है। एक ही उपकरण को खरीदने का लाभ पुन- लेने के लिए पोर्टल में समय सीमा तय है। स्वचलित और शक्ति चलित पंप में पाँच साल तथा शेष सिंचाई पंप, ड्रिप सिस्टम, स्प्रिंकलर, रेनगन तथा सिंचाई पाइप विद्युत एवं डीजल पंप में सात साल में एक बार खरीदने का लाभ मिलेगा।

आपदा प्रबंधन की तैयारी बैठक आज

रीवा (कीर्तिप्रभा). कलेक्ट्रेट सभागार में 2 जून को आपदा प्रबंधन की तैयारी बैठक आयोजित की गई है। बैठक में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल बाढ़ नियंत्रण एवं आपदा प्रबंधन की तैयारियों की विभागवार समीक्षा करेंगी। बैठक साप्ताहिक टीएल बैठक के बाद आरंभ होगी। सभी संबंधित अधिकारियों से बैठक में उपस्थित रहने का अनुरोध किया गया है।

कलेक्टर आज करेंगी टीएल पत्रों की समीक्षा

रीवा (कीर्तिप्रभा). कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल 2 जून को कलेक्ट्रेट सभागार में सुबह 11 बजे से आयोजित बैठक में टीएल पत्रों की समीक्षा करेंगी। बैठक में सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण, जल गंगा संवर्धन अभियान, पेयजल व्यवस्था तथा मुख्यमंत्री जी के 4 जून को प्रस्तावित दौरे की तैयारियों की भी समीक्षा की जायेगी। सभी संबंधित अधिकारियों को बैठक में उपस्थित रहने के निर्देश दिये गये हैं।

ईकेवायसी में लापरवाही पर सेल्समैन निलंबित

रीवा (कीर्तिप्रभा) शासकीय उचित मूल्य दुकान अमाव के सेल्समैन जवाहरलाल नापित को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने के आदेश दिये गये हैं। खाद्य सुरक्षा योजना के हितग्राहियों की ईकेवायसी कराने में रूचि न लेने तथा लापरवाही बरतने पर यह कार्यवाही की गयी है। इस संबंध में आपूर्ति नियंत्रक कमलेश ताण्डेकर ने बताया कि निलंबन अवधि में श्री नापित का मुख्यालय सेवा सहकारी समिति अमाव रहेगा। खाद्यान वितरण एवं अन्य कार्यों के लिए उचित मूल्य दुकान अमाव का प्रभार सेल्समैन ओमप्रकाश मिश्रा उचित मूल्य बराखुर्द को दिया गया है।

गहरी जुताई और खरपतवार नष्ट करने के लिए उपयोगी है रोटावेटर

रीवा (कीर्तिप्रभा). ग्रामीण अर्थव्यवस्था का आधार खेती है। खेती के आधुनिकीकरण के साथ इसका तेजी से यंत्रीकरण हो रहा है। अब खेतों की जुताई लगभग शत-प्रतिशत ट्रैक्टरों के माध्यम से होती है। ट्रैक्टर से संचालित कई कृषि उपकरण किसानों के लिए बहुत उपयोगी हैं। इस संबंध में उप संचालक कृषि यूपी बागरी ने बताया कि ट्रैक्टर के माध्यम से चलने वाला रोटावेटर और रोटरी टिलर्स खेतों की गहरी जुताई और खरपतवार नष्ट करने के लिए बहुत उपयोगी है। रोटावेटर से किसान अपनी सुविधा और उपयोगिता के अनुसार जुताई की गहराई का निर्धारण कर सकते हैं। इसके उपयोग से नरवाई तथा अन्य खरपतवार छोटे-छोटे टुकड़ों में बंटकर मिट्टी में मिल जाते हैं। बारिश के बाद इनसे मिट्टी के लिए बहुत उपयोगी हरी खाद तैयार होती है जिससे मिट्टी की उर्वरता और जलधारण क्षमता में वृद्धि होती है। धान की रोपाई के लिए खेत को समतल करने और पडलिंग के लिए भी रोटावेटर का उपयोग किया जा सकता है। रोटावेटर का उपयोग 35 हार्सपावर से 55 हार्सपावर तक के ट्रैक्टर में सबसे कारगर होता है। रोटावेटर से सामान्य रूप में तीन घण्टे में एक हेक्टेयर के खेत में जुताई का कार्य हो जाता है। बाजार में रोटावेटर के कई माडल उपलब्ध हैं। किसान अपनी सुविधा के अनुसार इनका उपयोग कर सकते हैं। कृषि विभाग द्वारा रोटावेटर के लिए अनुदान की भी सुविधा उपलब्ध है।

कलेक्टर मऊगंज ने जन शिक्षक को किया निलंबित

रीवा (कीर्तिप्रभा) कलेक्टर मऊगंज संजय कुमार जैन ने जन शिक्षक शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पहाड़ जगन्नाथ साकेत को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने के आदेश दिए हैं। यह कार्यवाही मध्यप्रदेश सिविल सेवा वर्गीकरण नियंत्रण एवं अपील नियम 1966 के तहत की गई है। जन शिक्षक श्री साकेत द्वारा सार्वजनिक कार्यक्रम के मंच पर अमर्यादित आचरण करने तथा नृत्य करने वाली महिला पर पैसे फेकते हुए अभद्र तरीके से नृत्य करने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इसकी एसडीएम हनुमना से जाँच कराये जाने पर वीडियो प्रथम दृष्टया सही पाया गया है। जिसके कारण यह कार्यवाही की गई है। निलंबन अवधि में श्री साकेत का मुख्यालय जनपद शिक्षा केन्द्र हनुमना रहेगा। उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता देय होगा।

स्टापडैम का निरीक्षण करने के मऊगंज कलेक्टर के निर्देश

रीवा (कीर्तिप्रभा). आगामी वर्षा ऋतु में संभावित जल भराव से डैम ओवरफ्लो अथवा बाढ़ जैसी आपात परिस्थितियों से बचाव हेतु जिले अन्तर्गत स्थित समस्त स्टाप डैमों का सतत निरीक्षण कर उन्हें समयबद्ध रूप से वर्षा प्रारंभ होने के पूर्व खोले जाने की कार्यवाही सुनिश्चित किये जाने के निर्देश कलेक्टर मऊगंज संजय कुमार जैन द्वारा दिये गये हैं। उन्होंने कहा है कि प्रत्येक स्टाप डैम की तकनीकी स्थिति का परीक्षण कर आवश्यक मरम्मत एवं रखरखाव का कार्य शीघ्र पूर्ण करें तथा समस्त स्टाप डैम 10 जून तक अनिवार्य रूप से खोले जांय। उन्होंने आपसी समन्वय से समस्त कार्यवाही संपादित करने के निर्देश देते हुए कहा कि इस कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नहीं होगी।

जल जीवन मिशन के कार्यों का संयुक्त सचिव ने किया स्थल निरीक्षण

रीवा (कीर्तिप्रभा) भारत सरकार की संयुक्त सचिव फरीदा एम नायक ने जल जीवन मिशन के कार्यों का स्थल निरीक्षण किया। उन्होंने इंटेकबेल तथा डब्ल्यूटीपी का भ्रमण कर प्रगतिरत कार्यों की जानकारी ली। जल जीवन मिशन अन्तर्गत रीवा बाणसागर एवं टमस समूह जल प्रदाय योजना के कार्यों के निरीक्षण के दौरान संयुक्त सचिव ने आवश्यक निर्देश देते हुए कार्य को गति देने की बात कही। उन्होंने जल शोधन संयंत्र, पाइपलाइन क्लोरीनेशन टैंक, कैमिकल फिल्टरेशन सेक्शन, स्टोर तथा सप्लाई लाइन का निरीक्षण किया तथा अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। भ्रमण के दौरान उन्होंने व्हीडब्ल्यूएससी की बैठक में एसटी के महिलाओं से चर्चा की। इस दौरान जल निगम के महाप्रबंधक चित्रांशु, प्रबंधक नीतेश सिंह, प्रबंधक जन सहभागिता डॉ. नंद किशोर पचौरी तथा एफक्यूसीटीपीआई के टीएल व डीडीएल उपस्थित रहे।

किसान फसलों में उर्वरकों का संतुलित उपयोग करें - उप संचालक कृषि

किसानों को डीएपी के स्थान पर एनपीके के उपयोग की सलाह

रीवा (कीर्तिप्रभा) . जिले के कृषकों को सलाह दी गई है कि वह डीएपी के स्थान पर एनपीके उर्वरकों का प्रयोग करें। कृषि वैज्ञानिकों ने अपनी सलाह में कहा है कि डीएपी में केवल दो तत्व नाइट्रोजन व फास्फोरस प्राप्त होते हैं। जबकि एनपीके उर्वरक से फसलों के लिए आवश्यक सभी तीन मुख्य पोषक तत्वों नत्रजन, स्फुर एवं पोटाश की उपलब्धता होती हैं। इस प्रकार एनपीके उर्वरक से नत्रजन एवं स्फुर के अलावा पौधों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण तत्व पोटाश की पूर्ति किसान भाई सफलतापूर्वक कर सकते हैं। अत- एनपीके उर्वरक का प्रयोग करने पर किसान भाईयों को अलग से पोटाश डालने की जरूरत नहीं पड़ती है व लागत में कमी आती है। उप संचालक कृषि यूपी बागरी ने किसान भाईयों के लिए डीएपी के स्थान पर एनपीके खाद का उपयोग करने की सलाह दी है।

उप संचालक ने कहा है कि फसलों में उर्वरकों का संतुलित उपयोग लाभदायक होता है। डीएपी के स्थान पर सिंगल सुपर फास्फेट और एनपीके का उपयोग अधिक लाभदायी है। इससे जमीन को सल्फर की प्राप्ति होती है। सिंगल सुपर फास्फेट का उपयोग खेत की तैयारी के समय किया जाता है। जिससे यह फसलों में अधिक कारगर रहता है। डीएपी में उपलब्ध 18 प्रतिशत नाइट्रोजन में से केवल 15 प्रतिशत नाइट्रोजन तथा 46 प्रतिशत फास्फोरस में से 39 प्रतिशत फास्फोरस पानी में घुलकर मिट्टी को प्राप्त होता है। शेष फास्फोरस मिट्टी में जमा हो जाता है जिससे मिट्टी कठोर हो जाती है। इसकी जल धारण क्षमता घटती है। उप संचालक ने बताया है कि आगामी फसल में शंकर धान एवं शंकर मक्का के लिए नाइट्रोजन, फास्फोरस एवं पोटाश एनपीके खाद का उपयोग अधिक लाभकारी होगा। दलहन एवं तिलहन फसलों में 80-40-30 एनपीके तथा सल्फर का उपयोग लाभदायी होगा। उप संचालक ने बताया है कि किसान नैनो तकनीक पर आधारित खाद का भी उपयोग कर सकते हैं। फसलों के लिए 20 प्रतिशत नाइट्रोजन से युक्त नैनो यूरिया तथा 8 प्रतिशत नाइट्रोजन एवं 16 प्रतिशत फास्फोरस से युक्त नैनो डीएपी उपलब्ध है। इनके निर्धारित मात्रा में उपयोग से फसलों को संतुलित मात्रा में पोषक तत्व प्राप्त होते हैं। सामान्य तौर पर एक स्वस्थ पौधे में नाइट्रोजन की मात्रा 1.5 से 4 प्रतिशत तक होती है। फसलों की बढ़वार की स्थिति में इनमें नैनो यूरिया एवं नैनो डीएपी का पत्तियों में छिड़काव करने से पौधों को कारगर तरीके से नाइट्रोजन और फास्फोरस की उपलब्धता हो जाती है। इनके उपयोग से पैदावार में वृद्धि होती है तथा मिट्टी के स्वास्थ्य में भी सुधार होता है। नैनो यूरिया की 500 मिलीलीटर की बोतल 225 रुपए में तथा नैनो डीएपी की 500 मिलीलीटर की बोतल 600 रुपए में मिल रही है। इसकी कीमत एक बोरी खाद से लगभग आधी है। जबकि इसका असर एक बोरी खाद से भी अधिक है। इसलिए नैनो यूरिया और नैनो डीएपी का उपयोग

संभागीय दल कर रहे जल गंगा संवर्धन अभियान के कार्यों का निरीक्षण

रीवा (कीर्तिप्रभा) संभाग के सभी जिलों में 30 मार्च से जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है। कमिश्नर बीएस जामोद ने अभियान के तहत किये जा रहे कार्यों और निर्माण कार्यों की निगरानी के लिए 6 संभाग स्तरीय अधिकारियों के दल तैनात किये हैं। इन दलों द्वारा भ्रमण करके जल गंगा संवर्धन अभियान का जायजा लिया जा रहा है। गत दिवस संयुक्त संचालक पशुपालन डॉ. राजेश मिश्रा, परिवहन अधिकारी मनीष त्रिपाठी एवं आपूर्ति नियंत्रक ने सतना जिले के रामपुर बघेलान विकासखण्ड एवं मैहर जिले के अमरपाटन विकासखण्ड में जल संरक्षण कार्यों का जायजा लिया। दल ने खेत तालाब निर्माण तथा कुंए में रिचार्ज पिट निर्माण का अवलोकन किया। इस दल का नेतृत्व चीफ इंजीनियर लोक निर्माण विभाग संजय खाण्डे ने किया। अधीक्षण यंत्री पीएचई तथा अन्य अधिकारियों ने रीवा जिले के सिरमौर विकासखण्ड की ग्राम पंचायत बरा में चेकडैम निर्माण एवं बोरीबंधान का निरीक्षण किया। इसी दल ने सीधी जिले के मझौली विकासखण्ड के ग्राम दादर में हितग्राही सुदामा साहू के द्वारा बनाये जा रहे खेत तालाब एवं कुंए में रिचार्ज पिट का भी निरीक्षण किया गया। इसी गांव में रामचन्द्र साहू द्वारा बनाये जा रहे खेत तालाब का निरीक्षण किया गया। ग्राम दादर में गतवर्ष चेकडैम का निर्माण कराया गया था। उसमें अभी भी पर्याप्त पानी उपलब्ध है। जो

जल गंगा संवर्धन अभियान में हो रहा जल संरचनाओं का निर्माण

रीवा (कीर्तिप्रभा) जिले भर में जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत पानी को सहेजने के लिए जल संरचनाओं का निर्माण किया जा रहा है। इस संबंध में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मेहताब सिंह गुर्जर ने बताया कि अभियान के तहत मऊगंज जनपद पंचायत के ग्राम पंचायत सरैहा में खेत तालाब का निर्माण किया जा रहा है। यहां गत दिवस जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, सहायक यंत्री, गांव के सरपंच तथा स्वसहायता समूह की महिलाओं ने मिलकर जल संरक्षण के लिए रैली निकाली। कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिकीय सेवा ने त्योंथर विकासखण्ड की ग्राम पंचायत घटेहा में चल रहे अमृत सरोवर और खेत तालाब का निरीक्षण किया। उन्होंने तालाबों के निर्माण के संबंध में उपयांत्रियों को निर्देश दिये। अभियान के तहत कार्यपालन यंत्री पीएचई संजय पाण्डेय ने रीवा विकासखण्ड के ग्राम भटलों में नल जल योजना की पाइप लाइन लिकेज में सुधार कराकर पानी की आपूर्ति अनुसूचित जाति बस्ती में शुरू करायी।

तबादले के विरोध में हाईकोर्ट जा सकते हैं अधिकारी कर्मचारी

प्रदेश के सभी विभागों में तीस मई तक स्वैच्छिक और प्रशासनिक तबादलों का फैसला ले चुकी सरकार को आशंका है कि तबादले के विरोध में कई अधिकारी, कर्मचारी कोर्ट का दरवाजा खटखटा सकते हैं। ऐसे हालातों से निबटने के लिए कई विभागों ने तबादला आदेश जारी करने के पहले हाईकोर्ट में केविएट दायर कर दी है और कोर्ट से आग्रह किया है कि स्थानांतरित कर्मचारियों द्वारा कोर्ट में अपील करने के मामले में कोई फैसला देने से पहले न्यायालय सरकार के संबंधित विभाग का पक्ष भी सुने।तबादला नीति लागू हुए अब तक 28 दिन हो चुके हैं लेकिन पीडब्ल्यूडी और पीएचई विभाग के सौ से अधिक कर्मचारियों अधिकारियों के स्थानांतरण के अलावा किसी दूसरे विभाग ने तबादले की बड़ी सूची जारी नहीं की है। स्कूल शिक्षा, उच्च शिक्षा, नगरीय विकास और आवास, राजस्व, गृह, लोक स्वास्थ्य और चिकित्सा शिक्षा, पंचायत और ग्रामीण विकास, जनजातीय कार्य, ऊर्जा और जल संसाधन ऐसे विभागों में शामिल हैं जहां स्थानांतरित किए जाने वाले कर्मचारियों, अधिकारियों का प्रतिशत अधिक रहेगा।

सुरक्षा निधि बढ़ाएगा बिजली बिल का भार सालभर में तीन किश्तों में उपभोक्ताओं से वसूली जाती सुरक्षा निधि

.रीवा / भोपाल(कीर्तिप्रभा)

बिजली उपभोक्ताओं को तीन महीने तक सुरक्षा निधि का भार बिजली बिल में वहन करना पड़ेगा। यानी जून में उपभोक्ताओं को बिजली का बिल बढ़ा हुआ मिलेगा, उनकी परेशानी जुलाई और अगस्त में भी कम नहीं होगी। इसकी वजह बिजली कंपनी द्वारा लगातार तीन माह तक सुरक्षा निधि की वसूली बिल के साथ की जाना है। अब तक गर्मी में हुई ज्यादा खपत से और अब अगस्त तक बिजली बिल में सुरक्षा निधि की राशि जुडक़र आने से बिल की राशि लगभग दोगुनी होगी।
उपभोक्ता की बढ़ी हुई खपत से सुरक्षा निधि का समायोजन होगा। बीते साल करीब 20 फीसदी बिजली खपत बढ़ी है। ऐसे में अब अगले तीन माह इसी बढ़ी हुई खपत को तीन किस्तों में कंपनी आपसे वसूलेगी।
गौरतलब है कि सालभर में एक बार यह सुरक्षा निधि तीन किश्तों में उपभोक्ताओं से बिजली कंपनी द्वारा वसूली जाती है। बिजली कंपनी के अधिकारियों के अनुसार यदि किसी उपभोक्ता का बिल हर माह औसत 800 रुपए आता है तो उसे 1200 रुपए सालाना सुरक्षा निधि जमा कराना होती है, जो उसके बिल में 400-400 रुपए की तीन किश्त में जुडक़र आती है। सुरक्षा निधि की कुल राशि औसत बिल से डेढ़ गुना होती है तो इस पर 7 से 8 प्रतिशत सालाना ब्याज मिलता है। इस निधि की गणना के लिए 12 माह के बिल को जोड़ा जाता है। उस संख्या में 12 का भाग दिया जाता है, जो राशि आती है, उसमें डेढ़ का गुणा किया जाता है, जो राशि निकलती है वह सुरक्षा निधि होती है। 1 अप्रैल से 31 मार्च तक जो खपत होती है उसका औसत निकालकर 45 दिन के बराबर अमानत राशि होना चाहिए। सुरक्षा निधि प्रतिवर्ष लगाई जाती है। इसे तीन किश्तों में उपभोक्ता से लिया जाता है, तीन बिलों में इसे जोड़ा जाता है। सुरक्षा निधि पर ब्याज दिए जाने का प्रावधान है। उपभोक्ता के अकाउंट में सुरक्षा निधि जमा है तो उसके बिल में घटाव के चिन्ह के साथ राशि अंकित होती है। जमा सुरक्षा निधि पर बिजली कंपनी 7 से 8 प्रतिशत सालाना ब्याज देती है। ब्याज की राशि हर माह के बिल में घटाई जाती है। उदाहरण के तौर पर एक उपभोक्ता की 12 महीनों की औसत् मासिक खपूत 200 यूनिट है। वर्तमान टैरिफ के अनुसार, 200 यूनिट का मासिक बिल लगभग 1500 आता है। प्रतिदिन 50 रुपए की खपत हो गई। 45 दिनों में ये 2250 रुपए बनती है। अभी उपभोक्ता की 1500 रुपए सुरक्षा निधि जमा है तो अतिरिक्त 750 रुपए की तीन किस्तों में वसूली होगी। यानि अब 250 रुपए तीन माह तक अतिरिक्त जुडक़र आएंगे।

इस मरह बढ़ेगा बिजली बिल

इस माह आपके बिल में फ्यूल एंड पॉवर परचेस एडजस्टमेंट के नाम पर 4.67 फीसदी चार्ज जुड़ेगा। आगामी बिजली बिलों में उपभोक्ताओं को फ्यूल एंड पॉवर परचेस एडजस्टमेंट चार्ज भी बिल में देना होगा। बिजली बिल में ऊर्जा शुल्क का 4.67 फीसदी ये सरचार्ज जुड़ेगा। इससे 100 यूनिट पर करीब 50 रुपए अतिरिक्त राशि बिल में बढ़ जाएगी। मध्यक्षेत्र बिजली कंपनी के एमडी क्षितिज सिंघल का कहना है कि सुरक्षा निधि एडजस्टमेंट तय नियमों से होता है। उसके अनुसार ही इसे किया जाएगा। उपभोक्ताओं की राहत को देखते हुए ही इसे मानसून सीजन में तय किया जाता है। उधर, बिजली के अवैध उपयोग की सूचना देने पर सूचनाकर्ता को 10 प्रतिशत प्रोत्साहन राशि दी जा रही है। इस राशि में से पांच प्रतिशत राशि का भुगतान संबंधित सूचनाकर्ता को सूचना सही पाए जाने पर जारी किए गए अंतिम निर्धारण आदेश के तुरंत बाद किया जाएगा तथा बाकि पांच प्रतिशत राशि पूर्ण वसूली के बाद दिया जाएगा।

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक संतोष कुमार मिश्र द्वारा अदिति प्रिंटर्स, वि. वि. मार्ग खुटेही रीवा से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक-* संतोष कुमार मिश्र , * स्थानीय संपादक-योगराज तिवारी, आर.एन.आई. नं. 69841/98
प्रधान कार्यालय रीवा- फोन एवं फैक्स नं. 07662-292777,9425330073,9229876961 Email- samacharrewa@gmail.com * पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार।